सुप्रभात
रांची, रविवार
17.12.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net अगहन, शुक्ल पक्ष, पंचमी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 154
06 अब खेतों में उगेगी वैक्सीन



## न्यूज डायरी

### गिरिडीह : भीषण सड़क हादसे में तीन की मौत

**गिरिडीह।** भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गयी। घटना कोवाड़-कोडरमा पथ पर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कोदईडीह मोड़ के पास शनिवार की शाम की है। मृतकों की पहचान की जा रही है।

### संसद की सुरक्षा में सेंध के पीछे बेरोजगारी: राहुल

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि संसद सुरक्षा में चूक हुई है और इसके पीछे बेरोजगारी और महंगाई कारण हैं। सबसे बड़ा मुद्दा बेरोजगारी का मुद्दा है, जिसे लेकर पूरे देश में उबाल है।

### रतन टाटा को धमकी देनेवाला गिरफ्तार

**मुंबई।** टाटा संस के पूर्व चेयरमैन रतन टाटा को धमकी देने वाले शख्स को पुलिस ने धर दबोचा। उन्हें जान से मारने की धमकी दी गयी थी। मुंबई पुलिस ने कहा कि उसने एक एमबीएधारक का पता लगा है, जिसने रतन टाटा को धमकी भरा फोन किया था।

### विजय दिवस: पीएम ने शहीदों को किया नमन

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विजय दिवस पर उन सभी बहादुर नायकों को नमन किया, जिन्होंने 1971 में निर्णायक जीत सुनिश्चित करते हुए कर्तव्यनिष्ठा से भारत की सेवा की। पीएम ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा, उनकी वीरता और समर्पण राष्ट्र के लिए अत्यंत गौरव का स्रोत है। देश उनके साहस को सलाम करता है। रक्षा मंत्री ने दिल्ली में अमर जवान ज्योति पर जा कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की।

### गिरिडीह में 13 साइबर अपराधी गिरफ्तार

**गिरिडीह।** गिरिडीह पुलिस ने शनिवार को एक साथ 13 साइबर ठगों को दबोचा है। इनके पास से एक ब्रेजा कार, 43 सिम कार्ड, एक पासबुक, एक लाख नकदी, दो बाइक, दो पैनकार्ड, 28 मोबाइल और पांच एटीएम कार्ड जब्त किये हैं। इनमें 5 सिम कार्ड फर्जी हैं।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 58,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 77,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




## राजधानी की सड़कों पर क्रिसमस उत्सव यात्रा...


फोटो : समीर

## चाईबासा में बोले हेमंत सोरेन- बैंक के भरोसे बच्चों को नहीं छोड़ेंगे

# अब गांव से चलेगी हमारी सरकार: सीएम

**सरकार आपके द्वार**

- 15 हजार किमी ग्रामीण सड़कें बनाने का निर्णय
- 137 योजनाओं का शिलान्यास, 94 योजनाओं का उद्घाटन
- 332 लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची, चाईबासा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को कहा मेरे नेतृत्व में जब तक सरकार चलेगी सरकारी अधिकारी, पदाधिकारी एवं कर्मी आपके द्वार पहुंचकर दरवाजा खटखटाते रहेंगे। उनकी सरकार गांवों से ही चलेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड कुछ वर्ष बाद युवा राज्य बन जायेगा। अबतक इस राज्य को मजबूत हो जाना चाहिए था। राज्यवासियों के लिए पूर्व में बेहतर ढंग से कार्य किया गया होता तो आज यह राज्य समृद्ध राज्य के रूप में जाना जाता। (शेष पेज 11 पर)

### पूर्व की सरकारों ने खून चूसने का काम किया



कार्यक्रम में सीएम ने पूर्व की सरकारों पर हमला भी बोला। उन्होंने कहा कि झारखंड अलग राज्य बनने के बाद झारखंड को सरप्लस बजट दिया गया था। लेकिन विपक्ष की सरकारों ने 20 सालों में इस सरप्लस बजट को घाटे के बजट में पहुंचा दिया। आज झारखंड देश का सबसे पिछड़ा राज्य है, क्योंकि पूर्व की सरकारों ने झारखंड का खून चूसने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने लोगों से सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। हमने जो आपसे वादा किया है, उसी के अनुरूप योजनाओं को तैयार किया है। अगर ये योजनाएं उसी तरह धरातल पर उतर जाये और सभी लोग इसका लाभ ले लें तो आने वाले दिनों में झारखंड से गरीबी और पिछड़ापन जल्द ही खत्म हो जायेगा।

## केंद्र की विकास योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद में बोले मोदी

# छोटे-छोटे शहरों की नींव पर ही विकसित होगा भारत

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में शहरों की बड़ी भूमिका है। इसीलिए सरकार छोटे और मझौले शहरों के विकास पर विशेष ध्यान दे रही है। कहा कि विकसित भारत का निर्माण देशभर में छोटे-मझौले शहरों की बुनियाद पर होगा। सरकार ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्र की महिलाओं, युवाओं और अन्य कमजोर वर्गों की आर्थिक और सामाजिक तरक्की के लिए भी ठोस कदम उठाये हैं। पीएम शनिवार को पांच राज्यों- राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में विकसित भारत संकल्प यात्रा के शुभारंभ कार्यक्रम को आभासी माध्यम से संबोधित कर रहे थे। बताते चलें कि इन राज्यों में चुनाव संबंधी आचार संहिता के कारण यह यात्रा शुरू नहीं की जा सकी थी।

**2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य :** मोदी सरकार ने वर्ष 2047 तक भारत को विकासशील देश से निकालकर विकसित देशों की पंक्ति में खड़ा करने का लक्ष्य रखा है। उस समय भारत स्वतंत्रता की सौ वीं वर्षगांठ मना रहा होगा। आजादी के लंबे समय तक जो भी विकास हुआ, उसका दायरा देश के कुछ बड़े शहरों तक सीमित रहा, लेकिन आज हम टियर-टू और टियर-थ्री वाले शहरों के विकास पर बल दे रहे हैं। देश के सैकड़ों छोटे शहर ही विकसित भारत की भव्य इमारत को सशक्त करने वाले हैं। (शेष पेज 11 पर)

### मोदी की गारंटी वाली गाड़ी की कमान आपके हाथ



पीएम ने इस यात्रा को मोदी की गारंटी वाली गाड़ी बताया और कहा, इसको हरी झंडी भले मोदी ने दिखाया हो, लेकिन इसकी कमान आम लोगों ने संभाल ली है। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार की विकास योजनाओं के कुछ लाभार्थियों से संवाद भी किया। उन्होंने कहा कि यह विकास यात्रा मोदी की गारंटी को देश के कोने-कोने तक पहुंचा रही है। महज एक महीने में यात्रा हजारों गांवों के साथ-साथ डेढ़ हजार शहरों में भी पहुंच गयी है, जिसमें ज्यादातर छोटे और मझौले शहर शामिल हैं। यह यात्रा की गाड़ी जिस गांव या शहर में अपना अभियान पूरा करती है, वहां दूसरे गांव या शहर के लोग उसकी अगुवाई करने लगते हैं। कार्यक्रम के शुरू में केंद्रीय शहरी विकास एवं रोजगार मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने श्री मोदी का स्वागत किया। साथ ही कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में केंद्र में पिछले करीब 10 साल से चल रही सरकार के दौरान भारत में बुनियादी ढांचा क्षेत्र के विकास में अभूतपूर्व गति से काम हुआ है। विकसित भारत के संकल्प में हमारे शहरों की बहुत बड़ी भूमिका है।

### स्वर्णजड़ित होंगे राम मंदिर के 14 दरवाजे

**अयोध्या।** भगवान राम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गर्भगृह तैयार हो चुका है। अब मुख्य गर्भगृह सहित प्रवेश के द्वारा और अन्य स्थानों पर दरवाजे लगाने का काम तेजी से चल रहा है। भगवान राम के नवनिर्मित मंदिर के गर्भगृह के दरवाजे स्वर्ण जड़ित होंगे। दरवाजों पर सोने का आवरण चढ़ाने से पहले उनके ऊपर तांबे की कोटिंग होगी। मंदिर परिसर में कुल 14 ऐसे दरवाजे होंगे जिन्हें स्वर्ण जड़ित आवरण से सुशोभित किया जायेगा। इसके लिए इन दरवाजों के ऊपर तांबे की चद्दर लगाने का काम शुरू हो गया है। 10 दिन में इस काम को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। राम मंदिर के 14 दरवाजों पर सोने का आवरण लगाने का कार्य दिल्ली की कंपनी करेगी। कुल 14 दरवाजों पर तांबे के आवरण चढ़ाये जा रहे हैं। इसके बाद उनके ऊपर सोने की चादर चढ़ाई जायेगी। जिससे सभी दरवाजे सुंदर दिखायी दें।

## इडी कोर्ट ने योगेंद्र, मित्तल और बागची की याचिका खारिज की

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** इडी की विशेष कोर्ट ने शनिवार को सुनवाई के बाद शराब घोटाले में योगेंद्र तिवारी, टेंडर घोटाल में मुकेश मित्तल और सैन्य जमीन घोटाले में प्रदीप बागची की जमानत अर्जी खारिज कर दी। शराब घोटाले की राशि का मनी लाउंड्रिंग करने के आरोपी योगेंद्र तिवारी को ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने जमानत देने से इनकार किया है। अदालत ने याचिका पर सुनवाई के बाद छह दिसंबर को आदेश सुरक्षित रख लिया था। इडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार काका ने जमानत का विरोध किया था। उन्होंने बताया था कि योगेंद्र तिवारी के खिलाफ मनी लाउंड्रिंग करने का ठोस सबूत हैं, ऐसे में जमानत नहीं दी जा सकती है। वह 19 अक्तूबर से वह न्यायिक हिरासत में जेल में है।

**प्रदीप बागची को नहीं मिला बेल :** बरियातू रोड स्थित सेना के कब्जे वाली 455 डिसमिल जमीन की खरीद-बिक्री के फर्जीवाड़े में शामिल प्रदीप बागची को फिलहाल जेल में ही रहना पड़ेगा। ईडी कोर्ट ने उसकी जमानत अर्जी शनिवार को खारिज कर दी। विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत ने उसकी ओर से दायर जमानत अर्जी पर सुनवाई के बाद 13 दिसंबर को सुरक्षित रख लिया था। शनिवार को अदालत ने अपना आदेश सुनाया। आरोपी ने जमानत की गुहार लगाते हुए 12 दिसंबर को अर्जी दाखिल की थी। प्रदीप बागची को 14 अप्रैल को गिरफ्तार किया था। तब से वह जेल में है। उस पर फर्जी रैयत बनकर जगत बंधु टी इस्टेट प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक दिलीप कुमार घोष को सेना की जमीन बेचने का आरोप है।

**मुकेश मित्तल की याचिका भी खारिज :** टेंडर घोटाला के जरिये अवैध कमाई और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी मुकेश मित्तल की अग्रिम जमानत याचिका ईडी कोर्ट ने सुनवाई खारिज कर दी। (शेष पेज 11 पर)

## झारखंड में ठंड के कारण बढ़ी ठिठुरन

# कांके का पारा 5 तो गढ़वा @ 6 डिग्री

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राज्य में कड़ाके की ठंड पड़ने लगी है। धूप में भी ठंडी हवा के कारण ठिठुरन बढ़ गयी है। तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। झारखंड में ठंड आने वाले दिनों में और सतायेगी। राज्य में अगले तीन दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है, लेकिन इसके बाद अगले दो दिन इसमें धीरे-धीरे 2 से 3 डिग्री की गिरावट हो सकती है। रांची के कांके के कुछ इलाकों का तापमान 5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुकी है। पिछले 24 घंटे में गढ़वा का न्यूनतम तापमान 6.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

पिछले 24 घंटे में राज्य में मौसम शुष्क रहा। उच्चतम तापमान 27.8 डिग्री चाईबासा में जबकि न्यूनतम तापमान 6.7 डिग्री सेल्सियस गढ़वा में दर्ज किया गया। वहीं शुक्रवार को रांची का अधिकतम तापमान 23.2 और न्यूनतम तापमान 8.2 था। जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 26 और न्यूनतम 11.2 रहा। डालटनगंज का अधिकतम तापमान 27.2 और न्यूनतम तापमान 8.5 रहा। आने वाले चार दिनों में न्यूनतम तापमान सात डिग्री सेल्सियस तक आने का अनुमान है। सुबह में कोहरे के बाद आसमान साफ रहेगा और मौसम शुष्क रहेगा। इसके साथ आंशिक बादल छाये रहने का भी अनुमान है। वहीं विज्ञानी अभिषेक आनंद ने बताया कि शहरी क्षेत्र से ज्यादा ग्रामीण और खुले क्षेत्रों में तापमान में गिरावट दर्ज की जाती है। जहां पानी, जंगल या खुले स्थान होते हैं वहां ठंड अधिक महसूस किया जाता है। उन्होंने बताया कि रांची के कांके के कुछ इलाकों में तापमान 5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुकी है। ऐसे में लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गयी है।

### दो कोच के साथ ही दौड़ती रही मुंबई मेल

**कोलकाता।** हावड़ा से मुंबई के लिए रवाना हुई मुंबई मेल के कई कोच इंजन से अलग हो गये। ट्रेन दो डिब्बे के साथ ही दो किलोमीटर तक दौड़ती रही। ट्रेन की स्पीड कम होने की वजह से बड़ा हादसा टल गया। यह घटना खड़गपुर शाखा के वीरशिवपुर में गुरुवार देर रात हुई। जैसे ही रेलवे प्रशासन को इसकी जानकारी मिली, महकमे में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में मरम्मत का काम कराकर ट्रेन को मुंबई के लिए रवाना किया गया। हालांकि, इसमें कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन खड़गपुर रूट की सभी ट्रेनें प्रभावित हुईं।

## संसद में स्मोक अटैक : बेहद खौफनाक था हमलावरों का दूसरा प्लान

# सदन में आत्मदाह करनेवाले थे मनोरंजन और सागर

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने वाले 6 आरोपियों को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के समक्ष इन आरोपियों ने कई खतरनाक प्लान का खुलासा किया। आरोपियों ने संसद में ही आत्मदाह और पर्चे बांटने की योजना भी बनायी थी। संसद की सुरक्षा में 13 दिसंबर को सेंध लगाने के मामले में आरोपियों ने कहा कि लोकसभा के कक्ष में कूदकर धुआं उड़ाने की योजना पर सहमति बनाने से पहले स्वयं को आग लगाने की भी योजना बनायी थी। सदन में पर्चा बांटने जैसे विकल्पों पर भी विचार किया था। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने सबसे पहले अपने शरीर को अग्निरोधक लेप से ढककर आत्मदाह करने पर विचार किया। बाद में किन्ही कारणों से यह विचार त्याग दिया। आखिरकार संसद में धुआं फैलाने का विकल्प चुना। दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने समाचार एजेंसी को बताया कि लोकसभा कक्ष में कूदने की इस योजना को अंतिम रूप देने से पहले आरोपियों ने कुछ ऐसे तरीके तलाशे थे जिनके जरिये वे प्रभावशाली तरीके से सरकार तक अपना संदेश पहुंचा सकें। (शेष पेज 11 पर)




### छठा आरोपी महेश भी गिरफ्तार

इस मामले में पुलिस ने शनिवार को छठे आरोपी भी गिरफ्तार कर लिया। इसकी पहचान महेश कुमावत के तौर पर हुई। दिल्ली पुलिस के अफसरों ने इसकी पुष्टि की है और बताया है कि महेश भी पूरी साजिश का हिस्सा था। घटना के बाद उसी के के घर छिपा था मास्टरमाइंड ललित मोहन झा। घंटों चली पूछताछ के बाद गिरफ्तारी की गयी। राजस्थान के नागौर जिले का निवासी महेश भी 13 दिसंबर कोही दिल्ली आया था। उसी दिन लोकसभा की सुरक्षा में चूक की घटना हुई थी। राजस्थान में महेश के ठिकाने पर ही मुख्य साजिशकर्ता ललित झा घटना के बाद दिल्ली से भाग गया था। कुमावत को भी कोर्ट ने 7 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

### भाजपा सांसद प्रताप सिम्हा से भी बयान लेगी दिल्ली पुलिस की विशेष जांच टीम

मामले की जांच कर रहे दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ की टीम मैसूर से भाजपा सांसद प्रताप सिम्हा का बयान दर्ज करने की तैयारी कर रही है। सदन के भीतर सुरक्षा में सेंध लगाने वाले दो पुरुषों को सिम्हा के जरिये पास मिला था। आरोपी सागर शर्मा और मनोरंजन डी शून्यकाल के दौरान दर्शक दीर्घा से लोकसभा कक्ष में कूद गये थे और उन्होंने केन' से पीली गैस उड़ाते हुए नारेबाजी की जिसके बाद सांसदों ने उन्हें पकड़ लिया था। लगभग उसी समय संसद भवन के बाहर दो अन्य आरोपियों अमोल शिंदे और नीलम देवी ने केन' से रंगीन धुआं फैलाते हुए तानाशाही नहीं चलेगी'' के नारे लगाये थे। पांचवें आरोपी ललित झा ने विरोध प्रदर्शन के वीडियो सोशल मीडिया पर कथित तौर पर प्रसारित किया था। शुक्रवार की देर रात, पुलिस इन आरोपियों को कई अलग-अलग जगहों पर ले गये जहां वे सब मिले थे और उल्लंघन की साजिश रची थी।



### ऑड्रे हाउस रांची में आयोजित चतुर्थ राष्ट्रीय विचार मंथन में बोले सीपी राधाकृष्णन

# डॉ लोहिया ने मुख्यधारा से वंचित लोगों के अधिकार एवं समानता के लिए उठायी आवाज

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** खरसावां शहीद दिवस की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर ऑड्रे हाउस रांची में चतुर्थ राष्ट्रीय विचार मंथन को संबोधित करते हुए राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि डॉ. राम मनोहर लोहिया सिर्फ एक राजनीतिक व्यक्ति ही नहीं, बल्कि एक महान समाज सुधारक भी थे। उन्होंने समाज के मुख्य धारा से वंचित लोगों के अधिकार एवं समानता के लिए आवाज उठायी। वे आज भी हमारे प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. लोहिया पहले राजनेता थे जिन्होंने खरसावां घटना के उपरांत वहां जाकर इस घटना की तुलना जलियांवाला बाग की घटना से की।



उन्होंने अपनी पत्रिका मैनकाइंड में खरसावां में रक्त स्नान शीर्षक नामक एक लेख भी लिखा था। बताते चलें कि आड्रे हाउस में दो दिनी चतुर्थ राष्ट्रीय विचार मंथन का आयोजन किया गया है। राज्यपाल ने इस अवसर पर पुस्तकों का अनावरण किया और कहा कि अनूठी शोध परियोजनाओं से संबंधित इन पुस्तकों की उपलब्धता सभी विश्वविद्यालयों में होनी चाहिए।

उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे सभी ज्ञात-अज्ञात स्वतंत्रता सेनानियों के कहानियों का पता लगाएं एवं समाज को उनके योगदान से अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि आज हम भगवान बिरसा मुंडा एवं अन्य महान स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान के कारण स्वतंत्र देश में रहते हैं।

शहीदों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त करना हमारा कर्तव्य है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समावेशी विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। वे हमारे युवाओं के प्रेरणास्त्रोत हैं। युवाओं एवं देश को सशक्त बनाने के उद्देश्य से विकसित भारत@2027ः युवाओं की आवाज का शुभारंभ किया है। यह आजादी के 100वें वर्ष यानी 2027 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की परिकल्पना है। राज्यपाल ने इस अवसर पर देश के विभिन्न प्रांतों से आए लोगों को सम्मानित किया एवं दो दिवसीय इस कार्यक्रम में सार्थक चर्चा की कामना की।

# भारतीय खाद्य निगम ई-नीलामी से बेच रहा है गेहूं और चावल

### ओएमएसएस (डी) के तहत की जा रही बिक्री

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भारतीय खाद्य निगम खुली बिक्री योजना के माध्यम से समय-समय पर पूर्व निर्धारित कीमतों पर उपलब्ध स्टॉक से गेहूं की बिक्री करता है, ताकि बाजार में गेहूं की आपूर्ति में वृद्धि हो सके। साथ ही लीन सीजन के दौरान कीमतों पर नियंत्रण रखा जा सके। यह जानकारी झारखंड एफसीआई के अधिकारियों ने प्रेसवार्ता में उप प्रबंधक एफसीआई अभिषेक सिन्हा, हेमंत कुमार जैसवाल, देवेंद्र बैस, आशीष कुमार और तुलसी राम ने दी। उन्होंने बताया कि भारत सरकार ने भारतीय खाद्य निगम के माध्यम से गेहूं व चावल की बढ़ती कीमतों को कम करने के लिए सेंट्रल पूल स्टॉक से ई-नीलामी के माध्यम से पूरे देश में गेहूं एवं चावल की बिक्री पंजीकृत खरीदारों के लिए ओएमएसएस (डी) के तहत प्रत्येक सप्ताह कर रहा है। वर्तमान में भी गेहूं की खुले बाजार में बिक्री गेहूं 2150/- प्रति क्विंटल और चावल 2900 प्रति क्विंटल के मूल्य पर किया जा रहा है।

**अब 7000 के जगह 11,500 मीट्रिक टन गेहूं की बिक्री के लिए निविदा आमंत्रित :** इससे पूर्व प्रत्येक सप्ताह में भारतीय खाद्य निगम ने 2 लाख मीट्रिक टन गेहूं की बिक्री के लिए देश भर में निगम के विभिन्न गोदामों से निविदा आमंत्रित किया था। आनेवाले सप्ताह से इसे दो गुणा बढ़ाकर 4 लाख मीट्रिक टन कर दिया गया है। वर्तमान समय में भारतीय खाद्य निगम हर सप्ताह 7000 मीट्रिक टन गेहूं की बिक्री के लिए निविदा आमंत्रित कर रहा था, जिसे अब बाजार में गेहूं की बढ़ती मांग के मद्देनजर और राज्य के लोकल मिलर/आटा चक्की एसोसिएशन की मांग को देखते हुए बढ़ाकर 11,500 मीट्रिक टन कर दिया गया। पूर्व में प्रति खरीदार द्वारा प्रत्येक नीलामी में केवल 10 मीट्रिक टन चावल से 1000 मीट्रिक टन चावल तक ही खरीदी जा सकती थी, उसे भी अब बढ़ाकर 1 मीट्रिक टन से 2000 मीट्रिक टन तक कर दी गयी है।

#### ऑनलाइन की जा रही है नीलामी

नीलामी की प्रक्रिया ऑनलाइन वेबसाइट के माध्यम से किया जा रहा है. इसको लेकर निगम हर शुक्रवार को निविदा आमंत्रित कर रहा है। गेहूं एवं चावल की खरीदारी के लिए मिलरों, आटा चक्कियों, गेहूं उत्पादक, चावल उत्पादक और चावल व्यापारियों का पंजीकरण एमजंक्शन सर्विसेस लि. की वेबसाइट पर किया जा रहा है।

# आत्म निर्भर भारत के संकल्प को साकार करेगा पीएम विश्वकर्मा योजना : बाबूलाल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आत्म निर्भर भारत का निर्माण आवश्यक है। श्री मरांडी शनिवार को पीएम विश्वकर्मा योजना पर आयोजित कार्यशाला में बोल रहे थे। यह आयोजन पार्टी मुख्यालय में किया गया था। उन्होंने कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना यह आत्मनिर्भर भारत की कुंजी बनेगी। उन्होंने कहा कि इस महत्वाकांक्षी योजना में सबका साथ, सबका विकास और सबका प्रयास भी शामिल है। उन्होंने कहा कि देश में प्राचीन काल से हुनर की कमी नहीं रही। लेकिन आजादी के बाद देश की प्राचीन हुनर मंद कारीगरों को आगे बढ़ने, उन्हे आधुनिक तकनीक से जोड़ने की दिशा में पहल नहीं की गई। उन्होंने कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके सर्वांगीण विकास की चिंता की है। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना में पिछड़े, दलित, आदिवासी समाज के लोग ही सर्वाधिक शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना से गांव गरीब हुनरमंद पारंपरिक कारीगर आगे बढ़ेंगे। यह योजना उनके लिए प्रगति का सुनहरा अवसर लेकर आया है। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि भारत की प्राचीन हुनरमंद कारीगर, यहां की अर्थव्यवस्था के मजबूत स्तंभ थे। पीएम विश्वकर्मा योजना के प्रदेश प्रवासी मिथिलेश तिवारी ने योजना की विस्तृत जानकारी दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन पर प्रारंभ की गई पीएम विश्वकर्मा योजना एक क्रांतिकारी कदम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने 77वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देश को संबोधित करते हुये इसकी घोषणा की थी। उन्होंने कहा कि इसमें पंजीकरण केलिए पात्रता न्यूनतम 18वर्ष है। जिन्होंने कोई सरकारी स्कीम में पहले ऋण नही लिया हो। उन्होंने कहा कि पहले चरण में आवेदक को प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिदिन 500रुपये भत्ता एवं 15000रुपये औजार खरीदने केलिए मिलेंगे। बैठक में पार्टी के प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय, विधायक बिरंची नारायण, कोचे मुंडा, अनंत ओझा, अमित मंडल, शशिभूषण मेहता, भानुप्रताप शाही, आलोक चौरसिया, नीरा यादव, किशुन दास, राज सिन्हा, केदार हाजरा,ढुल्लू महतो सहित ओबीसी मोर्चा के पदाधिकारीगण शामिल थे।

### चाईबासा में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में बोले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

# कुछ षडयंत्रकारी हमारी प्लानिंग फेल कर देते हैं

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची/चाईबासा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि मेरी इच्छा थी कि तीसरे और चौथी श्रेणी की नौकरी झारखंड के लोगों को ही मिले और इसके लिए हमने स्थानीय नीति की योजना बनायी थी, लेकिन भाजपा के लोग गवर्नर के साथ काना फूसी करते हैं और उसे बदला देते हैं। सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारे पढ़े लिखे लोगों के लिए नौकरियों का विज्ञापन तो आ रहा है लेकिन हमारे राज्य के षड्यंत्रकारी लोग इसे पूरा ही नहीं होने दे रहे हैं। चाईबासा में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंच से ये बातें कही।



**कानून बनाते हैं, पर वे रोक लगवा देते हैं :** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि वे लोग हमारे काम को रोक रहे हैं। नौकरियों को लेकर 1932 आधारित कानून लाने की हम तैयारी करते हैं, ये लोग कोर्ट कचहरी कर देते हैं। गवर्नर हाउस में जाकर के काना फूसी करके बिल को वापस करा देते हैं।

हमारी सोच थी कि तीसरी और चौथी श्रेणी की जितना भी नौकरी हो यहां के आदिवासी मूलवासी को ही मिले पर षडयंत्रकारी लोग कानून ही नहीं बनने देते हैं। हम कानून बनाने जाते हैं तो ये दिमाग से इतने मजबूत हैं कि उसे रोक देते हैं। पैसा कौड़ी से तो मजबूत हैं ही, पढ़े-लिखे भी बहुत हैं। उनके पास विद्वान लोग हैं, बड़ा-बड़ा वकील है, जज है, इनके सभी लोग मिलकर के इस पर रोक लगा देते हैं।

#### आदिवासी समाज में कोई बड़ा जज नहीं

सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि आदिवासी समाज में आज तक बड़ा जज नहीं हुआ है। उन्होंने सवाल किया कि आदिवासियों में कितने बड़े वकील हैं। आदिवासियों में कितने बड़े जज हैं। सीएम ने कहा कि पहली बार हम लोगों ने एक आदिवासी महिला को जज के लिए रिकमेंड किया है। हम लोगों को बहुत ढूंढने के बाद एक महिला मिली है जिसे हम लोगों ने आगे बढ़ाया है।

## खबर एक नजर में

### कर्नाटक की पीड़ित महिला से मिली आशा लकड़ा

**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के निर्देश पर शनिवार को पार्टी की राष्ट्रीये सचिव डॉ आशा लकड़ा समेत पांच सदस्य जांच समिति में शामिल सदस्य अपराजिता सारंग, सुनीता दुग्गाल, लाकेट तटर्जी व रंजीता कोली ने कर्नाटक के बेलगावी स्थित वन्तामुरी गांव में आदिवासी समुदाय की पीड़ित महिला से मुलाकात की। उन्हें न्याय दिलाने का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि जब तक पीड़िता को न्याय नहीं मिल जाता, तब तक भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता उनके साथ है। डा आशा लकड़ा ने कहा कि यह घटना 11 दिसंबर की है। रात एक बजे वन्तामुरी गांव में एक महिला को गांव में निर्वस्त्र कर घुमाया गया। फिर उसे बिजली के खंभे से बांध कर मार पीटा गया। इस मामले में पुलिस ने 11आरोपितो को गिरफ्तार किया है। हालांकि पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करने में लापरवाही की है। जब हमारी टीम ने वहां के पुलिस अधिकारियों से बात की तो उसके बाद क्रिमिनल की धारा को प्राथमिकी में जोड़ा गया। जल्द ही भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जी को इसे घटना की जांच रिपोर्ट सौंपी जायेगी।

### रांची जिला रौनियार बैश्य सभा का चुनाव आाज, मांडर में होगी वोटिंग

**रांची।** रांची जिला रौनियार वैश्य सभा रांची का वर्ष 2023 का चुनाव सोसई आश्रम मांडर में रविवार की सुबह 10 बजे से होगा। 2 बजे तक मतदान होगा। इसके बाद मतपत्रों की गिनती की जायेगी। इस चुनाव में 82 आजीवन सदस्य और 26 इकाई के प्रत्येक इकाई से 9-9 जिला प्रधिनिधि भाग लेंगे। कुल चार पद- अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष और संगठन सह प्रचार मंत्री के लिए चुनाव कराया जायेगा। अध्यक्ष पद के लिए तीन उम्मीदवार हैं। इनमें ब्रजेश कुमार, दीपक कुमार, शंभू प्रसाद गुप्ता, वहीं, सचिव पद के लिए दो उम्मीदवार हैं, जिनमें अनूप कुमार लाल, अशोक कुमार गुप्ता का नाम शामिल है। इसी तरह कोषाध्यक्ष पद के दो उम्मीदवार हैं। इनमें अमर नाथ गुप्ता और बिहारी लाल गुप्ता तथा संगठन सह प्रचार मंत्री पद के लिए सिर्फ एक उम्मीदवार राजेंद्र साहू होने के कारण, उन्हें निर्विरोध विजयी घोषित किया जा चुका है। यह चुनाव मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी भुवनेश्वर प्रसाद साव, सह निर्वाचन पदाधिकारी मुरारी लाल गुप्ता, सहायक निर्वाचन पदाधिकारी दीपांकर गुप्ता, प्रो सुनीता गुप्ता, अरविंद कुमार गुप्ता, सुरेश प्रसाद गुप्ता, एसएल मानिक, संजय कुमार गुप्ता, अनिल कुमार गुप्ता, राधेश्याम साहू द्वारा संपन्न कराया जायेगा। बताते चलें कि अध्यक्ष पद के चुनाव में रांची चैंबर के पूर्व अध्यक्ष शंभू गुप्ता भी शामिल हैं। समिति के सदस्यों के आग्रह पर उन्होंने अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने का मन बनाया है।


**कार्यालयः–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल**

E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115, Pin Code - 835207

पत्रांक ........................../ दिनांक ........................../

**आवश्यक सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 24.11.2023 को ग्राम अम्बाकोना जंगल से वनकर्मियों के द्वारा लगभग 7MT बॉक्साइड सहित एक ट्रक नं0–JH02M6565 को जप्त कर चैनपुर वन परिसर में लाकर सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 22.12.2023 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल

PR 313643Forest, Environment and Climate Changes(23-24)#D :–वन है,तो जीवन है–:


# राज्य में जातीय सर्वेक्षण कराने और ओबीसी का आरक्षण बढ़ाने को मोर्चा ने गुरुजी को सौंपा मांग पत्र

### राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष ने झामुमो के केंद्रीय महासचिव से मिलकर दिया गुरुजी के नाम ज्ञापन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य में जातीय सर्वेक्षण कराने, ओबीसी का आरक्षण बढ़ाने,11वीं जेपीएससी के नियमावली को सुधारने एवं ओबीसी के हितों की रक्षा करने को लेकर शनिवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष दिशोम गुरु शिबू सोरेन के नाम झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडे को राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र प्राप्त करने के बाद झारखंड मूर्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडे ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा ओबीसी समुदाय के हक अधिकार के लिए चिंतित है, लेकिन महामहिम ने ओबीसी के आरक्षण बढ़ाने के कैबिनेट एवं विधानसभा से की गई अनुशंसा पर संज्ञान नहीं ले रहे हैं।




प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने जातीय सर्वेक्षण करने, ओबीसी का आरक्षण बढ़ाने, ट्रिपल टेस्ट कर नगर निगम में चुनाव कराने, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष सदस्यों की नियुक्ति करने, सात जिले में ओबीसी का आरक्षण शून्य कर दिए गए हैं, जेपीएससी द्वारा निकाली जा रहे नियुक्तियों में भी ओबीसी के साथ लगातार नाइंसाफी की जा रही है। जेपीएससी के माध्यम से जूनियर जज की नियुक्ति में ओबीसी का उम्र कट ऑफ सामान्य वर्ग के उम्र के बराबर कर दिया गया है। वहीं, प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 11वीं जेपीएससी परीक्षा नियमावली में कई खामियां है। उसे यूपीएससी पेटर्न पर आरक्षण नीति का अनुसरण करने एवम 11वीं जेपीएससी परीक्षा के लिए एससी एसटी ओबीसी के उम्र सीमा में छूट की कोई जानकारी नहीं दी गई है। इसे संज्ञान लेने की मांग की है। केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने कहा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस पर काफी गंभीर हैं। शीघ्र ही मुख्यमंत्री से मिलकर संज्ञान लेने का आश्वासन दिया है। मांग पत्र सौंपने वालों में प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता के साथ प्रदेश महासचिव रामावतार कश्यप,कार्यालय प्रभारी संतोष शर्मा और जगदीश साहू शामिल थे।

# झारखंड प्रदेश पासवा अध्यक्ष सहित पूरी प्रदेश कार्यकारिणी भंग : अहमद

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्राइवेट स्कूल्स एण्ड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद स्माइल अहमद ने झारखंड प्रदेश पासवा अध्यक्ष सहित पूरी प्रदेश कार्यकारिणी को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया है। वहीं, कहा है कि नए प्रदेश अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी की गठन अविलंब कर दी जाएगी। नए संगठन के स्वरूप में आने तक पासवा के प्रदेश सचिव तौफिक अंसारी प्रभाव में रहेंगे। निजी विद्यालयों का सबसे बड़ा संगठन पासवा में पूरी तरह से पारदर्शिता बनाए रखने के लिए 3 वर्षों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद संगठन में नई कार्यकारिणी एवं प्रदेश पदाधिकारियों का चयन किया जाता है। पासवा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए कहा

#### नई कमिटी अस्तित्व में आने तक प्रभाव में रहेंगे पासवा के प्रदेश सचिव

है कि जो जिम्मेदारी उन्हें दी गई थी, उसमें खरा उतरने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा संगठन में समय-समय पर बदलाव जरूरी होता है। आलोक दूबे ने कहा नई कार्यकारिणी, प्रदेश पदाधिकारी एवं प्रदेश अध्यक्ष के गठन के लिए हमने राष्ट्रीय अध्यक्ष को कुछ नाम प्रस्तावित भी किया है। मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष झारखंड को एक मजबूत एवं सशक्त टीम देंगे, ताकि पासवा जो आज झारखंड में एक पहचान बन चुकी है और तीव्र गति से आगे बढ़ेगी। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आलोक दूबे ने संगठन से जुड़ने वाले साथियों से आग्रह किया है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद को अपना बायोडाटा उपलब्ध करा दें।

# प्रधानमंत्री केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कृत संकल्पित हैं : राज्यपाल

### राज्यपाल ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के वैन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने शनिवार को पुराने विधान सभा के निकट स्थित मैदान में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा एक विकसित एवं सशक्त राष्ट्र के निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता व संकल्प है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा आज पांच राज्यों- मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया जा रहा है। प्रधानमंत्री केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कृत संकल्पित है। मालूम हो कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ प्रधानमंत्री द्वारा जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा की पावन धरती से ही किया गया था। राज्यपाल ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा से लोगों को कल्याणकारी योजनाओं व कार्यक्रमों के बारे में अवगत कराने एवं जागरूक करने का अभिनव तरीका है, जो लोगों के सामाजिक-आर्थिक विकास में सहायक है। इस यात्रा का उद्देश्य लोगों के बीच जागरूकता फैलाना है, ताकि विकास का लाभ प्रत्येक नागरिक तक पहुंचे। कोई भी व्यक्ति इससे वंचित न रहे। प्रधानमंत्री द्वारा हमारी माताओं एवं बहनों को पारंपरिक खाना पकाने के तरीकों से होने वाले हानिकारक प्रभावों से मुक्त करने के लिए प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना शुरू किया गया। बेघरों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के साथ आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के बेहतर उपचार के लिए स्वास्थ्य बीमा कवरेज आयुष्मान भारत योजना प्रारम्भ किया गया है। कृषि के क्षेत्र में पीएम किसान सम्मान निधि योजना, स्वच्छ पेयजल की दिशा में जल जीवन मिशन योजना, खाद्य सुरक्षा योजना समेत कई कल्याणकारी योजनाएं हैं।



#### योजनाओं के प्रति लोगों में जागरूकता आवश्यक

राज्यपाल ने कहा कि योजनाओं के प्रति लोगों में जागरूकता आवश्यक है। इस कार्य में जन-प्रतनिधियों की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने सभी लोगों से कहा कि इस दिशा में अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए लोगों को विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरूक करने को प्रेरित करें। देश की आजादी के 100वें वर्ष अर्थात 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाना है और ये सबके सामूहिक प्रयास से ही हासिल किया जा सकता है। इस अवसर पर राज्यपाल ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं व लाभार्थियों के मध्य परिसंपत्ति का वितरण किया। कार्यक्रम को स्थानीय सांसद संजय सेठ और विधायक सीपी ने भी संबोधित किया।

## क्रिसमस उत्सव यात्रा






झारखंड क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन के बैनर तले विभिन्न चर्च के युवाओं ने शनिवार को क्रिसमस कार्निवाल का आयोजन किया। पुरुलिया रोड स्थित लोयला मैदान से डंगराटोली चौक, पुरुलिया रोड होते हुए अलबर्ट एक्का चौक तक क्रिसमस उत्सव यात्रा निकाली गयी। फोटो : समीर।

## देश के बारे में नजदीक से जानने का नाम है युवा आदान : डॉ सिन्हा

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के आईक्यैक एवं एनएसएस के संयुक्त प्रयास से रविवार को आरयू के टीआरएल विभाग में शाम 6 बजे से कश्मीरी युवा आदान प्रदान कार्यक्रम के लिए झारखंड पधारे 132 सदस्यीय युवाओं के दल के स्वागत कार्यक्रम कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित होगा। इस मौके पर झारखंड के क्षेत्रीय भाषा एवं परंपरागत नृत्य, संगीत एवं आखरा को नजदीक से उन्हें देखने को मिलेगा। इसे लेकर रविवार को बैठक हुई। बैठक को संबोधित करते हुए कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने कहा एकता, अखंडता एवं सांस्कृतिक विरासत के साथ देश के बारे में नजदीक से जानने का नाम है युवा आदान प्रदान कार्यक्रम। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य में आए कश्मीर घाटी के युवाओं को झारखण्ड राज्य की सांस्कृतिक धरोहर से परिचय के साथ ही साथ झारखंडी व्यंजनों का भोजन कराने से ऊनको नजदीक से जानने का अवसर मिलेगा एवं देश की विविधता एवं विभिन्न भाषाओं से परिचय होगा। आज के महत्वपूर्ण बैठक में कार्यक्रम के आयोजन संबंधी विभिन्न विषयों पर गंभीरता पूर्वक चर्चा की गई। आज की बैठक में डॉ हरि उरांव, डॉ स्मृति सिंह, डॉ ब्रजेश कुमार, डॉ किशोर सुरीन, विपुल नायक, डॉ सुजीत शर्मा सहित कई प्राध्यापक उपस्थित थे।

# इंटरमीडिएट के लिए 57 व मैट्रिक परीक्षा के लिए 100 केंद्र बनाये गये

## डीसी की अध्यक्षता में हुई परीक्षा केंद्र चयन समिति की बैठक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** वार्षिक माध्यमिक व इंटरमीडिएट की परीक्षा को लेकर केंद्रों का चयन किया जाना है। इसे लेकर रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने शनिवार को जिला परीक्षा केंद्र चयन समिति की बैठक बुलायी। यह बैठक समाहरणालय कक्ष में हुई।

बैठक में डीसी श्री सिन्हा ने कहा कि परीक्षा केन्द्र बनाते समय यह ध्यान रखना अत्यन्त आवश्यक होगा कि परीक्षा केन्द्र उसी प्रखण्ड मुख्यालय में बनाया जाये, जहां राष्ट्रीयकृत बैंक एवं थाना अवस्थित हो और विधि व्यवस्था का समुचित प्रबंध रहे। परीक्षा के दिन सशस्त्र बल एवं दण्डाधिकारी की देख-रेख में इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए प्रश्नपत्रों तया माध्यमिक परीक्षा के लिए ओएमआर शीट/प्रश्न-सह-उत्तरपुस्तिकाओं को 8.30 बजे सुबह परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचाना सुनिश्‍ि‍त हो। परीक्षा समाप्ति के बाद उसी दिन फिर से ओएमआर शीट/उत्तरपुस्तिकाओं को कोषागार में पहुंचाना है।

उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्र बनाते समय कदाचारमुक्त परीक्षा संपन्न कराने के संबंध में भी ध्यान देना आवश्यक होगा। उन्होंने कहा कि परीक्षार्थियों की संख्या आवंटन के समय केन्द्रों पर पर्याप्त उपलब्ध कमरों एवं उपस्करों (बेंच-डेस्क) का भी ध्यान रखते हुए परीक्षार्थियों की संख्या आवंटित की जाये। जिन संस्थानों में पर्याप्त उपस्कर न हो, उसे केन्द्र के रूप में चयन नहीं की जाये। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी रांची, मिथलेश केरकेप्ता, पुलिस अधीक्षक रांची (शहर) राजकुमार मेहता, सांसद संजय सेठ के सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि कांके, सिल्ली, रांची सदर विधायक प्रतिनिधि भीम प्रभाकर, अध्यक्ष रांची जिला माध्यमिक शिक्षक संघ रांची, अध्यक्ष रांची जिला इंटरमीडिएट शिक्षक संघ रांची, अध्यक्ष रांची जिला संस्कृत शिक्षक संघ एवं सम्बंधित अधिकारी उपस्थित थे। वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा-2024 के लिए परीक्षा केंद्रों निम्न परीक्षा केंद्रों एवं मूल्यांकन सेंटर का चयन किया गया।

### परीक्षा में इतने छात्र होंगे शामिल

**मैट्रिक परीक्षा केंद्र :** कुल 100 केंद्र बनाने की सहमति प्रदान की गई। उच्च विद्यालय 320, विद्यालय सम्बद्ध छात्र/छात्राओं कि संख्या कुल- 38041

**इंटरमीडिएट परीक्षा केंद्र :** परीक्षा के लिए कुल-57 परीक्षा सेंटर। +2 विद्यालय के लिए 120 परीक्षा केंद्र बनाए गए। छात्र/छात्राओं कि संख्या - 43175

## बीआइटी मेसरा में कल से वर्कशॉप, तकनीकी संस्थानों के शोध छात्र होंगे शामिल

**रांची।** बीआइटी (बिरला प्रोद्योगिकी संस्थान) मेसरा के यांत्रिक अभियांत्रिकी विभाग द्वारा सतत विनिर्माण में भूतल इंजीनियरिंग और जनजातीय चुनौतियों पर कार्यशाला का आयोजन किया गया है। 18 से 24 दिसंबर तक इस वर्कशॉप का आयोजन किया जाएगा। इसमें देश के विभिन्न तकनीकी संस्थानों के शोध छात्र एवं छात्राएं भाग लेंगे। इस कार्यशाला का प्रयोजन विज्ञान एवं इंजीनियरिंग अनुसंधान बोर्ड (एसईआरबी) एवं एक्सलेरेट विज्ञान योजना द्वारा किया जाएगा। इस कार्यशाला में देश के प्रख्यात वैज्ञानिक एवं तकनीकी व्याख्याता अपना मंतव्य देंगे। यांत्रिक अभियांत्रिकी के विभागाध्यक्ष डॉ डीपी मिश्रा एवं कार्यशाला के संयोजक डॉ अरकादेब मुखोपाध्याय ने बताया कि इस कार्यशाला के आयोजन का उद्देश्य विश्वविद्यालयों के होनहार पोस्टग्रेजुएट और पीएचडी छात्रों की उत्पादकता में सुधार लाने का प्रयास है एवं इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों के बीच सामग्री के सतही प्रदर्शन एवं उससे संबंधित चुनौतियों का समाधान के तकनीक तथा अनुसंधान कौशल के बारे में बेहतर मंच प्रदान करना है।

## जरूरतमंदों की सेवा हरेक नागरिक का नैतिक कर्तव्य : विजय शर्मा



### विजय दिवस पर निर्मला कॉन्वेंट ने बांटे कंबल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** निर्मला कॉन्वेंट हाई स्कूल की ओर से विजय दिवस के अवसर पर मोराबादी में बापू वाटिका के समीप गरीब रिक्शा चालकों तथा जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की सचिव सीमा शर्मा, प्राचार्य विजय कुमार शर्मा, उप प्राचार्य शिल्पी रानी तथा नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने रिक्शा चालकों, गरीब, बुजुर्गों, जरूरतमंदों और असहायों के बीच कंबल बांटे। मालूम हो कि निर्मला कॉन्वेंट विद्यालय परिवार के द्वारा प्रतिवर्ष सैकड़ों गरीब तथा जरूरतमंदों के बीच कड़ाके की ठंड से बचने के लिए कंबल वितरण का कार्यक्रम किया जाता है । विद्यालय प्रबंधन समिति की सचिव सीमा शर्मा ने बताया कि इस आयोजन से बच्चों में समाज के प्रति सहायता तथा सेवा की भावना का विकास होता है। वहीं, विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार शर्मा ने विजय दिवस के अवसर पर हमारे सभी शहीद जवानों को याद किया तथा बताया कि प्रत्येक नागरिक का यह नैतिक कर्तव्य है कि वह जरूरतमंदों की सेवा करे। अपनी क्षमता अनुसार लोगों की आर्थिक या शारीरिक रूप से मदद करने के लिए आगे आएं तथा इसी उद्देश्य के साथ हम अपने विद्यालय के बच्चों को अभी से ही इस सेवा भाव से सिंचित कर रहे हैं । इस कार्यक्रम में कक्षा प्री नर्सरी से कक्षा दशम तक के छात्र-छात्राओं ने भी अपने हाथों से निशक्तों तथा गरीब रिक्शा चालकों को कंबल वितरण कर आत्म संतुष्ट का अनुभव किया और भविष्य में गरीबों तथा जरूरतमंदों की सेवा करने का शपथ लिया। इस कड़ाके की सर्दी और शीततलहरी से परेशान रिक्शा चालकों ने कंबल पाकर विद्यालय परिवार के प्रति सहृदय आभार जताया। मौके पर विद्यालय के आशुतोष कुमार, सुरेश साहू, शिवानी कुमारी, गीता कुमारी, निधि कुमारी सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।



रांची शहर में शनिवार को क्रिसमस गैदरिंग को लेकर लगभग दिनभर जाम की स्थिति बनी रही।

## खतियान आधारित स्थानीय नीति दोबारा विधानसभा से कराया जायेगा पास : सुप्रियो

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** 2022 में झारखंड विधानसभा से पारित 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति विधेयक को सरकार दोबारा लगभग उसी प्रारूप में विधानसभा से पास कराकर मंजूरी के लिए राजभवन भेजेगी। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्या ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि लगभग एक साल तक सर्वसम्मति से पारित विधेयक पर राज्यपाल कुंडली मारे बैठे थे। उन्होंने कहा कि अब जब राज्यपाल ने इस विधेयक को अपने मंतव्य के साथ विधानसभा को भेजा है, उसमें भी उन्होंने कुछ पेंच फंसाया है।

स्थानीय नीति पर सुप्रियो भट्टाचार्या ने कहा कि चतुर्थ और तृतीय श्रेणी की जिला स्तरीय नौकरी सिर्फ स्थानीय को देने के प्रावधान को पांच वर्ष तक करने की सलाह ठीक नहीं है, क्योंकि जिस उम्मीद और अपेक्षा के साथ झारखंड राज्य का निर्माण हुआ है, उस अपेक्षा को हम सिर्फ पांच वर्ष में पूरा नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि सरना धर्म कोड झारखंड की अस्मिता और पहचान से जुड़ा है और स्थानीयता का मामला।

राज्यपाल के संदेश को राजनीतिक संदेश बताते हुए कहा सुप्रियो भट्टाचार्या ने कहा कि कई राज्यों में यह नीति है कि तृतीय और चतुर्थ श्रेणी की नौकरी जिला स्तर के लोगों के लिए ही हो। लेकिन राज्यपाल ने एक शिगूफा छोड़कर भ्रम की स्थिति पैदा करने की कोशिश की है।



खतियान ही होगा झारखंडी होने का प्रमाण : झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता ने कहा कि सबसे ज्यादा उपेक्षित यहां के ट्राइबल और मूलवासी हैं। झारखंड की लड़ाई इनकी ही लड़ाई थी। इसलिए झामुमो हर हाल में अपने कमिटमेंट पर कायम है। उन्होंने कहा कि झामुमो यह समझती है कि सरकार स्थानीय नीति को लागू करने के लिए किसी भी हद तक जाएगी। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि जहां जहां जिस समय का खतियान है वही वहां के मूलवासियों की पहचान है।

सुप्रियो भट्टाचार्या ने कहा कि जहां जहां सर्वे नहीं हुआ है वहां ग्रामसभा वहां के स्थानीय या मूलवासी की पहचान करेंगे। उन्होंने कहा कि कि जिस प्रकार से मुख्यमंत्री संवाद स्थापित कर रहे हैं, अब विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं बचा है। ऐसे में अब स्थानीयता के मुद्दे को विपक्ष राजनीति का मुद्दा बना रहे हैं, जबकि यह हमारे अस्तित्व का मुद्दा है।

बाबूलाल मरांडी और राजा पीटर के बीच की मुलाकात पर प्रतिक्रिया देते हुए जेएमए नेता ने कहा कि हमारे विधायक के पिता पूर्व मंत्री रमेश सिंह मुंडा की हत्या के दोषी है। अब जमानत पर बाहर आने के बाद बाबूलाल मरांडी और राजा पीटर के मुलाकात पर वहीं जवाब देंगे। वर्तमान में निकल रही नियुक्तियों में बाहरी को कैसे रोकेंगे इस सवाल के जवाब में सुप्रियो भट्टाचार्या ने कहा कि हमारे पास बाहरियों के बहाली रोकने के उपाय हैं।

## तिरुपति बालाजी मंदिर में धनुर्मास महोत्सव आज से

**रांची।** तिरुपति बालाजीद्ध मंदिर में रविवार से धनुर्मास महोत्सव मनाया जायेगा। यह मास सूर्य के धनुराशि में संक्रमण करने के कारण धनुर्मास कहा जाता है। इसकी अवधि पूरे एक महीने का है ।यह धनुर्मास 14 जनवरी तक रहेगा। ज्ञात हो की सांसारिक मनुष्यों की भांति भगवान के लिए कोई नियम बंधन नहीं होता है। धनुर्मास के मध्य वैकुंठ एकादशी वैकुंठोत्सव के उपलक्ष्य पर चार दिवसीय श्रीविष्णु सहस्त्रनाम अर्चना अनुष्ठान का आयोजन किया गया है। यह अनुष्ठान 21 दिसंबर गुरुवार से 24 दिसंबर रविवार तक होगा ।

# शौर्य के प्रतीक हैं भारतीय सैनिक : डॉ प्रणव बब्बू

### 1965 और 1971 युद्ध के 81 वर्षीय सेनानी पोदना बालमुचू को जनमंच ने किया सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** भारत-पाकिस्तान युद्ध के बीच 1971 के युद्धल यानि विजय दिवस की 52वीं वर्षगांठ के अवसर पर शनिवार को सामाजिक-वैचारिक संगठन रांची रिवोल्ट जनमंच ने 1965 एवं 1971 के भारतीय सेवा की जांबाज सैनिक 81 वर्षीय सेनानी पोदना बालमुचू रैंक सिपाही नंबर 4240087 को फल भेंट कर एवं माला पहनाकर स्वागत किया। साथ ही अनशन स्थल पर दीप प्रज्वलित कर विजय दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर सामाजिक-वैचारिक संगठन रांची रिवोल्ट जनमंच के संयोजक डॉ. प्रणव कुमार बब्बू ने कहा कि भारतीय सैनिक वास्तव में देश के शौर्य का प्रतीक हैं और उन्हीं के बल पर देश का सम्मान बरकरार है। डा बब्बू ने कहा कि पोदना बालमुचू झीकपानी, चाईबासा से 140 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर रांची पहुंचे हैं और वह अपने पेंशन एवं सरकार के नियमानुसार 5 एकड़ जमीन की अपनी मांग के लिये अपनी पत्नी और परिवार के अन्य सदस्यों सहित राजधानी में राजभवन के समक्ष अनशन पर बैठे हैं। डॉ बब्बू ने कहा कि श्री पोदना बालमुचू की बीमार पत्नी भी उनके साथ है और यह झारखण्ड के लिए शर्म की बात है कि अपने न्यायपूर्ण मांग के लिये एक सैनिक को अनशन करना पड़ रहा है।

डॉ. बब्बू ने सरकार से मांग की कि श्री बालमुचू को अविलंब उनकी पांच एकड़ जमीन देने के साथ उनके पेंशन को नियमित किया जाये, अन्यथा रांची रिवोल्ट जनमंच के सदस्य आंदोलन का रवैया अपनायेंगे। पोदना बालमुचू को सम्मानित करनेवाले लोगों में मुख्य रूप से रांची रिवोल्ट जनमंच के संयोजक डॉ. प्रणव कुमार बब्बू, अनुज तिवारी, अरविंद पाठक, संजय रत्नम बाबा, विजय दत्त पिंटू, सौरभ पाठक, राकेश रंजन बब्लू, सूरज सिन्हा, उपेन्द्र कुमार बब्लू, राष्ट्रीय युवा शक्ति के उत्तम यादव, प्रीति सिंह, बेबी गाड़ी, सुन बालमुचू, चंद तिवारी, दिशु बालमुचू, मनीषा कुमारी, सुषमा बिरौली, शीलवंती बालमुचू, प्रीति सिन्हा, प्रशांत प्रधान, मुकेश कंचन, विकास बालमुचू, राहुल गुप्ता, सावन लिंडा सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## रांची जिला पुरुष आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता संपन्न

**रांची।** पर्यटन कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के तत्वाधान में तीन दिवसीय रांची जिला पुरुष-महिला मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम मोरहाबादी में सम्पन्न हुआ। महिला वर्ग के फाइनल मुकाबले में अनगड़ा प्रखंड ने संघर्षपूर्ण मैच में ओरमांझी प्रखंड को 1-0 से पराजित कर जिला विजेता बना। अनगड़ा की ओर से एक मात्र गोल सीता कुमारी ने किया। पुरुष वर्ग के फाइनल मुकाबले में बुण्डू प्रखण्ड ने रातू प्रखंड को 3-0 से हरा कर जिला विजेता बनने का गौरव प्राप्त हुआ। महिला वर्ग में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी अनगड़ा की चमनी कुमारी एंव सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर ओरमांझी प्रखंड की आशा कुमारी को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। पुरुष वर्ग में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रातू प्रखंड के रोहित कुमार एंव सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर बूण्डू प्रखंड के विक्की नायक को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

### बीएयू में कृषि वैज्ञानिक डॉ एके सिंह ने कहा

# जलवायु परिवर्तन को ले नयी फसल योजना बनाने की जरूरत

### रबी अनुसंधान परिषद की बैठक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक डॉ एके सिंह ने जलवायु परिवर्तन के आलोक में वर्तमान फसल योजना में बदलाव पर जोर दिया है। डॉ सिंह शनिवार को रबी अनुसंधान परिषद की 43 वीं बैठक को संबोधित कर रहे थे। यह बैठक बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) के सभागार में किया गया था। उन्होंने कहा कि उर्वरक, कीटनाशक, खरपतवार नाशक आदि के छिड़काव ड्रोन के माध्यम से किया जा रहे हैं। यह प्रवृत्ति सतत बढ़ेगी। इसलिये ड्रोन फ्रेंडली कृषि इनपुट विकसित और प्रयोग करने की दिशा में भी भावी अनुसंधान होना चाहिये।

उन्होंने कहा कि बहुत से किसान शून्य कर्षण और सीधी बोआई वाले धान की खेती छोड़ रहे हैं। इसलिये किसानों के व्यवहार में बदलाव के कारणों पर भी शोध की जरूरत है।

डॉ ए वदूद ने कहा कि नये प्रभेदों के विकास में अबतक हमारा मुख्य लक्ष्य अधिक उपज रहा है। लेकिन, अब वैसी फसल किस्मों के विकास पर ध्यान केंद्रित करना होगा। जो विभिन्न प्रकार के जैविक दबाव सहन कर सके। विपरीत मौसम परिस्थितियों में भी बेहतर उपज दे सकें। डॉ जेड ए हैदर ने कहा कि हमारे वैज्ञानिक शोधार्थी नहीं है। इसलिये उन्हें हमेशा कुछ नया, कुछ आउट ऑफ द बॉक्स करने का प्रयास करना चाहिये। गर्मी के मौसम में अच्छी फसल दे सकने की क्षमता वाली वाली गेहूं की किस्में विकसित करने तथा एक फसल के लाभकारी और वांछित जीन को दूसरी फसलों में ट्रांसफर करने का इनोवेटिव प्रयास होना चाहिये। प्रायोगिक फसलों का डाटा लेने का काम एफओ और पीएचडी के विद्यार्थियों से लेना चाहिए। रजिस्ट्रार डॉ नरेंद्र कुदादा ने अपने अध्यक्ष भाषण में कहा कि वैज्ञानिकों की घोर कमी के बावजूद विश्वविद्यालय किसानों के हित में महत्वपूर्ण शोध कार्य कर रहा है। डॉ जगरनाथ उरांव ने किसानों की स्थिति में अपेक्षित बदलाव लाने के लिए शोध और प्रसार तंत्र द्वारा समेकित प्रयास किए जाने पर बोल दिया। इसके पहले डॉ पीके सिंह ने स्वागत भाषण करते हुए विश्वविद्यालय द्वारा विकसित प्रभेदों, तकनीक, पैकेज आफ प्रैक्टिसेज, बीज उत्पादन आदि पर प्रकाश डाला।

## आज का राशिफल 17-12-2023

**विक्रम संवत** 2080, **शक संवत** 1945। **ऋतु** : हेमंत। सूर्य दक्षिणायन। **मास** : मृगशीर्ष, **पक्ष** : शुक्ल, **तिथि** : पंचमी 17:34 बजे समाप्त। **नक्षत्र** : धनिष्ठा 02:55 बजे रात्रि में समाप्त। **योग** : हर्षण 00:35 बजे रात्रि में समाप्त। **करण** : बव 06:47 बजे तक, बालव 17:34 बजे तक, तदनंतर कौलव 04:23 बजे रात्रि में समाप्त। **चंद्रायु** 4.0 घंटे। **दिशाशूल** : पश्चिम।

**मेष** : अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। शुभांक-1-5-7

**वृष** : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने को सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-2-5-7

**मिथुन** : कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। शुभांक-3-6-7

**कर्क** : परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-4-3-6

**सिंह** : व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। पूर्व नियोजित कार्य सरलता से होंगे। शुभांक-4-6-9

**कन्या** : आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। शुभांक-3-5-6

**तुला** : आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। शुभांक-2-6-7

**वृश्चिक** : व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। शुभांक-1-5-7

**धनु** : खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक संपत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। शुभांक-2-4-5

**मकर** : मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपनों का सहयोग होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पायेगें। शुभांक-5-7-9

**कुंभ** : शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। शुभांक-3-6-9

**मीन** : आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-3-5-6

# विकसित भारत की संकल्पना युवाओं की सोच और सहयोग में ही समाहित है : डॉ टीके शांडिल्य

## डीएसपीएमयू में 'विकसित भारत - 2047' पर व्याख्यान सह कार्यशाला का आयोजन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) सभागार में विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर इतिहास विभाग की ओर से शनिवार को विकसित भारत, 2047 पर एक वृहत कार्यशाला सह व्याख्यान का आयोजन किया गया। दो सत्रों में विभाजित इस कार्यशाला के प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि और वक्ता के तौर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने अपने संबोधन में कहा कि देश के प्रधानमंत्री ने पांच प्रणों की घोषणा की है और इसपर बल देते हुए कहा है, अगर देश के युवा इन पांच प्रणों को समुचित विकास की धारा के साथ जोड़ दे तो निश्चय ही भारत 2047 तक भारत एक विकसित राष्ट्र की श्रेणी में होगा।

उन्होंने भारत के गौरवशाली इतिहास की विस्तार से चर्चा करते हुए भारत देश के अर्थ को परिभाषित करते हुए कहा कि भारत यानी वह देश जो ज्ञान में लीन हो। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों का आह्वान करते हुए कहा कि भारत युवाओं का देश है और वर्तमान में हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं। जल्द ही आने वाले 25 वर्षों में भारत विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में आ जाएगा।



उन्होंने कहा कि 21 वीं सदी भारत की सदी है और 2047 तक भारत करीब 30 ट्रिलियन अमेरिकन डॉलर जीडीपी के साथ विकसित राष्ट्रों की कतार में स्वयं को पाएगा। दूसरे सत्र में इतिहास विभाग के 30 विद्यार्थियों ने विकसित भारत की संकल्पना विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। लगभग 350 विद्यार्थियों की उपस्थिति में 30 प्रतिभागियों ने आगामी 2047 तक विकसित भारत के स्वरूप पर गहन चर्चा की और अपनी समझ के अनुरूप इस अवधि तक विकसित भारत की संकल्पना को उपस्थित विद्यार्थियों के साथ साझा किया। विषय प्रवेश और स्वागत भाषण स्नातकोत्तर इतिहास विभागाध्यक्ष प्रो राजेश कुमार सिंह ने दिया। अतिथियों का स्वागत इतिहास विभाग की शिक्षिका हनी कुमारी ने और धन्यवाद ज्ञापन शुभ्रा लकड़ा ने किया। मंच संचालन अक्षिता वर्मा ने किया। मौके पर इतिहास विभाग की पुष्पा कुमारी, डॉ जेपी शर्मा, प्रियांश कुमार, मास कॉम विभाग के प्रणय कुमार, दिवाकर, नैनी मिश्रा, दीप्ति गौरव, मितेश के साथ इतिहास और मास कॉम विभाग के विद्यार्थी उपस्थित थे। इस महत्वपूर्ण विषय पर परिचर्चा और संवाद कार्यक्रम में स्नातक इतिहास के विद्यार्थी, प्रेरणा कुमारी, प्रिया कौर, करिश्मा कुमारी, मीनाक्षी कुमारी, सत्यम राज, नितेश कुमार, सज्जाद अंसारी, स्मृति कुमारी , मयंक , कुमार गौरव अमन कुमार वर्मा, सुजाता कुमारी, प्रदीप कुमार, राजीव कुमार गुप्ता, यशांगी झा आदि ने अपनी भागीदारी की।

## देश-विदेश तक पहुंचेगी सिल्ली 'गूंज' की आवाज : सुदेश महतो

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सिल्ली स्टेडियम परिसर में शनिवार के दिन गूंज महोत्सव को लेकर सिल्ली विधायक सह गूंज के संरक्षक सुदेश कुमार महतो ने बैठक की। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने कहा कि गूंज महोत्सव में सभी को सम्मान देने का काम किया जाएगा। गूंज महोत्सव की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर बन चुकी है, परंतु सिल्ली गूंज की आवाज देश-विदेश तक हम लोगों को पहुंचना होगा, जिससे झारखंड की कला और संस्कृति को लोग काफी नजदीक से जान सकें। गूंज महोत्सव में देश की झांकी का नजारा भी देखने को मिलेगा। महोत्सव में गरीबों को सम्मान एवं उनके बीच परिसंपत्ति का वितरण भी किया जाएगा। गूंज की पूर्व संध्या प्रत्येक गांव में कैंडल मार्च भी महिला और पुरुषों के सहयोग से निकाला जाएगा। बैठक के अंत में महिला और पुरुषों को शपथ दिलायी गई कि हम लोग लड़के और लड़कियों को एक समान शिक्षा देंगे, उनमें भेदभाव नहीं करेंगे, उनका बाल विवाह नहीं करेंगे एवं महिलाओं पर होने वाले हिंसा और अत्याचार का बहिष्कार करेंगे।

इस मौके पर गूंज के संयोजक जयपाल सिंह, अध्यक्ष सुनील सिंह, जिला परिषद उपाध्यक्ष बिना चौधरी, प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक, उप प्रमुख आरती देवी, पूर्व जिला परिषद सदस्य गौतम कृष्ण साहू, सुशील महतो, बृजेश प्रसाद, संजय सिद्धार्थ, बुद्धिजीवी मंच के विजय चंद्र महतो, धीरेंद्र नाथ महतो, लंबोदर महतो, क्षेत्रीय प्रभारी लक्ष्मण महतो, पंचायत समिति सदस्य अरविंद कुमार, सिल्ली प्रखंड समिति के सभी पदाधिकारी, पंचायत प्रभारी, पंचायत कमेटी, ग्राम प्रभारी, मुखिया, उप मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, पूर्व मुखिया, महिला ग्राम संगठन के पदाधिकारी एवं सक्रिय महिला दीदी उपस्थित थी।

## फर्जी बैंक अधिकारी बनकर 50 करोड़ की धोखाधड़ी

**रांची।** करीब 50 करोड़ की धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए सीआइडी ने 05 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये लोग बड़े ही शातिराना अंदाज में लोगों को अपना शिकार बनाते थे। लोन दिलाने से पहले एक ब्लैंक चेक तक ले लिया करते थे। ये गैंग रामगढ़ के पतरातू में ऐक्टिव था और इनके सॉफ्ट टार्गेट सीसीएल के कर्मी थे। उपरोक्त गिरोह रामगढ़, पतरातू और उसके आसपास इलाके के पांच सौ से ज्यादा लोगों को ठगी का शिकार बना चुके हैं। मामले की जानकारी देते हुए सीआईडी आईजी असीम मिंज ने बताया कि आरोपी लोन दिलाने के नाम पर लोगों से दस्तावेज ले लिया करते थे। उसके बाद एसबीआई बैंक से सभी के नाम पर लोन लेते और फिर उसे अपने खाते में ट्रांसफर करा लिया करते थे।

## सरला बिरला स्कूल में मिनी स्पोर्ट्स डे 'फनाथॉन-2023' का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल रांची ने शनिवार को बड़े हर्षोल्लास, उत्साह और सौहार्द के साथ मिनी स्पोर्ट्स डे 'फनाथॉन-2023' मनाया। इस अवसर पर स्कूल को आकर्षक रंगों से सजाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत से हुई। प्राचार्या और अतिथियों, हरभजन सिंह, अध्यक्ष, झारखंड बास्केटबॉल एसोसिएशन, सतबीर सिंह सहोता, निदेशक, स्पेशल ओलंपिक भारत (एसओबी), झारखंड, इंद्रजीत सिंह, नेशनल चैंपियन, पावरलिफ्टिंग और सुश्री टीना बोधनवाला सूद, क्षेत्रीय निदेशक, स्पेशल ओलंपिक झारखंड, निदेशक तारापोर स्कूल और जेएच तारापोर स्कूल ने गुब्बारे उड़ाकर कार्यक्रम की शुरुआत की घोषणा की।



खेल आयोजन की शुरुआत कैंडी रेस, बैलून रेस, कोन रेस, फ्रॉग रेस और हर्डल रेस जैसी विभिन्न मनोरंजक दौड़ों से हुई। एक बार दौड़ शुरू होने पर, माहौल नन्हे एथलीटों के लिए उत्साह और ढेर सारे प्रोत्साहन से भर गया। प्री-प्राइमरी सेक्शन के उत्साही नन्हे मुन्नों और उत्साही अभिभावकों ने पजल सॉल्विंग रेस, यू एंड मी रेस और पिरामिड मेकिंग रेस जैसी कई दौड़ों में भी भाग लिया। बाधा दौड़ में कक्षा तृतीय के छात्रों ने बाल विकास एवं मानसिक स्वास्थ्य संस्थान-दीपशिखा के छात्रों के साथ भाग लिया और उनके प्रदर्शन से पूरा परिसर दर्शकों की उत्साहपूर्ण तालियों से गूंज उठा। अरुणाचल प्रदेश, महाराष्ट्र, झारखंड और केरल राज्यों के लोक नृत्यों के मिश्रण से बने सांस्कृतिक कार्यक्रम ने पूरे माहौल को बेहद खुशनुमा बना दिया। विभिन्न श्रेणियों की दौड़ के विजेताओं को मेडल और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

कार्यक्रम के अतिथि हरभजन सिंह कहा कि इस कार्यक्रम से उन्हें अपने बचपन को फिर से देखने का मौका मिला। उन्होंने खेल आयोजनों में अभिभावकों को शामिल करने की विद्यालय के प्रयासों की सराहना की और कहा कि ऐसे अवसरों से माता-पिता को अपने बच्चों की क्षमताओं को जानने और उनसे सीखने का अवसर मिलता है। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए समस्त विद्यालय परिवार को बधाई दी। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने खेलों के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि खेल हमें मानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ और बीमारियों से दूर रखते हैं। उन्होंने कहा कि फिट इंडिया मूवमेंट तभी सफल होगा, जब हम गतिहीन जीवनशैली छोड़ेंगे और किसी न किसी खेल में सक्रिय रूप से शामिल होंगे।

## बांग्लादेश मुक्ति युद्ध में इंदिरा गांधी के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता : राजेश



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बांग्लादेश मुक्ति युद्ध, 1971 की स्वर्ण जंयती के अवसर पर और देश को अब तक की सबसे बड़ी सैन्य जीत दिलाने वाले बांगलादेश निर्माण में दिवंगत प्रधानमंत्री श्रीमती इन्दिरा गांधी के ऐतिहासिक योगदान को उजागर करने के लिए शनिवार को कांग्रेस मुख्यालय रांची में शाम 04 बजे बडे एलईडी के माध्यम से भारत-पाकिस्तान युद्ध और बंगलादेश का निर्माण पर डॉक्यूमेंटरी फिल्म चलाई गई, जिसे सैकड़ों कांग्रेसजनों के साथ आमजनों ने भी देखा।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि भारत को सबसे बड़ी जीत दिलाने वाली प्रधानमंत्री स्वर्गीय इन्दिरा गांधी के ऐतिहासिक योगदान को कभी भूलाया जा सकता। जिन्होंने विश्व का इतिहास ही नहीं बल्कि भूगोल बदलने का भी कीर्तिमान स्थापित किया। इसके साथ ही यह गर्व की बात है कि झारखंड राज्य के भी परमवीर लांस नायक अलबर्ट एक्का इस युद्ध में शामिल थे और विजय दिलवाने में इनकी भूमिका अहम थी और साथ में पोदना बलमुचू, लेवनूस किन्डो, नायक सुबेदार राफेल कन्डूलना, हवलदार बरनाबस किड़ो, हवलदार बनेसियएस किडो को भी नमन करते हैं । आज के दिन हम उनके अदूत साहस को सलाम करते हैं यह युद्ध भारत के लिए ऐतिहासिक और हर देशवासी के हृदय में उमंग पैदा करने वाला साबित हुआ था। उन्होंने कहा कि इस युद्ध में करीब चार हजार भारतीय सैनिक वीरगति प्राप्त को प्राप्त किया था। हम आज उनके प्रति भी अपनी श्रद्धासुमन अर्पित करते है और नमन करते हैं।

## राज्य अल्पसंख्यक आयोग को सिविल कोर्ट की शक्ति दे सरकार : डॉ एम तौसीफ



**रांची।** झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य डॉ एम तौसीफ ने आयोग के चेयरमैन हिदायतुल्लाह खान को पत्र लिखकर कहा है कि झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग 2002 अधिनियम, बिहार राज्य अल्पसंख्यक अधिनियम 1991 के तर्ज पर काम कर रहा है। झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग को सिविल न्यायालय का शक्ति प्राप्त नहीं है। पश्चिम बंगाल अल्पसंख्यक आयोग एवं कर्नाटक अल्पसंख्यक आयोग को 2016 में अधिनियम को संशोधित कर वहां की राज्य सरकारों ने सिविल न्यायालय का शक्ति दिया है। उन्होंने पत्र में जिक्र किया है कि 2005 में झारखंड की भाजपा की सरकार ने झारखंड राज्य महिला आयोग अधिनियम 2005 बनाकर राज्य महिला आयोग को सिविल कोर्ट की शक्ति दी है। अल्पसंख्यक आयोग के साथ उस समय की सरकार ने सौतेला व्यवहार किया। सरकार को अधिनियम में संशोधन करके अल्पसंख्यक आयोग को भी सिविल कोर्ट की शक्ति देनी चाहिए।

## सामूहिक दुष्कर्म मामले में छह युवकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, दो अब भी फरार



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रांची पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म में शामिल 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। जिसमें चार नाबालिग है और वहीं दो बालिग है। बताया जाता है कि 9 दिसंबर को तुपुदाना ओपी इलाके में नाबालिग युवती को जबरदस्ती बाइक पर बैठकर सुनसान इलाके में ले जाकर आठ युवकों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म किया गया। इस मामले में शामिल 6 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है, जिसमें चार नबालिग है। वहीं एक मोटरसाइकिल बरामद हुआ है। इसकी जानकारी सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने दी है।

**क्या है मामला :** घटना के संबंध में नाबालिग ने पुलिस को बताया कि वह मूल रूप से खूंटी की रहने वाली है। अपने प्रेमी से मिलने के लिए खूंटी से रांची आयी थी. लेकिन नौ दिसंबर की रात प्रेमी के साथ उसकी किसी बात पर अनबन हो गई और वह उसके घर से बाहर निकल कर सड़क पर आ गई। नाबालिग को अकेले देख पहले बाइक सवार तीन युवकों ने उसे अगवा कर लिया। तुपुदाना के हुलहुन्दू के पास चर्च गेट से उसे रात करीब 9 बजे अगवा किया गया।

फिर आरोपी उसे लेकर खरसीदाग स्थित एक सुनसान स्थान पर पहुंचे। जहां पहले से भी पांच युवक शराब पी रहे थे। उसके बाद सभी ने एक-एक कर नाबालिग से दुष्कर्म किया। जब लड़की की स्थिति खराब होने लगी तो उसे बाइक से लेकर रात 12 बजे दसमाइल चौक के पास छोड़ दिया। लड़की किसी तरह एक ऑटो वाले की सहायता से रात डेढ़ बजे तुपुदाना थाना पहुंची. फिर उसने पूरी कहानी पुलिस को बतायी।

## खबर एक नजर में

### सीसीएल ने खान बचाव प्रतियोगिता में जीते 4 पुरस्कार

**रांची।** टीम सीसीएल ने सिंगरेनी, तेलंगाना में आयोजित 52वीं अखिल भारतीय खान बचाव प्रतियोगिता 2023 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 4 पुरस्कार प्राप्त किये। सीसीएल ए टीम को इस प्रतियोगिता में वैधानिक परीक्षण श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ तथा ओवरऑल दूसरा रनर अप घोषित किया गया। सीसीएल बी टीम के हिमांशु कुमार को इस प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ सदस्य चुना गया। सीसीएल टीम बी ने थ्योरी परीक्षा में तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस टीम का नेतृत्व आशीष राम, बड़का सयाल क्षेत्र और उप कप्तान प्रियांशु, एनके क्षेत्र ने किया। इसके अलावा, भारतीय खनन क्षेत्र के इतिहास में पहली बार महिला बचाव दल ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। साथ ही धातु खनन टीमों के बीच समग्र रूप से सर्वश्रेष्ठ टीम बनी। इसमें सीसीएल की संयमी निधि, एनके एरिया भी टीम सदस्य के रूप में शामिल थी।

### उत्क्रमित मवि सिद्दी का 24वां स्थापना दिवस मना

**रांची।** कांके के सिद्दी स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में 24वीं विद्यालय स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों के द्वारा कई रंगारंग कार्यक्रम किया गया, जिसमें सोशल मीडिया, शिक्षा और महिला संरक्षण ,जल संरक्षण एवं स्वास्थ्य एवं झारखंड का काला संस्कृति पर बढ़ चढ़कर कार्यक्रम पेश किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक डॉ जीतू चरण राम और विशिष्ट अतिथि के रूप में कांके प्रमुख सोमनाथ मुंडा, जिला परिषद पूर्वी संजय महतो, विद्यालय संस्थापक हाजी मोहम्मद महबूब अंसारी ,सुरेश प्रसाद कांके के इएएड, साइंनाथ यूनिवर्सिटी के एसपी अग्रवाल, सीआरपी कृष्णा प्रसाद, रविन्द्र ठाकुर, यासमीन जहां, शांति एक्का, गीता देवी ,सुनीता देवी, बाबूलाल मुंडा समेत विद्यालय की सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थीं। मंच संचालन कक्षा आठवी एवं सातवीं की तनु कुमारी एवं कृष्णा महतोने किया।

### खाटू नरेश का हुआ भव्य केशर-चंदन तिलक श्रृंगार

**रांची।** खाटू नरेश का शनिवार को केसर चंदन तिलक श्रृंगार किया गया। अमावस्या के दिन महास्नान के बाद से बाबा श्याम का श्यामल रूप भक्तों के लिए दर्शन सुलभ था। आज दोपहर के बाद मंदिर के प्रथम आचार्य रत्नाकर शर्मा एवं मंडल के मंत्री श्री श्याम सुंदर शर्मा के नेतृत्व में मंदिर के आचार्य ने खाटू नरेश का भव्य केसर चंदन तिलक श्रृंगार किया। नवीन पोशाक बागा पहनाया गया। 4:30 बजे पट खोलकर बाबा ने भक्तों को दर्शन दिया। नवीन बागा पंचमेवा भोग प्रसाद एवं श्रृंगार सेवा सभी सुरेश डागा मंजु डागा द्वारा निवेदिता था।

### श्री श्याम भंडारे के प्रसाद का भोग अर्पित

**रांची।** हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर 91 वें श्री श्याम भंडारे के प्रसाद का भोग अर्पित किया गया। श्री श्याम मित्र मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया व उपमंत्री अनिल नारनौली के नेतृत्व में यजमान सुरेश डागा मंजु डागा ने श्री श्याम मंदिर में विराजमान खाटूनरेश लड्डू गोपाल जी शालिग्राम जी शिव परिवार हनुमान जी व गुरुजनों को भंडारे का प्रसाद अर्पित कर सुख समृद्धि व खुशहाली की प्रार्थना की।

### हृदय रोग संबंधी नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

**रांची।** सीसीएल गांधीनगर अस्तपताल में शनिवार को हृदय रोग संबंधी नि:शुल्क चिकित्सीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्रख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ मैक्स सुपर स्पेशियलिटी, अस्तपताल, नई दिल्ली के डॉ. राजीव राठी ने सेवा दी। डॉ. राजीव राठी ने 100 से अधिक हृदय रोग से ग्रसित मरीजों का जाँच कर चिकित्सीय सलाह दी।

### सीसीएल में क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन

**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड लिमिटेड में योजना एवं परियोजना विभाग द्वारा शनिवार को मुख्यालय के उमंग सभागार में सीएमपीडीआईएल से संबंधित कार्यों पर सीसीएल के अधिकारियों की ज्ञान वृद्धि को लेकर एक क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीसीएल के सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। अवसर विशेष पर निदेशक राम बाबू प्रसाद, हर्ष नाथ मिश्र एवं बी. साईराम सहित मुख्यालय के महाप्रबंधक/विभागाध्यक्षगण भी उपस्थित थे।

### सर्वधर्म सदभावना समिति ने किया सम्मानित

**रांची।** बिहार क्लब रांची में सर्वधर्म सदभावना समिति के तत्वावधान में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष मो इसलाम ने की। कार्यक्रम की सरपरस्ती मुख्य संरक्षक डा अजीत सहाय, संरक्षक जयसिंह यादव एवं कुणाल अजमानी ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिंहा एवं विशिष्ट अतिथि,एडीएम विधि व्यवस्था राजेश्वर नाथ आलोक, लोअर बाजार थाना प्रभारी दयानंद कुमार, थाना प्रभारी वेंकटेश प्रसाद, विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठन के प्रमुख प्रतिनिधिगण थे। आपसी सौहार्द एवं भाईचारे के साथ विभिन्न धार्मिक त्योहारों को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने एवं विभिन्न सामाजिक कार्यों में अहम भूमिका निभाने के फलस्वरूप मोमेन्टो, शाल एवं झारखंडी प्रतीक पत्ता देकर सदभावना सम्मान से नवाजा गया। कार्यक्रम में उपायुक्त राहुल कुमार सिंहा ने कहा कि सर्वधर्म सदभावना समिति के तमाम लोगों की भूमिका सराहनीय है। उन्होंने कहा कि सदभावना सम्मान समारोह ने समाज को एक नई रौशनी प्रदान की है।

### इनर व्हील क्लब ऑफ स्वर्णरेखा ने लगाये तुलसी के पौधे

**रांची।** इनर व्हील क्लब ऑफ स्वर्णरेखा की अध्यक्ष माला श्रीवास्तव और सचिव सोमा भादुड़ी के मार्गदर्शन में सदस्यों ने जगन्नाथ मंदिर परिसर में तुलसी के 108 पौधे, गेंदा के 8 गमले और अन्य फूलों के कुछ पौधे लगाए। उन्होंने लोगों को बताया कि धार्मिक दृष्टि से पवित्र माना जाने वाला तुलसी का पौधा औषधीय महत्व का भी है। इस दौरान मंदिर के ट्रस्टियों ने क्लब सदस्यों के इस भाव की सराहना की। इनर व्हील क्लब की ओर से कैंपस में तुलसी उपवन के साथ पेंट किया हुआ एक लोहे का स्टैंडी स्थापित किया गया है और दो बड़े कूड़ेदान भी दान किए गए हैं।

### एमएसीपी संघर्ष मोर्चा का 19 को विधानसभा के समक्ष धरना

**रांची।** एमएसीपी संघर्ष मोर्चा के सदस्य विधानसभा के समक्ष 19 दिसंबर, 2023 को 11 बजे से एक दिवसीय धरना देंगे। इसकी तैयारी की समीक्षा को लेकर 16 दिसंबर को रांची के अरगोड़ा स्थित कैंप कार्यालय में बैठक हुई। इसमें तीनों संवर्ग के शिक्षक प्रतिनिधि अमीन अहमद, गंगा प्रसाद यादव, नरेंद्र कुमार यादव, आशुतोष कुमार, विजय कुमार सिंह, अरुण कुमार दास सहित कई शिक्षक प्रतिनिधि मौजूद थे। बैठक की अध्यक्षता मोर्चा के संयोजक अमरनाथ झा ने की।

### धुर्वा में होटल से हथियार के साथ पकड़े गये आधा दर्जन युवक

**रांची।** रांची पुलिस ने करीब आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। रांची पुलिस ने धुर्वा थाना इलाके के एक होटल में छापेमारी कर पिस्टल और गोली के साथ करीब आधा दर्जन युवकों को हिरासत में लिया है। बताया जाता है कि यह सभी युवक किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे। फिलहाल इन सभी लोगों को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है और अधिक से अधिक जानकारी जुटाने का प्रयास कर रही है।

### विधायक सीपी सिंह का पीए बता प्रज्ञा केंद्र संचालक से मांगे पैसे

**रांची।** नगर विधायक सीपी सिंह का पीए बताकर प्रज्ञा केंद्र संचालक से रुपये मांगने का मामला सामने आया है। इसे लेकर सीपी सिंह ने लालपुर थाना में शनिवार को शिकायत दर्ज कराई है। दर्ज शिकायत में कहा गया है कि सौरव गुप्ता जिनका प्रज्ञा केंद्र है, उनके मोबाइल पर फोन कर मेरे नाम से लगभग 28 हजार रुपये की मांग की गई है और बताया कि मैं सीपी सिंह का पीए बोल रहा हूं, कहिए तो विधायक जी से बात करवा देता हूं। बातचीत का ऑडियो क्लिप भी मुझे उपलब्ध कराया गया है। उसने पैसे जमा कराने के लिए अपना अकाउंट नंबर भी सौरव के मोबाइल पर व्हाटसएप्प किया है।

## हृदयाघात से बचने को रक्तचाप व रक्त शर्करा नियंत्रण में रखें : डॉ जगनाणी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** अगर हमलोग हृदयाघात, पक्षाघात एवं अन्य कार्डियोवैस्कुलर उलझनों से बचना चाहते हैं, तो हमें अपने रक्तचाप, रक्त शर्करा एवं वसा अर्थात कॉलेस्ट्रॉल के स्तर को नियमित रूप से नियन्त्रण में रखना होगा। रांची में हो रहे एक्यूकॉन 2023 में मुख्य अतिथि के रूप में आमन्त्रित डॉ वीके जगनाणी ने अपने व्याख्यान में उपरोक्त बात कही। उन्होंने बताया कि अनियन्त्रित रक्तचाप, मधुमेह, डिस्लिपीडिमिया एवं शिथिल जीवनशैली इनके मुख्य कारक हैं ।

उन्होंने यह भी बताया कि मद्यपान, धुम्रपान, तम्बाकू, तेल एवं तनाव से बचना चाहिए। अक्सर हमलोग हृदयाघात को गैस समझ कर उपेक्षित कर देते हैं, जो की मृत्यु अथवा हार्ट फेल्योर करवा देता है। छाती में पीड़ा, सांस फूलना, पसीना आना, बेचैनी होना, मतली, जबड़े से लेकर नाभि के बीच के किसी भी कष्ट को हृदयाघात मानना चाहिए एवं उसके अनुरूप परिक्षण होना चाहिए।

अगर हमलोग नियमित रूप से हरे शाक- सब्जी एवं फलों का सेवन करें तथा गृह निर्मित पौष्टिक आहार लें तो इस तरह की समस्या से बच सकते हैं । साथ ही, प्रयास कर, प्रतिदिन १ घंटा पैदल चलें अथवा आसन / प्राणायाम, तैराकी, साइकल चलायें तो स्वयं को स्वस्थ्य रख सकेंगे। डॉ जगनाणी ने एक्यूप्रेशर चिकित्सा पद्धति एवं आधुनिक आयुर्विज्ञान ऐलोपैथी के सामंजस्य से स्वस्थ्य रहने पर विशेष महत्व देते हुए दोहराया कि रक्तचाप, मधुमेह के मापक को आवश्यक रूप नियन्त्रण में रखना है ।

## डॉक्स मिलन समारोह में पुरानी यादें हुईं ताजा

**रांची।** संत जेवियर्स स्कूल डोरंडा के पूर्ववर्ती छात्रों की संस्था, डोरंडा ओल्ड जवेरियंस (डॉक्स) ने रांची क्लब में पूर्ववर्ती छात्रों के वार्षिक मिलन का आयोजन किया। इसमें ढाई सौ से ज्यादा लोगों ने अपने बचपन में स्कूल में बितायी यादें साझा की। डॉक्स औषधालय में स्वेच्छा से समय देने वाले डॉक्टरों डॉ समित लाल, डॉ भव्य जैन एवं डॉ विराट हर्ष को सम्मानित किया गया। हर्ष वशिष्ट एवं अक्षत आनंद को सर्वश्रेष्ठ कार्यकर्ता का सम्मान दिया गया। इस वर्ष डॉक्स द्वारा आयोजित कार्यक्रमों के संयोजकों को भी सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वाले सदस्यों में उत्कर्ष मिश्रा, संजय पटेल, निहित गड़ोदिया, मनप्रीत सिंह आनंद, अभय अलंग, आयुष बुधिया, दिव्यांश चड्ढा, शिवम अग्रवाल, नवनीत सहाय, राघव आनंद, सिद्धार्थ भाटिया शामिल थे।

## कैरलि स्कूल में मना वार्षिकोत्सव 'प्रतिबिंब - कलर्स ऑफ लाइफ'

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** कैरलि स्कूल, धुर्वा कैंपस में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव प्रतिबिंब - कलर्स ऑफ लाइफ के प्रथम दिन शनिवार को केजी-प्रेप के बच्चों ने विविध आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। अतिथियों का स्वागत विद्यालय की इनचार्ज श्रीमती अनुपमा महतो ने वेलकम स्पीच के माध्यम से किया।



स्कूल मैनेजमेंट कमिटी के चेयरमैन फिलिप मैथ्यु ने उद्घाटन भाषण में बच्चों को प्रोत्साहित किया। केजी के बच्चों ने स्माइल ऑन फेस द्वारा अपने मासूम एवं खुबसूरत मुस्कानों को बिखेरते नृत्य प्रस्तुत किया। हंसमुख रहना कोई हमसे सीखे से बच्चों ने शानदार अंदाज में प्रसन्न रहने का प्यारा संदेश दिया। पर्यावरण के प्रति सजगता रख प्रदूषण नियंत्रित कर जीवन के विभिन्न रंगों की मौलिकता को कैसे कायम रखा जा सकता है, इसकी अनोखी प्रस्तुति प्रेप के विद्यार्थियों ने दी। खुशियों के अनेक रंगों को कैसे संजोया जाये, इसे मधुर गीतों पर नृत्य के माध्यम से बच्चों का मनमोहक अंदाज 'कलर्स ऑफ लाइफ' थीम के वार्षिकोत्सव को सफल बनाया।

मौके पर उपस्थित विद्यालय के प्राचार्य राजेश पिल्लई ने कहा कि छोटे बच्चों में हर रंग की खुबसूरती व खासियत भरी रहती है। जरूरत है तो सिर्फ अभिभावक और शिक्षक के पूर्ण समर्पण की, जो उनके उचित मार्गदर्शन में सहायक बनें और उनके रंगों को निखार कर सकारात्मक ऊर्जा दे सकें। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं के सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

स्पीड न्यूज

## फर्नीचर दुकान से 15 लाख नगद की चोरी

**अनगड़ा।** थाना क्षेत्र के गोंदली पोखर स्थित फर्नीचर दुकान से बीती रात अज्ञात चोरों ने 15 लाख रुपया नकद चोरी कर लिए जाने का दुकान के मालिक शंकर महतो ने अनगड़ा थाना में एक प्राथमिकी दर्ज कराया है। शंकर महतो का कहना है कि दिल्ली से फर्नीचर आने वाला था। इसे लेकर रुपये दुकान में रखकर घर चला गया था। रात में दुकान के पीछे की खिड़की तोड़कर चोरों ने इस घटना को अंजाम दिया। थाना प्रभारी दिलेश्वर प्रसाद ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि पीछे की खिड़की में ग्रील भी नही लगा हुआ है। बावजूद इतनी बडी राशि दुकान में रखने का मामला थोड़ा संदेहात्मक प्रतीत होता है।

## स्कूली विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**ठाकुरगांव।** भारती फाउंडेशन के सहयोग से शनिवार को स्कूली छात्रों को शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस क्रम में राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय उरुगुट्ट, मालश्रृंग, कुम्हरिया तथा मध्य विद्यालय सांगा के छात्रों को रामदयाल मुंडा संग्रहालय, मोराबादी का भ्रमण कराया गया। मौके पर संस्था के नितेश कुमार, अली असगर तथा संग्रहालय के कर्मचारियों ने छात्रों को विस्तृत जानकारी दिया। मौके पर शिक्षक पोखराज प्रसाद सिन्हा, शोभा कुमारी, पार्वती देवी, समीउल्लाह अंसारी समेत अन्य मौजूद थे।

## डकरा के रैयतों ने पीओ से मांगी सुविधाएं

**खलारी।** रैयत विस्थापित मोर्चा डकरा शाखा के अध्यक्ष सुनील यादव व ग्रामीणों ने केडीएच व डकरा परियोजना पदाधिकारी अनिल सिंह से मूलभूत सुविधाओं का मांग किया गया। चुरी होयेर के रैयतों ने प्रबंधन से बिजली पानी सड़क टावर लाइट ओपन जिम सहित अन्य का मांग किया गया। डकरा शाखा के अध्यक्ष ने प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा कि 25 दिनों के अंदर में अगर सकारात्मक पहल नहीं हुई तो डकरा शाखा रैयत विस्थापित मोर्चा के द्वारा जन आंदोलन किया जाएगा। मौके पर लखन गांझूए रविंद्र यादव संतोष यादव प्रयाग यादव बीरेंद्र यादव गणेश यादव मेघा यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## नावाडीह पंचायत में 135 मामलों का निष्पादन

**राहे।** प्रखंड के नावाडीह पंचायत में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के 1609 आवेदन प्राप्त हुआ जिसमें त्वरित कार्रवाई करते हुए 135 आवेदन का निबटारा किया गया। अधिकारियों ने सभी विभागों की योजनाओं की जानकारी देकर लाभ लेने की उपाय को बताये। इस दौरान धोती, साड़ी, लुंगी व कंबल वितरण हुआ। वृद्धा, विधवा पेंशन योजना का स्वीकृति प्रमाण पत्र दिया गया। प्रमुख लीलमनी देवी, बीडीओ हारून रशीद, जिप सदस्य बादल महतो, उप प्रमुख उमेश महतो, मुखिया श्याम सिंह मुंडा, संजीव लोहरा, हरीश मुंडा, मयुक भूषण महतो, बीरेन महतो, पशुपालन पदाधिकारी डॉ प्रफुल्ल कुमार सहित सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

# ठंड में मारुति मंगल परिवार बना गरीबों का सहारा

### तीन हजार वृद्ध-गरीबों के बीच कंबल वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता



गरीबों को कंबल प्रदान करते मुख्य अतिथि अनुपमा देवी।

**ओरमांझी।** अंचल मैदान ओरमांझी में शनिवार को सामाजिक व अध्यात्मिक संगठन मारुति मंगल परिवार द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित कर लगभग तीन हजार वृद्ध व गरीबों के बीच कंबल वितरण किया। कार्यक्रम में इतने लोगों को पहुंचने पर केंद्रीय अध्यक्ष बिक्रम महतो प्रखंड जन प्रतिनिधियों की प्रयास की सरहाना की और कहा कि माारुती मंगल परिवार द्वारा गरीब व जरूरतमंदों को मदद करने के साथ सामाजिक व धार्मिक स्तर पर भी कार्य करती है। उन्होने मृत्यु भोज, बाल-विवाह, जुआ, शराब व अंधविश्वास जैस सामाजिक कुरीतियों को दूर करने की बात कही, और बताया पिछले दस वर्ष से मारुति मंगल परिवार द्वारा विभिन्न प्रखंडों में कंबल वितरण किया जा रहा है। इस वर्ष कार्यक्रम का शुभारंभ ओरमांझी प्रखंड से हुई है। कार्यक्रम विभिन्न पंचायत के मुखिया व पंस सदस्य व उपस्थित लोगों से अपने धर्म संस्कृति के संरक्षण में सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि स्थानीय पर्व-त्योहार, खानपान, रीति-रिवाज व अपने संस्कृतिक विरासतों को बचाने और पारंपरिक गीत संगीत, वाद्ययंत्र व स्थानीय कलाकारों को बढ़ावा देने की जरूत है। वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रमुख अनुपमा देवी व जिप सदस्य सरिता देवी ने भी संबोधित किया और मारुति मंगल परिवार के कार्यों की सरहाना की। प्रमुख ने कहा इस ठंड में सिकुड़े गरीबों के चेहरे पर मारूति मंगल द्वारा मुस्कान बिखेरने का कार्य किया गया है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए कामेश्वर बेदिया ने कंबल बितरण करने में सहयोग करने वाले सभी जनप्रतिनिधियों के प्रति विशेष अभार जताया और कहा सभी की सहभागिता से ही सामाजिक व जन कल्याणकारी कार्य सफल होते हैं।

**कार्यक्रम में थे मौजूद**

कार्यक्रम में मारुति मंगल परिवार के रांची, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, खूंटी, हजारीबाग व रामगढ़ जिला के पदाधिकारी के साथ संगठन प्रमुख सुमेश कुमार, कामेश्वर बेदिया, संदीप रुद्रा, मुकुंद महतो, शशि मेहता, संतोष कुशवाहा, निरंजन गोप, पवन कुमार, अमरनाथ भोक्ता, मदन महतो, संजय कुमार, बलकिशोर मुंडा, जयप्रकाश उरांव, बिरसा मुंडा, जीतवाहन प्रजापति, अजीत कुमार, दीनदयाल लोहरा, राकेश कुमार, बजरंग गोप, कलिंदार गोप, बुधनाथ गोप, जन्मजेय महतो, धर्मचंद कुमार मौजूद थे।

# खलारी : टीएसपीसी ने ली हाइवा फूंकने की जिम्मेवारी

### शॉर्ट सर्किट से हाइवा जलने का दर्ज कराया गया था मामला

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** खलारी सीमेंट फैक्ट्री में चल रहे हाइवा पर बीते दिन के मध्य रात्रि में अचानक शर्टशर्किट से जलने का दिया गया नाम पर शनिवार को टीएसपीसी संगठन ने पत्र जारी कर घटना का जिम्मेवारी लिया। संगठन ने पत्र जारी कर लिखा है कि सीमेंट फैक्ट्री में हाइवा के द्वारा कोयला ढुलाई का कार्य में लगे हाइवा पर मध्य रात्रि आगजनी की घटना का अंजाम संगठन ने लिया। संगठन ने कोयला ट्रांसपोर्टिर, लिफ्टर, हाइवा मालिक और लोडर को चेतावनी दी है कि संगठन से बात किये बगैर कोई काम नहीं करें। संगठन ने लिखा है कि एनके पिपरवार एरिया में जितने भी डंप कमिटी है। वह टीएसपीसी संगठन से बात करें। ऐसा नहीं करने वालों पर फौजी कार्रवाई होगी।

**कोयला व्यवसायी के घर पर फायरिंग की घटना को बताया अफवाह**

खलारी थाना क्षेत्र के करकट्टा में कोल व्यवसायी के गेट पर 5 नवम्बर को अपराधियों के द्वारा फायरिंग करने का मामला सामने आया। इस घटना को पुलिसिया कार्रवाई नही करते हुए घटना को अपवाह के नाम देकर दबा दिया गया था। बताना चाहते है कि खलारी थाना क्षेत्र के एनके एरिया में कोयला का कार्य बड़े ही जोर शोर व गठजोड़ के साथ किया जाता है।

# हुरहुरी प्रखंड के लाभुकों में बांटी गयी परिसंपत्ति, मिली धोती-साड़ी

### सरकार आपके द्वार

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** प्रखंड के हुरहुरी में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में हजारों की भीड़ उमड़ी। डॉ विजय कुमार व अन्य पदाधिकारियों ने विभाग की ओर से चलायी जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। अबुआ आवास योजना को लेकर महिलाएं काफी उत्साहित दिखी। यहां पूरे दिन फार्म भरने और जमा करने की होड़ मची रही। इस दौरान लाभुकों को सोना-सोबरन योजना के तहत धोती सौर साड़ी तथा छात्रों को मिलने वाली साइकिल की डीबीटी चेक दिया गया। अध्यक्षता मुखिया कमल खलखो ने की, जबकि संचालन बीपीएम तैयब अंसारी ने किया। इधर रातू पश्चिमी पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा में सांसद संजय सेठ ने हिस्सा किया।

**कार्यक्रम में थे शामिल**

प्रमुख संगीता तिर्की, बीडीओ हरिशंकर बारिक, उप प्रमुख रियाजुल अंसारी, बीडब्लूओ अलख सिंह, बीएसओ अभिषेक कुमार, शालिनी आईद, सीआई संतोष उरांव, अर्चना सिन्हा, मोहन साहू, तनवीर हसन, मियांजान अंसारी, आफताब आलम, खलील अंसारी, संजू देवी, शमशाद अंसारी, मो कलाम, महेंद्र ठाकुर, सुबोध प्रसाद, हैदर अली, करमी उरांव, जोशीला, राजेश पांडेय, मंसुर आलम, अतुल राज, परमेश्वर गोप, उदय नाथ शाहदेव, मनोज गुप्ता, प्रखंड और अंचल कर्मी आदि।

# व्यावसायिक तौर पर करें बीज उत्पादन : अर्जुन मुंडा

### केंद्रीय कृषि मंत्री ने किया नामकुम के तीन संस्थानों का दौरा

खबर मन्त्र संवाददाता



**नामकुम।** केंद्रीय कृषि एवं कृषि कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा ने शनिवार को नामकुम के राष्ट्रीय कृषि उच्चतर संस्करण संस्थान, अनुसंधान केंद्र प्लाण्डु एवं भारतीय कृषि जैवप्रौद्योगिकी संस्थान गढ़खटंगा का दौरा किया। इस दौरान श्री मुण्डा ने राष्ट्रीय कृषि उच्चतर संस्करण संस्थान के वैज्ञानिकों, लाह के उन्नत किसानों, उत्पादकों एवं उद्यमियों के साथ बातचीत कर जानकारी ली।

साथ ही संस्थान के निदेशक डा अभिजीत कर ने संस्थान के बारे में एवं आगामी योजनाओं के बारे में केन्द्रीय मंत्री को अवगत कराया। वहीं अनुसंधान केन्द्र प्लांडु में कृषि मंत्री ने कृषक, वैज्ञानिक संवाद एवं कृषि प्रदर्शनी का उदघाटन किया। उन्होंने झारखंड के किसानों को प्राकृतिक एवं वैज्ञानिक तरीकों से खेती करने, फलों एवं सब्जियों का परीक्षण मूल्यवर्धन तथा बीज उत्पादन जैसे उद्यमों को व्यावसायिक तौर पर अपनाने की सलाह दी। श्री मुंडा ने अनुसंधान केन्द्र से लाभान्वित प्रगतिशील किसानों और उद्यमियों को उन्नत बीज एवं कृषि यंत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया। उन्होंने केन्द्र परिसर में रुद्राक्ष के पौधे का रोपण एवं प्रक्षेत्र का भ्रमण किया। वहीं भारतीय कृषि जैव प्रौद्योगिकी की संस्थान गढ़खटंगा परिसर में श्री मुंडा ने संस्थान में चल रहे शैक्षिणक एवं रिसर्च एवं गतिविधियों का दौरा किया। कार्यक्रम में सांसद संजय सेठ, संस्थान के निदेशक सुजय रक्षित, रिसर्च संयुक्त निदेशक अनुसंधान विजय पाला भड़ना, संयुक्त निदेशक शैक्षिणक के के कृष्णानी आदि मौजूद थे।

## एक नजर में

### वीर बुध भगत स्मारक समिति की बैठक

**चान्हो।** अमर शहीद वीर बुधु भगत स्मारक समिति की बैठक सिलागाईं स्थित झखरा कुम्बा के समीप शिवपूजन भगत की अध्यक्षता में शनिवार को संपन्न हुई। इस दौरान अगले वर्ष 17 फरवरी को सिलागाई में आयोजित होने वाले जयंती समारोह को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में 25 जनवरी को स्कूली बच्चों के बीच निबंध लेखन और स्मृति पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित करने, 13 फरवरी को रांची के अरगोड़ा चौक में शहादत दिवस मनाने, 14 फरवरी को सामाजिक व्यवस्था पाडहा पर कार्यशाला आयोजित करने, 15 फरवरी को सामाजिक अगुवा के लिए सम्मान समारोह का आयोजन करने तथा 17 फरवरी को शहीद वीर बुधु भगत का जयंती समारोह आयोजित करने का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में महासचिव गोपाल भगत, डा रामकिशोर भगत, मो गफ्फार, अल्फ्रेड मिंज, चूमनु उरांव सहित अन्य मौजूद थे।

### मैक्लुस्कीगंज के वृद्ध असहायों को मिला कंबल



**खलारी।** मैक्लुस्कीगंज में लगातार कनकनी और बढ़ते हुए ठंड के प्रकोप को देखते हुए विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह ने मैक्लुस्कीगंज क्षेत्र के दूर सुदूर ग्राम में जाकर असहाय बुजुर्ग व्यक्तियों बीके बीच कंबल का वितरण किया। विधायक प्रतिनिधि ने मायापुर पंचायत के हरहूए बसरियाएकेदलएव लपरा पंचायत में कुँआर पत्रा चट्टीन्दीए विकास नगर में कंबल वितरण किया गया। वही खलारी में चुरी होयेर ग्राम में भी वृद्ध असहाय के बीच कंबल वितरण किया गया। मौके पर अरविंद सिंह शशि प्रसाद साहू अनिल गंझू अनिल तुरी गणेश यादव गिरधर मिश्रा मुकेश यादव जलेश्वर यादव सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### सेरेंगहातू गांव में पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास



**सोनाहातू।** प्रखंड के सेरेंगहातू गांव में शनिवार को नहर किनारे 1000 फीट पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। जिप सदस्य मंजू सिंह मुंडा, पूर्व जिप अध्यक्ष सुकरा मुंडा और विधायक प्रतिनिधि के रूप में श्याम महतो ने संयुक्त रूप में विधिवत पूजन के बाद शिलान्यास किये। जिला योजना के अनाबद्ध निधि से 1000 फीट पीसीसी सड़क का निर्माण 16 लाख रुपये की लागत से किया जाना है। इस अवसर पर मुकेश, दिलीप महतो, अजम्बर सिंह मुंडा,विपत भंजन सिंह मुंडा, आह्लाद सिंह मुंडा, सीताराम महतो, रमेशचंद्र महतो, राजेन्द्र मुंडा, मीणा देवी आदि मौजूद थे।

# मांडर के कनभीठा गांव में एक-दूजे के हुए 19 जोड़े

### सामूहिक विवाह

खबर मन्त्र संवाददाता



**मांडर।** प्रखंड के नगड़ा पंचायत के मुखिया बहादुर उरांव ने अपनी अगुवाई में शनिवार को कनभीठा गांव में उन्नीस जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न कराया। ये जोड़े पैसों के अभाव में विवाह करने में असमर्थ थे। ये सभी प्रखंड के अलग-अलग हिस्सों से रहने वाले थे। इनकी सूचना मिलने पर मुखिया द्वारा पहल की गई। आसपास के इलाकों में पता करने पर मुखिया को कुल उन्नीस ऐसे जोड़े मिले जो पैसे के अभाव में शादी धूमधाम से करने में असमर्थ थे। सूचना मिलने पर मुखिया द्वारा पहल की गई। मुखिया ने बताया कि लगभग पंद्रह दिन पूर्व सूचना मिली कि कुछ गरीब परिवार के लोग हैं जो अपने बच्चों की शादी तो तय कर चुके हैं पर पैसे के अभाव में शादी नहीं कर पा रहे हैं। लगभग एक सप्ताह पूर्व हुई बैठक में सभी ने कहा कि कम से कम उनकी शादी में एक लाख का खर्च है और वे समर्थ नहीं हैं। मीटिंग में तय किया गया कि सभी के परिजन और नजदीकी रिश्तेदार इस शादी में मौजूद रहेंगे और सभी मिल जुलकर इस खर्च को वहन करेंगे। इसी के तहत शनिवार को उन्नीस जोड़ों की शादी सम्पन्न हुई।

## मांडर टोल प्लाजा के निकट सड़क हादसे में दो घायल

**मांडर।** एनएच-39, मुख्य पथ पर स्थित मांडर टोल प्लाजा के निकट हुए सड़क हादसे में दो लोग घायल हो गए। घटना शानिवार दोपहर दो बजे की है। मिली जानकारी के अनुसार लोहरदगा निवासी बीस वर्षीय सतीश उरांव व चान्हो के उन्नीस वर्षीय अनूप उरांव अपने बाइक से रांची की ओर जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार के कारण टोल प्लाजा के निकट खुद ही असंतुलित होकर सड़क पर गिर पड़े। इस हादसे में सतीश को गंभीर चोट आयी है जिसे प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर किया गया है।

## जिन्तु पंचायत में पड़े 1110 आवेदन, 798 का निष्पादन

**सोनाहातू।** प्रखंड प्रशासन के द्वारा आयोजित आपकी योजना. आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिन्तु पंचायत में विभिन्न विभागों के 1110 आवेदन आए जिसमें 798 आवेदनों पर तुरंत कार्रवाई करते हुए निष्पादन किया गया। अधिकारियों ने योजनाओं की जानकारी देकर लाभ लेने के उपाय को बताये। कार्यक्रम के दौरान बीडीओ ने कहा कि घर-घर पहुंच कर लोगों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है।

# आदर्श उवि मैक्लुस्कीगंज के नाबालिग विद्यार्थी बेखौफ दौड़ा रहे बाइक

राजेश प्रसाद

**खलारी।** आदर्श उच्च विद्यालय मैक्लुस्कीगंज के नाबालिग विद्यार्थी बेखौफ बिना हेलमेट के ट्रिपल सवारी बाइक दौड़ाते देखे जा रहे हैं। बाइकों की रफ्तार इतनी अधिक होती है कि कभी भी दुर्घटना हो सकती है। विद्यार्थियों के बाइक के स्पीड पर लगाम लगाने में विद्यालय प्रबंधन के साथ-साथ स्थानीय प्रशासन भी पूरी तरह से फेल साबित हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नाबालिग विद्यार्थी सड़क पर ऐसे वाहन दौड़ाते हैं मानो कोई बाइक रेश हो रही हो। वाहनों की रफ्तार देख कर ही लोग सहम जाते हैं। कुछ बोलने या डांटना फटकार करने से भी उन पर कोई असर नहीं पड़ता है। बता दे कि पूरे झारखंड के स्कूलों में जहां विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पाठ पढ़ाया जा रहा है, लेकिन इसका कोई नतीजा नहीं निकल रहा है। इस तस्वीर को देखकर सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि किस तरह छोटे-छोटे स्कूली बच्चे यातायात नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं।



**नहीं मानते हैं बच्चे : शिक्षक**

विद्यालय के शिक्षक ने कहा कि उन्होंने अपने स्तर से कई बार विद्यार्थियों को बाइक चलाने से मना किया है। विद्यर्थियों के परिजनों व प्रशासन को अवगत कराया है, लेकिन प्रशासन का कहना होता है कि बच्चे दूर-दराज के गांवों से आते हैं, इस कारण उन्हें कैसे रोका जाए। वहीं अभिभावक भी सब कुछ जानते हुए भी नाबालिगों को बाइक दे देते हैं। यही सबसे बड़ी गलती है।

# मलेरिया, कुष्ठ, टीबी, बीपी सुगर, कैंसर से बचाव पर चर्चा

### ओरमांझी में जन आरोग्य समिति की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**ओरमांझी।** प्रखंड के बारीडीह हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में शनिवार को आनंदी व बारीडीह जन आरोग्य समिति की बैठक मुखिया पार्वती देवी की अध्यक्षता में हुई। जिसमें दोनों सेंटर की समीक्षा की गई। जिसमें मलेरिया, फलेरिया, कुष्ट, टीबी, रेबीज, बीपी, सुगर, कैंसर सहित अन्य बीमारियों से लोगों के बचाव पर विस्तार से चर्चा किया गया। साथ ही केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित जनता से जुड़ी स्वास्थ्य सुविधाओं जोड़ने का निर्णय लिया गया। जिसके संयोजक शैलेन्द्र मिश्रा को बनाया गया। वहीं पंस सदस्य शशि मिश्रा ने कहा सीएचओ, एएनएम, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, स्वास्थ्य सहिया व जल सहिया के आपसी समन्वय से कार्य करने से गांव की महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य मुहैया कराया जा सकता है। बेहतर स्वास्थ्य बेवस्था के साथ ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक प्राथमिकता होना चाहिए। बैठक में हेल्थ एंड वेलनेस सेन्टर, बारीडीह के भवन निर्माण तथा आनन्दी में बिजली कनेक्शन कराने के दिशा में कार्य करने का भी निर्णय लिया गया। इसके आलावा सेंटर का नाम हेल्थ एंड वेलनेस सेन्टर से बदल कर आयुष्मान आरोग्य मंदिर करने के विभागीय निर्णय की संपुष्टि बैठक में की गई। बैठक में सीएचओ उमा कुमारी, एएनएम सुनीला टोप्पो, रानी कुमारी, लेवंती देवी, योगेन्द्र साहू, महेंद्र सिंह, प्रतिमा देवी, गीता देवी, मीना देवी, शिबन देवी, संजुला देवी, प्रमिला देवी, फुलकुमारी देवी, रीता देवी, आंगनबाड़ी सेविका, स्वास्थ्य व जल सहिया उपस्थित थे।

# बेड़ो में सौर ऊर्जा जलमीनार बनाने से बर्बाद हो गये कई चापाकल

### बेड़ो में जलमीनार योजना बनी लूट मीनार योजना

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के 17 पंचायत के 84 गांवों में बनी जलमीनार शोभा की वस्तु बनकर रह गये हैं। इसका उपयोग ही नहीं हो रहा है। इस कारण लाखों की लागत से निर्मित जलमीनारों का लाभ लोगों को नहीं मिल रहा है। जलमीनार बनाकर सरकारी राशि का सिर्फ दुरुपयोग किया गया। विभागीय लापरवाही के कारण वर्तमान में कई जलमीनार बंद व बेकार पड़े हैं। वहीं कुछ जलमीनार ऐसे भी हैं, जिससे स्थानीय लोगों को एक बूंद पानी नहीं मिल रहा है, जबकि सरकार द्वारा गांवों में शुद्ध पेयजल के लिए 14वीं और 15वीं वित्त से सौर ऊर्जा से संचालित मीनार बनाई गई है। भले ही आम जनमानस को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने का दावा हो और करोड़ों रुपये की योजनाएं बनाकर रुपये खर्च हो रहे हों, पर गांव के धरातल पर सरकार की योजनाओं का वास्तविकता देखी जा सकती है। ग्रामीणों का दर्द न तो जिम्मेदार समझ रहे हैं और न ही अधिकारी। ग्रामीणों का कहना है कि भले ही सरकार लोगों को शुद्ध पानी को लेकर बड़े-बड़े दावे कर रही हैए लेकिन गांव में पीने की पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। जिम्मेदारों की गठजोड़ से जलमीनार के नाम पर खानापूर्ति कर निर्माण मद की आधी राशि कमीशन के नाम पर बंदरबांट कर लिया जा रहा है। परिणाम है की पंचायतों के गांव में बन रहे जलमीनार की गुणवत्ता इतनी घटिया है कि निर्माण के कुछ माह बाद ही खराब होने के कारण इस योजना से लाभुकों को कोई लाभ नहीं मिल पाता है। कई तो ऐसे जलमीनार भी हैं जो निर्माण काल के शुरूआती दौर से ही चालू नहीं हुए हैं। गांवों में जलमीनार योजना को सरकारी प्रावधानों को ताक पर रखकर कमीशनखोरी के चक्कर में निर्माण कार्य किया गया है। वहीं ग्रमीणों की शिकायतों को दर किनार कर दिया जाता है। साथ ही निरीक्षण व जांच करने वाली टीम भी जांच के बाद भी कुछ नहीं करती है। जलमीनार का निर्माण कराने में सप्लायर निर्माण मद की आधे से अधिक राशि कमीशन के नाम पर भेंट चढ़ाता है, लिहाजा बदले में उसे जैसे . तैसे जलमीनार निर्माण की छूट मिलती है। जलमीनार में जिस सोलर प्लेटए पाइप एवं पानी का टंकी तथा मोटर आदि का उपयोग किया जाता हैए उसका गुणवत्ता इतना कमजोर होता है कि कुछ दिन व माह बाद ही खराब हो जाता है। पानी का आपूर्ति बंद हो जाती है। प्रखंड के 17 पंचायत के 84 गांवो में चले जाएं 1 से 2 जलमीनार बंद पड़ी मिलेंगी। घपला व लूट के इस खेल में ऊपर से नीचे तक कमीशन पहुंचता है। जल मीनार के नाम पर पैसे की लूट का मामला कोई छोटा मामला नहीं है। यह करोड़ों रुपये के घोटाले का मामला है। इसका आकलन इससे किया जा सकता है कि प्रखंड के एक पंचायत में लगभग 8 से 10 जलमीनार का निर्माण किया गया है। इसमें से आधी राशि कमीशन के नाम पर बांट लिए गए हैं। ऐसे में यह कोई छोटा नहीं एक बड़ा घोटाला है। गांव लोग बच्चे माथे पर ढोकर व साइकिल से खुले कुंए से पानी लाकर प्यास बुझाने को विवश हैं। वहीं गांव के महिलाओं का कहना है कि अब तो कुंभकर्णी निंद्रा से जागो सरकार।

### भाजपा नेता सन्नी टप्पो ने की जांच की मांग



बेड़ो में सौर ऊर्जा जलमीनार में हुई अनियमितता पर केंद्र सरकार के द्वारा जांच करने और दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। सन्नी टोप्पो ने कहा कि प्रखंड में सोलर जलमिनर लगाने में सरकारी राशि की जमकर लूट हुई है। साथ ही जिस मकसद से गांवों में सोलर जल मीनार लगाई गई है उसका लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है। कुछ सोलर जलमिनर को छोड़ दिया जाए तो प्रखंड के गांवों में जलमिनर बंद पड़ी हुई है इसमें पेयजल का स्वच्छता विभाग द्वारा लगाई गई जलमीनार में जमकर लूट हुआ है 14वें और 15वें वित्त से लगी अधिकांश जलमीनार आज बंद पड़ी।

**ग्रामीणों की समस्याएं कोई नहीं सुनता**

ग्रामीणों ने बताया कि गांव के खराब जलमिनरो को दुरुस्त कराने के लिए जिम्मेदारों कई बार कहा भी गया है, लेकिन इनकी कहीं कोई सुननेवाला नहीं है। ऐसे में यह कहना कहीं से भी अन्यथा नहीं होगा की सोलर जलमीनार योजना बेड़ो में लूट मीनार योजना बन कर रह गई है।

## समय संवाद

अमेरिका की नेशनल साइंस फाउंडेशन से पांच लाख डॉलर के अनुदान से शुरू किए गए प्रोजेक्ट के तीन मुख्य उद्देश्य हैं। पहला, क्या एमआरएनए से युक्त डीएनए को पौधे की कोशिकाओं के उस हिस्से में पहुंचाया जा सकता है जहां वह रिप्लीकेट कर सके। दूसरा, यह सिद्ध करना कि पौधे एक पारंपरिक वैक्सीन की बराबरी करने के लिए समुचित एमआरएनए उत्पन्न कर सकते हैं और तीसरा, पौधा आधारित वैक्सीन की सही खुराक का निर्धारण। यूसीआर में वनस्पति विज्ञान के असिस्टेंट प्रोफेसर जुआन पाब्लो गिराल्डो ने कहा कि एक पौधे द्वारा उत्पादित एमआरएनए से एक व्यक्ति को वैक्सीन की खुराक दी जा सकेगी। गिराल्डो इस शोध का नेतृत्व कर रहे हैं। इस शोध में सेन डियागो स्थित कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय और कानेर्गी मेलन विश्वविद्यालय के विज्ञानी शामिल हैं।

# अब खेतों में उगेगी वैक्सीन

**मुकुल व्यास**



चौंकिए मत। वैज्ञानिक ऐसी वैक्सीन बना रहे हैं जिन्हें खेतों में उगाया जा सकेगा और खाद्य वस्तुओं की तरह खाया जा सकेगा। अमेरिका में रिवरसाइड स्थित कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय (यूसीआर) के वैज्ञानिक यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या लेटस (सलाद) पत्तों को एमआरएनए वैक्सीन की फैक्टरियों में बदला जा सकता है। कोविड वैक्सीनों में प्रयुक्त मैसेंजर आरएनए या एमआरएनए टेक्नोलॉजी में मुख्य रूप से कोशिकाओं को रोगाणुओं को पहचानने और संक्रामक रोगों से बचाव करने के बारे में शिक्षित किया जाता है। इस टेक्नोलॉजी के प्रयोग में सबसे बड़ी चुनौती इसे परिवहन और स्टोरेज के दौरान ठंडा रखने की है। वैक्सीन के स्थायित्व के लिए निम्न तापमान जरूरी है। यदि विज्ञानियों का नया प्रोजेक्ट सफल हो जाता है तो पौधों पर आधारित खाने योग्य एमआरएनए वैक्सीन इस समस्या को दूर कर सकती है। इस तरह की वैक्सीनों को कमरे के तापमान पर स्टोर किया जा सकता है।

भविष्य में किसान भी अपने सारे खेत में वैक्सीन वाले पौधे उगा सकते हैं। इस टेक्नोलॉजी में सबसे अहम भूमिका पौधे की कोशिकाओं में पाए जाने वाले क्लोरोप्लास्ट की है। क्लोरोप्लास्ट सूरज की रोशनी को ऊर्जा में बदल देते हैं, जिसका प्रयोग पौधा करता है। ये दरअसल सौर ऊर्जा से चलने वाली सूक्ष्म फैक्टरियां हैं जो शुगर और दूसरे मॉलिक्यूल उत्पन्न करती हैं, जिनसे पौधे का विकास होता है। इन फैक्टरियों का प्रयोग वांछित मॉलिक्यूल उत्पन्न करने के लिए भी किया जा सकता है। पिछले अध्ययनों में गिराल्डो यह दर्शा चुके हैं कि क्लोरोप्लास्ट ऐसे जीनों को अभिव्यक्त कर सकता है जो स्वाभाविक रूप से पौधे का हिस्सा नहीं हैं। उन्होंने और उनके सहयोगियों ने पौधों की कोशिकाओं में बाहरी आनुवंशिक सामग्री भेज कर ऐसा कर दिखाया। अपने प्रोजेक्ट के लिए उन्होंने नैनो इंजीनियरिंग की प्रोफेसर निकोल स्टीनमट्ज से सहयोग लिया। स्टीनमट्ज और उनके सहयोगियों ने आनुवंशिक सामग्री को क्लोरोप्लास्ट में पहुंचाने के लिए नैनो टेक्नोलॉजी विकसित की है। स्टीनमट्ज ने बताया कि हम पौधों में जीन पहुंचाने के लिए पौधों के वायरसों का प्रयोग करना चाहते हैं जो कुदरती रूप से पाए जाने सूक्ष्म कण अथवा नैनो पार्टिकल हैं। इन वायरसों को क्लोरोप्लास्ट में पहुंचाने और उन्हें पौधों के प्रति असंक्रामक बनाने के लिए कुछ तकनीकी फेरबदल की जरूरत पड़ती है।

कुछ वैज्ञानिकों का ख्याल है कि हमें पौधों पर आधारित वैक्सीन विकसित करने के लिए अधिक प्रयास करने चाहिए। कनाडा में क्यूबेक स्थित लवाल विश्वविद्यालय के दो शोधार्थियों, फास्टर-बोवेंडो और गेरी कोबिंगर का कहना है कि इस तरह की वैक्सीन ह्यमॉलिक्यूलर फार्मिंगह्व के जरिए बनाई जा सकती है। इस विधि में पौधे की कोशिका में डीएनए रखा जाता है जो प्रोटीन बनाता है। इस कोशिका का उपयोग वैक्सीन बनाने के लिए किया जाता है। वैज्ञानिक मान्यता प्राप्त वैक्सीनों के अलावा और अधिक प्रभावी वैक्सीन की तलाश में जुटे हुए हैं। उनकी कोशिश एक ऐसी समग्र वैक्सीन विकसित करने की है जो सभी तरह के कोरोना वायरसों के खिलाफ प्रभावी सिद्ध हो।

वैक्सीनें आम तौर पर बैक्टीरियाई सिस्टम में उत्पन्न की जाती हैं और वे बहुत असरदार साबित हुई हैं। ऐसे सिस्टम को बायोरिएक्टर भी कहा जाता है। ऐसी वैक्सीनों की उत्पादन लागत बहुत ज्यादा होती है। वैक्सीन की बायोमैन्युफैक्चरिंग के विकल्प के तौर पर वैज्ञानिकों ने 1986 में मॉलिक्यूलर फार्मिंग का प्रस्ताव रखा था। इसके लिए वैज्ञानिकों को सिर्फ ग्रीनहाउस सेटअप की आवश्यकता पड़ती है जो बायोरिएक्टरों की तुलना में बहुत सस्ते पड़ते हैं। रिसर्चरों का कहना है कि पौधों पर आधारित वैक्सीन बनाना सस्ता पड़ेगा और इसके दूसरे लाभ भी होंगे। एक बहुत बड़ा फायदा यह है कि इस तरह की वैक्सीन बनाने के लिए संसाधनों की तलाश पर अधिक ध्यान नहीं देना पड़ेगा। वैक्सीनों को बायोरिएक्टरों में तैयार करने के बजाय खेतों की फसलों में उत्पन्न किया जा सकता है। दूसरा बड़ा फायदा यह है कि पौधे मानव रोगाणुओं द्वारा संक्रमित नहीं हो सकते। इसके अलावा पिछली रिसर्च से पता चलता है कि पौधों पर आधारित वैक्सीन दूसरी विधियों से तैयार वैक्सीनों की तुलना में ज्यादा मजबूत इम्यून रेस्पांस उत्पन्न करती हैं। सामान्य विधियों की तुलना में पौधों पर आधारित वैक्सीन का उत्पादन ज्यादा होता है। इस समय गौशे रोग के इलाज के लिए इस तरह की वैक्सीन का उत्पादन किया जा रहा है। लीवर और स्प्लीन जैसे शरीर के कुछ अंगों में वसायुक्त पदार्थों के जमाव से गौशे रोग उत्पन्न होता है। इन पदार्थों के जमा होने से इन अंगों का आकार बढ़ जाता है, जिसकी वजह से उनके कार्यों पर असर पड़ता है। वसायुक्त पदार्थ हड्डियों के ऊतकों में भी जमा होने लगते हैं, जिनसे हड्डियां कमजोर हो जाती हैं और फ्रैक्चर का खतरा बढ़ जाता है। गौशे रोग के इलाज में प्रयुक्त होने वाला ग्लूकोसेरिब्रोसिडेस नामक एंजाइम गाजर की सेल कल्चर में उत्पन्न होता है।

अमेरिका के सेंटर्स फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) के अनुसार फ्लू वैक्सीनों के निर्माण के लिए सबसे ज्यादा प्रचलित विधि में अंडा-आधारित विधि का प्रयोग किया जाता है। यह विधि 70 साल पुरानी है। दुनिया में कोरोना महामारी फैलने से पहले इन्फ्लुएंजा की वनस्पति-आधारित वैक्सीन का तीसरे चरण का ट्रायल शुरू हो चुका था और उसके उत्साहवर्धक नतीजे सामने आए थे। इस समय एक रिसर्च टीम कोविड-19 के लिए वनस्पति आधारित वैक्सीन पर काम कर रही है।

## राम अपने जीवन के सभी स्थितियों में धर्यवान बने रहें

**स्वामी सत्यांनदजी सरस्वती**



**किसी** भी निर्माण की प्रकिया छोटे से आंरभ होती है। धीरे-धीरे आंरभ होकर वह प्रकिया बड़ा रुप ले लेती है। काई भी प्रकिया में आंरभिक तेजी हार का कारण भी बनती है। व्यवहार जगत में मैराथन दौड़ वही जीतता है जो आंरभ में अपनी उर्जा बचाता है और अंतिम में अपनी पूरी उर्जा लगा देता है। धर्य से ही निमार्ण होता है। भक्ति का निमार्ण भी जीवन में धर्य से ही होता है। राम के जीवन में भी धर्य असीम था। वे शिक्षा प्राप्त करने के बाद पूरे देश के तीर्थो का भ्रमण करने के बाद भी चिंतन में ही थे। ब्रंह्म ज्ञान के लिए मिला जीवन किस ओर जा रहा है। कोई तो मिले जो हमें इस बात को बताये। इसी बीच गुरु विश्वमित्र यज्ञ की रक्षा के लिए उनसे मिलने आये तब उन्होंने उन्हें ज्ञानी मानकर अपनी समस्या बतायी। तब विश्वमित्र ने कहा कि गुरु वशिष्ठ के होते मैं क्या समझा सकता हूं। वे हमारे भी गुरु हैं और हमने जो कुछ ज्ञान हासिल किया है वे उनकी कृपा से हो सकी है।

**जिज्ञासा का परिपक्व होना**

राम समझते थे कि वशिष्ठ तो उनके कुल के गुरु हैं एक सामान्य पूजा-पाठ करने वाले व्यक्ति है। लेकिन जब उन्हें मालूम हुआ कि वशिष्ठ ब्रह्य ज्ञानी है तब वे वशिष्ठ के पास गये और पूछा की आप ब्रंह्म ज्ञानी है यह बात हमें पता नहीं था। विनम्रता पूर्वक श्री राम ने पूछा कि आपने उस स्तर का ज्ञान मुझे क्यों नहीं दिया।

वशिष्ठ ने कहा आपकी जिज्ञासा आज परिपक्व हुई है इसलिए आज मैं आपको ज्ञान दूंगा। आदमी जो भी जप-तप-ज्ञान करता है उससे जिज्ञासा पैदा होना चाहिए। यह जिज्ञासा ज्ञान का होगा। ज्ञान के लिए गुरु स्थान और गुरु की भूमिका होगी। यही ज्ञान हर काल में रहा है सिर्फ स्थान और व्यक्ति बदल गये हैं। राम के काल में गुरु वशिष्ठ, कृष्ण के काल में दुर्वासा और आधुनिक काल में स्वामी रामकृष्ण परमहंस और विवेकानंद, स्वामी परमहंस दयाल जी और स्वामी जी ने ज्ञान को संरक्षित किया प्रचार और प्रसार किया। योग्य पात्र को खोजा और उन्हें प्रदान किया। धन से ज्ञान खरीदा नहीं जा सकता है। ब्रंम्हचर्य, गृहस्थ,वानप्रस्त और सन्यास चार अवस्था से मनुष्य गुजरता है।

गृहस्थी के लिए भी सन्यास की अवस्था है। जीवन के सभी जवाबदेही निभाते हुए सन्यासी का जीवन भरत ने जीया था। योग्य, अतियोग्य व्यक्ति का मिलने का क्रम जारी रहता है। पूर्ण समर्पण से ज्ञान का मार्ग प्रशस्त होता है। प्रकृति में भी इसका उदाहरण है। यमुना का गंगा में समर्पण के बाद यमुना पूरी तरह से समाप्त हो जाती है। गंगा सागर में मिलकर समर्पित हो जाती है। इसी प्रकार पूर्ण समर्पण से ही ज्ञान मिल सकता है जिसके बाद कुछ भी पाना शेष नहीं रह जाता है।

**(ब्रम्ह विद्यालय सह आश्रम छोटका राजपुर, बक्सर बिहार।)**

# क्या बसपा को खत्म करके मानेंगी मायावती?

**रमेश सर्राफ धमोरा**

उत्तर प्रदेश की स्थिति देखें जहां से बसपा का जन्म हुआ था। वहां 2022 के विधानसभा चुनाव में पार्टी महज एक सीट ही जीत सकी थी। वहां बसपा को सिर्फ 12.88 प्रतिशत मत मिले थे। वहीं 2017 के विधानसभा चुनाव में 19 सीट व 22.31 प्रतिशत वोट मिले थे।

हाल ही में संपन्न हुए राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना व मिजोरम विधानसभा के चुनाव में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) का ग्राफ तेजी से गिरा है। राजस्थान, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ जैसे हिंदी पट्टी वाले प्रदेशों में बहुजन समाज पार्टी एक तीसरे विकल्प के रूप में अपनी ताकत का एहसास कराती आई थी। मगर इस बार के विधानसभा चुनाव में बसपा का पूरी तरह सूपड़ा ही साफ हो गया है। पिछले विधानसभा चुनाव में राजस्थान में बसपा को 4 प्रतिशत वोट व 6 सीटों पर जीत मिली थी। मगर इस बार यहां बसपा 1.82 प्रतिशत वोटों के साथ मात्र दो सीटों पर ही सिमट गई है। राजस्थान विधानसभा चुनाव में बसपा को मात्र 721037 वोट मिले हैं। मध्य प्रदेश में पिछली बार बसपा को दो सीट व 5.01 प्रतिशत वोट मिले थे। जबकि इस बार के चुनाव में वहां बसपा को 3.40 प्रतिशत यानी 14,77,202 वोट तो मिल गए मगर सीट एक भी नहीं मिली।

इसी तरह छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में पिछली बार बसपा को दो सीटों के साथ 552313 यानी 3.9 प्रतिशत वोट मिले थे। मगर इस चुनाव में वहां बसपा को सीट तो एक भी नहीं मिली उसके साथ ही वोटों में भी गिरावट दर्ज हुई है। वहां बसपा को 319903 यानी 2.05 प्रतिशत वोट ही मिले हैं। तेलंगाना के विधानसभा चुनाव में बसपा का खाता भी नहीं खुला। वहां पार्टी को 321074 यानी 1.37 प्रतिशत वोट मिले हैं।

मिजोरम में तो वैसे ही बसपा का कोई नाम लेवा नहीं है। 2022 में हिमाचल प्रदेश के विधानसभा चुनाव में बसपा 53 सीटों पर चुनाव लड़ी मगर एक भी प्रत्याशी नहीं जीत पाया था। वहां पार्टी को 14613 यानी 0.35 प्रतिशत मत मिले थे। पिछले गुजरात विधानसभा के पिछले चुनाव में वहां बसपा ने 101 सीटों पर चुनाव लड़ा था। जिसमें 100 सीटों पर पार्टी प्रत्याशियों के जमानत जप्त हो गई थी। वहां पार्टी को मात्र 158123 यानी 0.5 प्रतिशत मत मिले थे। उतराखंड में बसपा के दो व पंजाब में एक विधायक है।

उत्तर प्रदेश की स्थिति देखें जहां से बसपा का जन्म हुआ था। वहां 2022 के विधानसभा चुनाव में पार्टी महज एक सीट ही जीत सकी थी। वहां बसपा को सिर्फ 12.88 प्रतिशत मत मिले थे। वहीं 2017 के विधानसभा चुनाव में 19 सीट व 22.31 प्रतिशत वोट मिले थे। 2012 की विधानसभा चुनाव में बसपा को उत्तर प्रदेश में 80 सीटों के साथ 25.91 प्रतिशत वोट मिले थे। वहीं 2007 के विधानसभा चुनाव में बसपा ने 30.43 प्रतिशत वोटो के साथ 206 सीट जीतकर अपने दम पर सरकार बनाई थी। 2002 के चुनाव में बसपा को 98 सीट व 23.6 प्रतिशत वोट मिले थे। 1996 के चुनाव में 67 सीट व 19.64 प्रतिशत वोट मिले थे। 1993 के चुनाव में 67 सीट व 11.12 प्रतिशत वोट, 1991 के चुनाव में 12 सीट व 9.44 प्रतिशत वोट मिले थे। 1989 के चुनाव में पहली बार बसपा ने उत्तर प्रदेश में चुनाव लड़कर 13 सीट तथा 9.41 प्रतिशत वोट पाए थे।

उपरोक्त आंकड़ों का विश्लेषण करें तो पता चलता है कि बहुजन समाज पार्टी का जनाधार लगातार कमजोर पड़ता जा रहा है। लोकसभा चुनाव के आंकड़ों को देख तो 2019 के चुनाव में बसपा को उत्तर प्रदेश में 10 सीटें व 3.67 प्रतिशत वोट मिले थे। 2014 के लोकसभा चुनाव में बसपा का खाता भी नहीं खुला था। हालांकि पार्टी को 4.19 प्रतिशत वोट मिले थे। 2009 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने उत्तर प्रदेश में 20 व मध्य प्रदेश में एक कुल 21 सीट व 6.56 प्रतिशत वोट पाए थे। 2004 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने उत्तर प्रदेश से 19 सीट जीतकर 5.33 प्रतिशत वोट प्राप्त किए थे।

1999 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने उत्तर प्रदेश से 14 सीट जीती थी तथा 4.16 प्रतिशत वोट प्राप्त किए थे। 1998 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने उत्तर प्रदेश में चार व हरियाणा में कुल पांच सीट जीती थीं तथा 4.67 प्रतिशत वोट पाए थे। 1996 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने उत्तर प्रदेश से 6 पंजाब से तीन व मध्य प्रदेश से दो यानि कुल 11 सीट जीती थी तथा 4.02 प्रतिशत मत प्राप्त किए थे। 1991 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने मध्य प्रदेश में एक पंजाब में एक व उत्तर प्रदेश में एक कुल तीन सीट जीती थी वहीं 1.61 प्रतिशत मत प्राप्त किए थे। 1989 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ा था और पार्टी ने उत्तर प्रदेश में तीन व पंजाब में एक कुल चार सीटे जीत कर 2.07 प्रतिशत वोट पाये थे।

पिछले लोकसभा चुनाव में बसपा ने उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी से समझौता होने के चलते 10 सीटों पर जीत जरूर हासिल कर ली थी। मगर उसके बाद बसपा सुप्रीमो मायावती ने समाजवादी पार्टी से अपना चुनावी गठबंधन समाप्त कर दिया था और एकला चलों की नीति पर ही 2022 में उत्तर प्रदेश विधानसभा का चुनाव लड़ा था। जिसमें पार्टी का प्रदर्शन सबसे कमजोर रहा था। 2022 के विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में जहां से बसपा एक ताकत बनकर उभरी थी और चार बार सरकार बना चुकी है। वहां मात्र एक सीट पर सिमट जाना पार्टी के नेताओं के लिए बड़े शर्म की बात है।

कांशीराम के जमाने में बसपा का पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ जैसे कई प्रदेशों में बड़ा प्रभाव रहता था। लेकिन अब धीरे-धीरे बसपा सिमटने लगी है। बसपा से जीते हुए बहुत से सांसद, विधायक दल बदल कर दूसरे दलों में शामिल हो जाते हैं। जिससे बसपा दिनोंदिन कमजोर होने लगी है। राजस्थान विधानसभा के 2008 व 2018 के चुनाव में बसपा से 6-6 विधायक चुनाव जीते थे। मगर दोनों ही बार सभी विधायकों ने कांग्रेस में विलय कर गहलोत सरकार में मंत्री व अन्य लाभकारी पदों को हासिल कर लिया था।

कभी बसपा में कैडर पार्टी का मुख्य आधार होता था। मगर आज पार्टी में कैडर नाम मात्र का भी नहीं बचा है। पार्टी के अधिकांश बड़े पदों पर पुराने नेताओं के स्थान पर दलबदलुओं का कब्जा हो गया है। बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती का अकेले चलो की सोच ने पार्टी को रसातल में पहुंचा दिया है। मायावती ना तो केन्द्र में सत्तारुढ़ भाजपा के साथ जाना चाहती है और ना ही इंडिया गठबंधन में शामिल होना चाहती है। ऐसे में एकला चलो की नीति बसपा के लिए आत्मघाती साबित हो रही है।

बसपा सुप्रीमो मायावतीने अपने भतीजे आकाश आनंद को विधिवत अपना राजनीतिक उत्तराधिकारी घोषित कर दिया है ताकि पार्टी को एक युवा नेता मिल सके। अब आगे उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड कि राजनीति स्वयं मायावती देखेंगी बाकी के प्रदेशों में संगठन का काम आकाश आनंद संभालेंगे। यदि मायावती को अपनी पार्टी का राजनीतिक अस्तित्व बचाना है तो उन्हें भाजपा नीत एनडीए या कांग्रेस नीत इंडिया गठबंधन में से किसी एक का साथ भी लेना होगा। बिना किसी गठबंधन में शामिल हुए बसपा का जनाधार बचना मुश्किल लग रहा है।

केंद्र सरकार के विरोधी इंडिया गठबंधन में शामिल अधिकांश दलों के नेता भी चाहते हैं कि मायावती उनके गठबंधन में शामिल होकर भाजपा के खिलाफ विपक्ष की एकता को मजबूत करें। अब इस बात का फैसला तो खुद मायावती को ही करना है कि वह किसी गठबंधन में शामिल होंगी या फिर अपना एकला चलो का राग ही अलापती रहेंगी।

## रात में न सोने का परिणाम

**सोनी शर्मा**

आज के युवा रात में सो नहीं रहे क्योंकि वे नौकरी ही दूसरे देश की करते हैं या फिर सोशल मीडिया पर सक्रिय रहते हैं।

सेहत को लेकर यह नसीहत पुरानी है कि नींद अच्छा तो स्वास्थ्य भी अच्छा। मौजूदा जीवनशैली तनाव बढ़ाने वाली है। साथ ही खानपान को लेकर भी लोग ज्यादा सतर्क नहीं रहते है। साथ ही अपेक्षित शारीरिक श्रम का भी लोगों के जीवन में अभाव है। इस कारण लोग तेजी से कई गंभीर बीमारियों के भी शिकार हो रहे हैं। अच्छी नींद के लिए हमें सबसे पहले अपनी जीवनशैली में सुधार करना होगा और कुछ बातों का सख्ती से नियमित पालन करना होगा। इसी तरह शाम होने के बाद ज्यादा चाय-कॉफी से दूर रहें तो बेहतर होगा। सोने जाने के एक घंटे पहले रात का खाना जरूर खा लें। रात को हल्का और सुपाच्य भोजन लें। नींद की समस्या ज्यादा परेशान कर रही है तो डॉक्टरी सलाह जरूर लें क्योंकि यह किसी और बीमारी का भी लक्षण हो सकता है।

बिस्तर पर जाने के बाद सोशल मीडिया के किसी बहस में उलझ जाना। सोशल मीडिया के हर मंच पर हमेशा मौजूदगी दर्ज करानी जरूरी नहीं है। बिस्तर पर सोने जाने के एक घंटा पहले किसी भी तरह के स्क्रीन और सोशल मीडिया से दूरी बना लें।

## कर्म करें निर्मल



**अरबिंद तिवारी**

बिना पँख के उडू गगन में अरमानों के संग।
तू जब संग हमारे होती मैं दुनियां में दबंग।
मेरे हौसले बुलंदियों को छूते हैं हर पल।
धर्म अर्थ की बोध कराते कर्म करें निर्मल।
साथ तुम्हारा मुझे मिला तब जीवन है मुस्काया।
जब भी तेरी ओर देखा तो एक भरोषा पाया।
इस जीवन में सात जन्म का आनंदित पल भर दूँ।
तेरे मेरे उपलब्धि को तुम्हें समर्पित कर दूँ।
अगले जन्म में फिर से होगा हम दोनों का साथ।
हम विखरेंगे वैसे हि हर खुशियों की शौगात।
सजे हमारा बाग बगीचा पुष्पों की लाली से ।
खिले हमारा गली मोहल्ला हर पल खुशहाली से।
अपनों की मुस्कान बने हम अपनों की पहचान।
हर जन्म में देश मिले हमें अपना प्यारा हिंदुस्तान।
सीचें देश कि धरती ऐसे प्यार का फूल उगाना है।
लो संकल्प अब अपने देश को विश्व गुरु बन जाना है।
**(वरिष्ठ महासचिव कोल्हान झारखण्डअन्तर्राष्ट्रीय हिंदी परिषद)**

# खुजराहो में इन पांच खूबसूरत जगहों की जरूर करें सैर

## जिंदगी भर याद रखेंगे ये एक्सपीरियंस

**अनन्या मिश्रा**

जब लोग खुजराहो घूमने के लिए जाते हैं, तो यहां स्थित मंदिरों को जरुर देखना चाहते हैं। मंदिरों के अलावा भी खुजराहो में घूमने के लिए कई जगहे हैं। ऐसे में आप खुजराहो में इन चीजों का एक्सपीरियंस ले सकते हैं।

भारत के मध्य प्रदेश राज्य के छतरपुर जिले में स्थित खुजराहो एक बेहद शानदार शहर है। यह शहर अपने प्राचीन मंदिरों के लिए जाना जाता है। खुजराहो के मंदिरों के आर्टवर्क से लेकर आर्किटेक्चर तक सब कुछ पर्यटकों को अपनी तरफ आकर्षित करने का काम करता है। देश के मध्यकालीन हिंदू और जैन मंदिरों का सबसे बड़ा समूह भी आपको खुजराहो में देखने को मिलेगा। इसके अलावा सात अजूबों में से एक अजूबा खुजराहो में भी है।

इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि खुजराहो में आप किन चीजों का एक्सपीरियंस ले सकते हैं।

### साउंड और लाइट शो

खुजराहो जाने के दौरान आप साउंड और लाइट शो का आनंद लेना न भूलें। यह रात के समय करने लायक चीजों में से एक है पश्चिमी मंदिर ग्रुप द्वारा आयोजित किया जाता है। साउंड और लाइट शो के माध्यम से विभिन्न ऐतिहासिक और धार्मिक तथ्यों के अलावा वहां की संस्कृतियों का चित्रण किया जाता है। इस शो को देखने के बाद आप इसे कभी भूल नहीं सकते हैं। यह शो अंग्रेजी और हिंदी दोनों में आयोजित किया जाता है। इस शो के माध्यम से पर्यटकों को मंदिर की नक्काशी, कला और आकर्षक कहानियों के बारे में जानकारी मिलती है।



### पन्ना नेशनल पार्क

इसके अलावा आपको यहां पर पन्ना नेशनल पार्क भी जरूर घूमना चाहिए। पन्ना नेशनल पार्क को इस राज्य का 5वां और देश का 22वां टाइगर रिजर्व कहा जाता है। यहां पर आपको सियार, लंगूर, जंगली सूअर, चिंकारा और चीता सहित अन्य वन्यजीव प्रजातियों को देखने का मौका मिलेगा। इसके साथ ही जंगल सफारी का आनंद लेते हुए वाइल्ड लाइफ को करीब से एक्सपीरियंस कर सकते हैं। आप चाहें तो जंगल कॉटेज में भी रह सकते हैं।

### अजयगढ़ किला

अगर आपको ऐतिहासिक चीजों में रुचि है, तो आप अजयगढ़ किला भी घूम सकते हैं। यह किला खुजराहो से 80 किमी दूर एक खूबसूरत पहाड़ी पर 688 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। इस किले को चंदेल राजाओं के किले के तौर पर जाना जाता था। कहते हैं कि उनके शासनकाल में चंदेल राजाओं का गढ़, किलों ने अहम भूमिका निभाई थी।

### स्टेट म्यूजियम ऑफ ट्राइबल एंड फोक आर्ट

खजुराहो में चंदेला कल्चरल कॉम्पलैक्स में स्थित स्टेट म्यूजियम ऑफ ट्राइबल एंड फोक आर्ट में बेहतरीन प्राचीन अवशेष और कलाकृतियां मौजूद हैं। इस म्यूजियम में आप कारीगरों के शानदार ट्राइबल वर्क को देख सकते हैं। यहां पर आपको कई संस्कृतियों, परंपराओं और कलाकृतियों और धर्मों के अवशेषों के बारे में जान सकते हैं। यहां पर आकर आपको एक अलग एक्सपीरियंस होगा।

### पांडव वॉटरफॉल

जब आप पन्ना नेशनल पार्क घूमने के लिए जाएं, तो इसके पीछे 30 मीटर की ऊंचाई से पांडव वॉटरफॉल गिरता है। इस वॉटरफॉल का पानी नीचे एक तालाब में गिरता है। बताया जाता है कि इस झरने के नीचे से पांडव होकर गुजरे थे। जिस कारण इसे पांडव वॉटरफॉल कहा जाता है। आपको यहां एक बार जरूर आना चाहिए।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## रिश्तों की पहेली



**डॉ.प्रियंका कुमारी**

आ जाओ हमारे पास में तुम
नहीं तो हो जाओगे दुनियां में गुम।
अच्छा होता कर देते एक-दूसरे को माफ
नहीं हुए हैं सारे रास्ते साफ।

इतनी भी बेगैरत जिंदगी नहीं थी हमारी,
फिर भी गलती नहीं थी तुम्हारी
। न रिश्तों में चिखमचिली थी,
ना हीं दरियादिली थी,
वश संदेह के घेरे में 'रिश्तों की पहेली' थी।
मानती हूँ तुम इतने सरल नहीं हो,पर इतने भी कठोर नहीं हो।
मुझे तुमसे नहीं है कोई परेशानी,
फिर मिलने में क्यों करते हो आनाकानी?
हर बार मैं ही मनाऊँ ?या मैं भी कभी गुस्साऊँ।
तुम्हारे एक सौरी से सब बात बन जाती है।
इस बात से गुरूर मुझे हर बार आती है । **(एसओपी डोरंडा)**

## बदलता पर्यावरण और विनाश की घंटी



स्पीड न्यूज

## सरकार सेविका/सहायिका का जल्द लागू करे वेतनमान : जीपी पांडेय



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश नेता सह आंगनवाड़ी सेविका सहायिका संघ के उपाध्यक्ष जय प्रकाश पाण्डेय ने राज्य सरकार से आग्रह किया है की सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार और भारत सरकार के भेजे गए पत्रों के आलोक में राज्य के आंगनवाड़ी केंद्रों में कार्यरत सभी सेविकाओं/सहायिकाओं को वेतनमान, ग्रेच्युटी और अन्य सुविधाओं को राज्य सरकार जल्द से जल्द लागू कर अपने वादों को पूरा करने की मांग की है। उन्होंने कहा है की मांगो पर तत्काल पहल नहीं होती है तो बाध्य होकर राज्य के लगभग 70 हजार आंगनवाड़ी सेविकाएं/साहायिका आंदोलन और प्रदर्शन को बाध्य होंगी। साथ ही प्रदर्शन के दौरान किसी भी अप्रिय घटना होती है तो उसकी पूरी जिम्मेवारी राज्य सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन की होगी। श्री पांडेय ने कहा है की आखिर कब तक राज्य के अनुबंधित कर्मचारियों को ठगने का कार्य राज्य सरकार करती रहेगी। और शोषित एवं पीड़ित राज्य के अनुबंधकर्मी मूक दर्शक बने रहेंगे। राज्य के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन समय रहते सभी राज्य के सभी अनुबंध कर्मियों और आंगनवाड़ी सेविका/सहायिका का जल्द से जल्द वेतनमान और सभी सुविधाए लागू करे। उन्होंने कहा कीएलएस, सीडीपीओ और डीएसडब्लूओ द्वारा हो रहे शोषण को बंद करे और महिला कर्मचारियों लूट की भट्टी से मुक्त करे ताकि राज्य में गर्भवती, धात्री और नवजात शिशुओं की रक्षा और सही पोषण हो सके।

## मालाकार ने जीएम को लिखा पत्र



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के रामगढ़ जिला संयुक्त सचिव उदय कुमार मालाकार ने विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर शनिवार को बरका-सयाल महाप्रबंधक को पत्र लिखा है। पत्र के माध्यम से उन्होंने नकारी कॉलोनी दत्तो में मुंडा आदिवासी टोला में शुद्ध पेयजल की समस्या का समाधान करने, हाथीदाढ़ी से सौंदा डी तक रोड की मरम्मत कराने, जमीन के अभाव में केंद्रीय विद्यालय को भुरकुंडा से स्थानांतरण को रोक कर जमीन आवंटन करवाने की मांग की है। उन्होंने बरका-सयाल महाप्रबंधक से कहा है की उपरोक्त आग्रह को पूरा कर बेहतर जन-जीवन के साथ-साथ विद्यार्थियों के भविष्य संवारने का भी काम होगा।

जुबिली कॉलेज भुरकुंडा की 12 सदस्यीय बालक-बालिका एथलेटिक्स टीम हजारीबाग रवाना

फोटो नं. 04- हजारीबाग रवाना होते एथलेटिक्स टीम

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रिभर साईड भुरकुंडा स्थित जुबिली कॉलेज की बालक व बालिकाओं का 12 सदस्यीय एथलेटिक्स टीम शनिवार को संत कोलंबस कॉलेज हजारीबाग के लिये रवाना हुए। एथलेटिक्स टीम का नेतृत्व डॉ. एसएस पांडेय कर रहें हैं। मौके पर प्राचार्य प्रो. एनके तिवारी ने बताया की टीम संत कोलंबस कॉलेज हजारीबाग में आगामी 17 से 24 दिसंबर तक आयोजित इंटर कॉलेज एथलेटिक्स प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगें।

## तलसवार पंचायत में लगा शिविर

**बड़कागांव।** आपकी योजना,आपकी सरकार,आपके द्वारा कार्यक्रम में प्रखंड के तलसवार पंचायत भवन में मुखिया गीता देवी की अध्यक्षता में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक अंबा प्रसाद, प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल, सीओ बालेश्वर राम,मुखिया गीता देवी ,पंसस मेघा कुमारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।शिविर का संचालन आशीष पासवान व कल्याण पदाधिकारी भास्कर राज द्वारा किया गया।विधायक अम्बा प्रसाद ने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा गरीब लोगों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं संचालित की गई है।जिसका लाभ ग्रामीणों आवेदन देकर ले रहे हैं।सरकार आपके द्वार शिविर में वृद्ध, विधवा पेंशन के लिए तुरंत स्वीकृति हो रही है।

## बीएम मेमोरियल स्कूल में योग मोटिवेशन

बड़कागांव। बीएम मेमोरियल स्कूल में एक दिवसीय योग मोटिवेशन का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता उप प्राचार्या पूनम कुमारी व संचालन आनंद कुमार पासवान ने किया। इस दौरान शिक्षक संतोष कुमार ने कहा कि हमारे दैनिक जीवन में योग की बहुत उपयोगिता है।यदि हमें स्वस्थ और खुशहाल जीवन व्यतीत करना है, तो हमें योग को अपने दैनिक दिनचर्या में शामिल करना होगा और नियमित योगाभ्यास करना होगा। योग शिविर में योगिंग जॉगिंग, सूर्य नमस्कार, वृक्षासन, ताड़ासन,दण्ड बैठक सहित तमाम आसनों के साथ भ्रामरी, प्राणायाम, कपालभाति, वाह्य, अनुलोम- विलोम सहित समस्त प्राणायामों का अभ्यास कराते हुए उनसे होने वाले लाभों के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भी मानव जीवन के लिए योग बहुत महत्वपूर्ण है जिससे शारीरिक और मानसिक विकास होती है। मौके पर निदेशक संदीप कुशवाहा, ब्रह्मदेव सिंह चौहान,विनोद नायक,अमीन अंसारी, आशीष कुमार,जेमा तिग्गा,सरिता बा ,देवंती देवी,अफसाना परवीन, स्नेहा कुमारी,गंगा छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने किया गोला प्रखंड का दौरा



**रामगढ़।** राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन केशामिल होने के मद्देनजर शनिवार को उपायुक्त चंदन कुमार ने गोला प्रखंड अंतर्गत चाड़ी पंचायत का दौरा किया। उन्होंने चाड़ी पंचायत अंतर्गत तिरला मैदान को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिए तैयार करने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने स्थल पर वाहनों की पार्किंग, मूलभूत सुविधाओं यथा पेयजल, शौचालय आदि लोगों के शिविर तक आने हेतु सुविधा, शिविर के दौरान लोगों के बैठने की व्यवस्था आदि का जायजा लेते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु आवश्यक निर्देश दिया।

उपायुक्त ने जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों को स्टाल लगाकर स्टॉल के माध्यम से लोगों को सरकार की योजनाओं से लाभान्वित व उनकी शिकायतों का निष्पादन करने का निर्देश दिया।

# शिक्षक और अभिभावकों में सामंजस्य जरूरी: ममता देवी

### राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोरियाडीह में शिक्षा के विकास को लेकर बैठक आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



**बरही।** राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोरियाडीह में मुखिया राजेन्द्र प्रसाद की अध्यक्षता में शिक्षकों एवं अभिभावकों की बीच बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में शिक्षकों और अभिभावकों के बीच शिक्षा के स्तर में निरन्तर बदलाव को लेकर मंथन किया गया।जिसके तहत नए पैटर्न पर आधारित बेहतरीन शिक्षा देने हेतु अभिभावकों से बारी-बारी से उनके बच्चों की प्रतिभा एवं कमियों पर ध्यान देने की बात कही गयी।बताया गया कि प्रत्येक बच्चों में कई खूबियां छिपी होती है।लेकिन इसके साथ ही बच्चों में कई प्रकार की कमियां भी मौजूद होती है।जिसे शिक्षकों एवं अभिभावकों को ध्यान देने की जरूरत है।इसके लिये शिक्षकों एव अभिभावकों के बीच सामंजस्य स्थापित होने की जरूरत है।बच्चों को पढ़ाए जाने वाले सभी विषयों के बारे में शिक्षकों और विभागों के बीच समस्याओं का आदान-प्रदान किया गया। जिसके लिए कमियों के अनुसार बच्चों की कमियों को तत्काल सुधार कर लिया जाय। स्थानीय मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि विद्यालयों में अनुशासनात्मक नियम और कानून सभी छात्रों के लिए बनाए गए हैं और उसे पालन करना चाहिए। छात्रों को हमेशा स्कूल स्टाफ के साथ सम्मान से पेश आना चाहिए और अपने सहपाठियों के साथ अच्छा व्यवहार करना चाहिए। समाजसेवी ममता देवी ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे निरंतर बदलाव को लेकर शिक्षकों और अभिभावकों के बीच इस किस्म की बैठक होना बेहद जरूरी है। बैठक में आए अभिभावकों से कहा कि यदि वह अपने बच्चों को सफलता की ऊंचाई पर देखना चाहते हैं, तो उनके साथ अधिक समय बिताते हुए उनके शैक्षणिक कार्यों को पूर्ण करने में मदद करें।।च्चों को लिखकर अभ्यास करने के लिए प्रोत्साहित करें, ऐसा करने से ही बच्चे कामयाब होंगे। प्रधानाध्यापिका मीना कुमारी ने पंचायत प्रतिनिधियों से भी आग्रह किया कि आप बीच-बीच में विद्यालय का निरीक्षण करें और जो भी उचित होगा वह मार्गदर्शन अवश्य दें। मौके पर धनवार पंचायत के स्थानीय मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, समाजसेवी का ममता देवी, उप मुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा, प्रधानाध्यापीका मीना कुमारी, सहायक शिक्षक रामजी प्रसाद, अजीत कुमार, दीनानाथ प्रसाद, रेखा कुमारी, मधुबाला कुमारी, अध्यक्ष सोनिया देवी, पुष्पा देवी, रुक्मिणी देवी, आशा देवी, ललिता देवी, लक्ष्मी देवी, पूनम देवी, पुष्पा देवी, रेणु देवी, बिंदवा देवी, रेवा महतो सहित कई अभिभावक व शिक्षक मौजूद थे।

## सहायक अध्यापक विधानसभा का करेंगे घेराव



**बरही।** अब्दुल कलाम पार्क में सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा प्रखंड कमिटि बैठक में प्रखंड के तमाम सहायक अध्यापक, अध्यापिका उपस्थित हुए।बैठक में सर्वसहमति के तहत 19 तारीख को विधानसभा घेराव के लिए अधिक से अधिक संख्या में जाने का संकल्प लिया गया। प्रदेश अध्यक्ष संजय दुबे के अनुसार वर्तमान सरकार के द्वारा आश्वासन दिया गया था कि उनकी सरकार बनते ही राज्य के सभी सहायक अध्यापकों का भविष्य सुरक्षित करते हुए वेतनमान दिया जाएगा। परंतु आज 4 साल कार्यकाल के दौरान सरकार ने दिए गए आश्वासनों पर कोई पहल नहीं किया गया। आक्रोशित होकर राज्य के सहायक अध्यापकों ने 19 तारीख को अधिक से अधिक संख्या में प्रखंड कमेटी की ओर से विधानसभा घेराव करने का निर्णय लिया है। बैठक में झारखंड प्रदेश सहायक अध्यापक संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार दुबे कहा कि सरकार के द्वारा इस सरकार का भी रवैया सहायक अध्यापकों के प्रति अच्छा नही रहा है, जिस प्रकार अन्य सरकार ठगी करती थी उसी प्रकार यह सरकार के द्वारा राज्य के सहायक अध्यापकों को ठगा जा रहा है। आज तक सरकार के द्वारा राज्य के सहायक अध्यापकों को वेतनमान और ई पी एफ नहीं देना दुर्भाग्यपूर्ण है। मोर्चा के माध्यम से उन्होंने मांग किया कि जल्द मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहायक अध्यापकों के मांगों पर विचार करें अन्यथा सहायक अध्यापक का विरोध को झेलने के लिए तैयार रहना पड़ सकता है। इस बैठक में प्रखंड अध्यक्ष दीना प्रसाद, प्रखंड सचिव मनोज घोष, कोषाध्यक्ष सनोवर, मनोज प्रसाद सहित सैकडों शिक्षक उपस्थित थे। बैठक के अंत में राजकीय बुनियादी विद्यालय पंच माधव के प्रतिनियोजित सहायक अध्यापक सतीश यादव की मृत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया और ईश्वर से प्रार्थना किया कि उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें। साथ ही सभी शिक्षकों ने संकल्प लिया कि इस दुख की घड़ी में प्रखंड कमेटी इनके परिजन के साथ खड़े रहेंगे।

## दारू : शौचालय में 6 वर्षों से जीवन बसर करने की खबर का हुआ असर

### बीडीओ ने लोगों की सूची तैयार करने का दिया आदेश

**दारू।** मेढकुरी पंचायत अंतर्गत जमुआ निवासी सहदेव राम एक आवास विहीन व्यक्ति है। जो विगत 6 वर्षों से सरकार द्वारा निर्मित शौचालय में अपना जीवन बसर कर रहा है। इस दुर्दशा की खबर 15 दिसम्बर को खबर मंत्र सहित अन्य अखबार व सोशल मीडिया पर प्रकाशित किया गया था। इस खबर का प्रकाशित होने के दूसरे दिन ही बीडीओ मनीष कुमार ने प्रमुख, बीस सूत्री अध्यक्ष ,जीप सदस्य , उपप्रमुख , बीस सूत्री उपाध्यक्ष ,मुखिया ,पंसस , बीससूत्री सदस्य व सभी वार्ड सदस्यों को पत्र निर्गत करते हुए आदेश जारी किया है कि समाचार पत्र के माध्यम से जमुआ निवासी सहदेव राम शौचालय में रहकर अपना जीवन गुजार रहा है। जो अत्यंत ही संवेदनशील है। जनप्रतिनिधि अपने अपने क्षेत्र में भ्रमण कर आवास विहीन व्यक्तियों की सूची तैयार कर सूचित करें। सूची मिलने के बाद लोगों का अबुआ आवास पोर्टल में जोड़ा जा सके ।

## दारू : शिविर में 27 छात्रों को साइकिल के लिए मिला चेक

**दारू।** सरकार के द्वारा सरकारी विद्यालय में अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों को समय पर विद्यालय आने में परेशनी कम करने के उद्देश्य से साईकिल उपलब्ध कराया जा रहा है। साईकिल की राशि सरकार के द्वारा प्रत्येक पंचायत में आयोजित आपकी योजना आपके द्वार आपकी सरकार शिविर के माध्यम से उपलब्ध कराया जा रहा है। दिगवार पंचायत भवन में शिविर का आयोजन शनिवार को किया गया। शिविर में 27 स्कूली बच्चो के बीच 121500 रुपए का डेमो चेक दिया गया। शिविर में 2554 आवेदन विभिन्न विभाग में आया। इसमें से 1792 मामलों का निपटारा किया गया। अबुआ आवास योजना में 585 आवेदन आया। राशन कार्ड 20, साड़ी धोती वितरण 227, गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना 62, लगान रसीद 10 व 150 कम्बल का वित्तरण किया गया। महिला समूह को 180000 रुपए का ऋण दिया गया।शिविर में कुल 18 स्टाल लगाए गए थे। जिसमें अबुआ आवास, राशन कार्ड, बिरसा सिंचाई कुप संवर्धन योजना, सोना सोबरन धोती साड़ी वितरण योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पशुपालन विभाग, जेएसएलपीएस, राजस्व विभाग अंचल कार्यालय, दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र सहित कई योजनाओं का स्टॉल लगाया गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रमुख कुमारी स्वेता बीडीओ मनीष कुमार सीओ आदित्य गुप्ता व मुखिया महेंद्र मुर्मू ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

## ए ला एंग्लाइज विद्यालय के वार्षिक समारोह में ओपन रेस

खबर मन्त्र संवाददाता




भुरकुंडा (रामगढ़)। बिरसा चौक भुरकुंडा स्थित एला एंग्लाइज विद्यालय में कक्षा छठी से लेकर के 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए शनिवार को ओपस रेस का आयोजन किया गया। हरी झंडी दिखाकर दौड़ का शुभारंभ करते हुए प्राचार्य विजयंत कुमार ने कहा की खुले दौड़ से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ता है और उनमें शारीरिक क्षमताओं को परखने का मौका भी होता है। उन्होंने कहा की विद्यालय हमेशा से बच्चों के मानसिक व शारीरिक विकास का ध्यान में रखते हुए इस प्रकार का आयोजन करती है। प्राचार्य श्री कुमार ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को हर क्षेत्र में अव्वल बनाने के प्रति विद्यालय प्रबंधन दृढ़संकल्पित है। प्रतिभागियों के लिए फर्स्ट एड और ग्लूकोज की व्यवस्था दी गई थी। बालकों के लिए 5 किलोमीटर और बालिकाओं के लिए 3 किलोमीटर की दौड़ तय की गई थी। जिसमें विद्यालय के सैकड़ो विद्यर्थियों उत्साह के साथ हिस्सा लेकर दौड़ को पूरा किया। 5 किमी. बालको के दौड़ में विष्णु मुर्मू, आयुष कुमार, राहुल मुंडा, अरविंद मुंडा ,अनस अहमद और अनीश दास को क्रमशः प्रथम से लेकर के छठा स्थान प्राप्त हुआ। वहीं 3 किमी. बालिकाओं के दौड़ में सुनैना कुमारी, मुस्कान कुमारी, अल्फा कच्छप, लक्ष्मी कुमारी, कुमुद कृष्णा और स्वाति उरांव को प्रथम से लेकर छठा स्थान मिला। कार्यक्रम को सफल बनाने में कंचन दास, जय किशोर महतो, कंचन सोनी, अनुराग मद्धेशिया, धर्मेश सोनी, मोहनलाल बेदिया, सूरज देव सिंह, विश्वक सेन, रुचि सिंह, अंजली सिन्हा, सीमा मुंडा, पूनम सिन्हा सहित विद्यालय के तमाम शिक्षक-शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा।

## चरही वन विभाग कार्यालय में खड़ी दो वाहन में लगी आग

**चरही।**वन परिसर कार्यालय में खड़ी जब्त दो वाहन में अचानक आग लग गई। इसकी जानकारी समीप के होटल वालों को लगी तो अफरा-तफरी मच गया। कई कर्मचारी कार्यालय कार्यालय पहुंचे और होटल में काम कर रहे लोगों के माध्यम से बालटी से पानी बौछार करने लगे।आग पर काबू पाया जा सका। दो वाहन के अग्रभाग जल गए। वन परिसर कार्यालय में विभिन्न मुकदमा के तहत लगभग एक दर्जन से ऊपर वाहनों को जब्त किया गया है। साथ परिसर में कई टन कोयले जब्त पड़े हुए हैं।अगर आग पर तत्काल काबू नहीं पाया जाता तो कई जब्त वाहन,होटल और इसके आस-पास स्थित मकान इसके चपेट में आ जाते। वन परिसर परिसर कार्यालय पीछे गंदगी के अंबार लगे हुए हैं।तरह-तरह की झाड़ियां उग आए हैं।सभी झाड़ियां सूखने लगे हैं।किसी शरारती व्यक्ति ने उन झाड़ियों में आग डाल दिया हो।जिस कारण आग लग गई।कुछ लोग ऐसे हैं कि परिसर कार्यालय को कूड़ा फेंकने स्थान बना लिया है।यहां पर काफी कूड़ा- करकट जमा हुआ है।ऐसा इसलिए हो रहा कि यह सरकारी कार्यालय बिना देख-रेख का पड़ा हुआ है।

## भारत को पूर्ण रूप से विकसित बनाएं : धर्मजीत खरेवार

### देवरिया में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का हुआ आयोजन



भुरकुंडा (रामगढ़)। भदानीनगर क्षेत्र अंतर्गत देवरिया में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कई कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कृषि विज्ञान केंद्र रामगढ़ के डॉ. धर्मजीत खरेवार, मुखिया सबिता तुरी, उपमुखिया कृष्ण कुमार कुशवाहा व भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष सन्नी प्रसाद कुशवाहा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर कार्यक्रम के संयोजक सन्नी प्रसाद कुशवाहा ने लोगों को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओ व प्राकृतिक खेती के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस दौरान नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी विकसित भारत संकल्प यात्रा के बारे में लोगों को जागरूक करने का काम किया गया। साथ ही स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से डॉक्टर द्वारा दर्जनों लोगों का स्वास्थ्य जांच कर उचित परामर्श दिय गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि धर्मजीत खेरवार ने गोद भराई व मुहजुट्ठी की रस्म पूरी की। इस दौरान मेरी कहानी मेरी जुबानी, पीएम आवास, हर घर जल योजना, पीएम कुसुम, पीएम मुद्रा, केसीसी योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, जेएसएलपीएस, स्वास्थ्य योजना का ऑन द स्पॉट लाभ दिया गया। साथ ही मुर्गी-बकरी पालन, राशन दुकान आदि के जरिये ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से दर्जनों ग्रामीणों का मुद्रा लोन के लिए फार्म भरा गया। मौके पर मुख्य अतिथि धर्मजीत खेरवार उपस्थित लोगों को कार्यक्रम के उद्देश्य की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा की सभी ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। जब तक सही से योजनाओं का क्रियान्वन नही होगा हम विकसित नहीं हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य लोगो में जागरूकता लाना है। साथ ही वंचित, शोषित, गरीब, दलित वर्ग जो छूट गए हैं, उनतक बिना भेदभाव, जाति-धर्म से अलग उठकर प्रधानमंत्री के योजनाओ का लाभ पहुंचाना है। कार्यक्रम के अंत में संकल्प लिया गया की 2047 तक भारत को पूर्ण रूप से विकसित बनाने की दिशा में हमसभी अपना बहुमूल्य योगदान देंगे। मौके पर पूर्व मुखिया राजेंद्र मुंडा, शंकर तुरी, मो. जिलानी, बोधि महतो, अरविंद महतो, राजू मुंडा,

एक नजर में

## हजारीबाग में सवर्ण महासभा की बैठक में संगठन को मजबूत बनाने पर चर्चा



**हजारीबाग।** शहर के आनंदा चौक के नजदीक स्थित सवर्ण महासभा कार्यालय में कार्यकारिणी की बैठक हुई। अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष सीडी सिंह ने किया। बैठक में शामिल हुए सेवानिवृत सीसीएल के जीएम आरडी सिंह, बीसीसीएल के सेवानिवृत जीएम बृज मोहन प्रसाद और सेवानिवृत डीएसपी राजेंद्र सिंह का स्वागत किया गया। बैठक में संगठन को मजबूत करने पर विशेष बल दिया गया। उपस्थित सदस्यों ने कोष संग्रह और सदस्यता अभियान चला कर सवर्ण समाज के लोगों को संगठन से जोड़ने की बात रखी।आरडी सिंह और बृज मोहन प्रसाद ने संगठन को गांव स्तर पर विस्तार करने की बात रखी, वहीं सेवानिवृत डीएसपी राजेंद्र सिंह ने भी कई सुझाव दिए। राष्ट्रीय अध्यक्ष सीडी सिंह ने सवर्ण महासभा के क्रियाकलाप और अगले कार्यक्रम को विस्तार से रखा। चाया निवासी राम सिंह ने सवर्ण जाति के युवाओं को राजनीतिक, शैक्षणिक और व्यवसाईक क्षेत्र में आगे बढ़ने में सहयोग करने की बात कही। बैठक में महासभा के उपाध्यक्ष बिंदेश्वरी सिंह, अर्जुन सिंह, अर्जुन सिंह, अनूप सिन्हा, कोषाध्यक्ष अजीत सिंह, केंद्रीय मीडिया प्रभारी दीपक सिंह, ऋषभ सिंह, संजय सिंह, श्याम सिंह, प्रदीप प्रसाद, त्रिपुरारी कुमार, अभिदेख पांडे समेत कई लोग उपस्थित थे।

१६ है पी ३ : बैठक में शामिल लोग

## रास्ता को ले ग्रामीणों ने सीओ को दिया आवेदन

**बरही।** खोडाहार के ग्रामीणों ने रास्ता को मुक्त कराने को लेकर अंचलाधिकारी को लिखित आवेदन के माध्यम से अंचलाधिकारी को अवगत कराया है कि ग्राम खोडाहार में एनएच 33 से लेकर उतीम महतो के घर तक पीसीसी रोड का निर्माण हुआ है। उक्त रोड पर खोडाहार निवासी परमेश्वर यादव के द्वारा बाउंड्री कर तथा कार्केट सीट रोड पर खड़ाकर रोड को अतिक्रमण कर दिया गया है।पीसीसी रोड पर बड़े-बड़े ठोकरो का निर्माण कर दिया गया है। जिसके वजह से हम ग्रामीणों को निजी वाहन एवं खेती हेतु ट्रैक्टर लाने या ले जाने में बहुत समस्या उत्पन्न हो रही है। इसको लेकर ग्रामीणों एवं परमेश्वर यादव सहित उनके परिवार वालों के साथ हमेशा तनाव बना रहता है। उक्त विषय को संज्ञान में लेते हुए जांच पड़ताल कर पीसीसी रोड को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग किया। उक्त ग्रामीण पिटीशन में रोहित कुमार यादव, पप्पू यादव, ऊतीम महतो, जितेंद्र कुमार, संतोष यादव, विनोद कुमार, कविता देवी, शंभू यादव, अनिल कुमार, मिथुन यादव, सुनीता देवी, धनु यादव, अभिमन्यु कुमार, सोनू कुमार, उमेश यादव, तुलसी यादव, धर्मेंद्र यादव, नरेश यादव, मनोज कुमार, संजीत कुमार, आशीष कुमार यादव सहित दर्जनों लोगो ने अपना अपना हस्ताक्षर किया है। इस सम्बंध में परमेश्वर यादव से पूछे जाने पर बताया कि सड़क का रास्ता उनके रैयती जमीन पर बना हुआ है। सड़क का निर्माण भी उनके द्वारा किया गया है, जितना में वह निर्माण कार्य किये है उसके बदले सामने जगह छोड़ दिया गया है।

## पदमा में आपके द्वार का विधायक ने किया उद्घाटन



**पदमा।** पदमा पंचायत भवन के प्रांगण में शनिवार को झारखंड सरकार द्वारा आयोजित कार्यक्रम आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का पंचायत स्तरीय शिविर लगा। शिविर का उद्घाटन बरही के वर्तमान विधायक सह सभापति निवेदन समिति उमाशंकर अकेला, जिला पंचायती राज पदाधिकारी निवेदिता राय, पदमा प्रखंड विकास पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार, अंचल अधिकारी मोतीलाल हेंब्रम, जिप सदस्य बसंत नारायण मेहता, मेहता उप प्रमुख सत्येंद्र राणा, बीस सूत्री अध्यक्ष संजय कुमार यादव, पदमा पंचायत के मुखिया सह विधायक प्रतिनिधि अनिल मेहता ,कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार मेहता के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। शिविर में सचिव उद्योग विभाग सह नोडल पदाधिकारी हजारीबाग आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम जितेंद्र सिंह पहुंच कर स्टॉल पर जाकर आवेदन को देखें एवं ग्रामीणों से जानकारी ली, शिविर मे 650 से भी अधिक आवेदन सिर्फ आबूवाआवास योजना के आए, पांच बालिकाओं को सावित्रीबाई फुले योजना का लाभ मिला। वही बाल विकास योजना कार्यालय द्वारा तीन महिलाओं की गोद भराई एक बच्ची की मुह जूठाई की गई, चार म्यूटेशन, पांच ऑनलाइन रसीद, दो भूमि सुधार एक जाति प्रमाण पत्र बनाने की आवेदन, 15 आवेदन गुरुजी क्रेडिट कार्ड , 100 से ऊपर लोगों ने चिकित्सा जांच करवाई, इसके अलावा सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ, बिरसा की कूप योजना का लाभ, छात्रों को साइकिल की छात्रवृत्ति भी खाते में भेजी गई। इस अवसर पर विधायक उमाशंकर अकेला ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि यह हेमंत की सरकार गरीबों की सरकार है हमारी सरकार अनेक कल्याणकारी योजनाएं शुरू की है जिसका आपको लाभ लेना है।आज सरकार आपके खुद द्वारा पर आई है इसका आप लोग लाभ ले। इस अवसर पर मुखिया शांति देवी, मुखिया विजय कुमार मेहता, मुखिया प्रतिनिधि सुनील मेहता, पंचायत सचिव सत्य किशोर मेहता,प्रमोद कुमार, संतोष कुमार, सुबोध कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी अनिता कुमारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रेणु बाला, प्रखंड कर्मी सूरज कुमार सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## प्रेस क्लब चौपारण के सौजन्य से कंबल वितरित




**चौपारण।** दुर्गा मंदिर परिसर में बढ़ती ठंड को देखते हुए गरीबों को इससे निजात हेतु विनोद प्रगतिशील फॉउन्डेशन के सौजन्य से प्रेस क्लब चौपारण द्वारा कंबल वितरण का आयोजन किया गया। इस आयोजन में लगभग 50 कंबल वैसे लोगो को दिया गया जो अतिगरीब की सीमा रेखा में आते है। कंबल का वितरण प्रेस क्लब चौपारण के अध्यक्ष शंकर यादव उपाध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा तथा सदस्य विशाल सिन्हा और राकेश सहाय ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान अध्यक्ष शंकर यादव ने बताया की समय के अनुसार गरीबों के बीच उचित समान का वितरण करना ही गरीबों की भलाई कहलाता है। उन्होंने बताया की ठंड में कंबल और जलावन की व्यवस्था करना ही मेरा उदेश्य है। साथ ही उन्होंने विनोद प्रगतिशील फॉउन्डेशन को इस कार्य में सहयोग के लिय अपना आभार प्रकट किया।

कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता रघुनंदन गोप, कुणाल कटरियार, आशीष सिंह ,बलराम दांगी,यमुना यादव,मुहम्मद शरीफूल हक, मनोहर यादव, मुहम्मद तस्लीम मुखिया, मंजीत यादव, मुहम्मद रफीक, आकाश कुमार, मोहन प्रजापति सहित कई लोग उपस्थित थे ।

## औने-पौने दाम में धान खरीद रहें हैं बिचौलिए

**चरही** ।चुरचू प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में धन कटनी चालू है।वहीं बिचौलिए वाहन को लेकर सुबह-सुबह धान खरीदने के किसानों के घर पहुंच जा रहे हैं।क्षेत्र के किसान बताते हैं कि बिचौलियों के हाथों मजबूरन अपने धानों को औने-पौने दामों में बेचना पड़ता है।बिचौलिए किसानों से 15 से 16 रुपए किलो के हिसाब से धान को खरीद कर ले जाते हैं।तौल में भी धान को मार लिया जाता है।किसानों का कहना है कि अगर धान को पैक्स में बेचते हैं, तो इसका मूल्य समय पर नहीं मिल पाता है।इसमें भी कटौती किया जाता है।जिस कारण किसानों को अपने धानों को मजबूरन बिचौलियों के हाथों बेचना पड़ता है।आगे बताते हैं कि पैक्स किसानों के धानों के मूल्य को सही समय पर दे तो अपने धानों को पैक्स को बेच सकते हैं।ताकि बेचे गए धान के मिले रकम से अन्य फसल को लगा सके।धान को खरीदने के लिए बिचौलिए प्रखंड के प्रत्येक गांवों में घुमते नजर आते हैं।बिचौलिया सुबह से लेकर देर शाम तक धान को खरीददारी करते हैं।

# रेल देश को जोड़ती है, यह जोड़ महत्वपूर्ण है



अनल कुमार

**भारतीय** रेल के निजीकरण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 25 दिसंबर, 2015 को वाराणसी के डीजल लोको वर्क्स के मजदूरों को संबोधित करते हुए कहा कि वो हिन्दोस्तान के सभी मजदूरों और जनता को एक बात साफ-साफ बताना चाहते हैं कि रेलवे का कभी भी निजीकरण नहीं किया जायेगा और उन्हें इस बारे में फैलाई जा रही अफवाहों पर विश्वास नहीं करना चाहिये। इस आश्वासन के विपरीत, यह सरकार परदे के पीछे रेलवे का निजीकरण जल्दी से जल्दी हो यह सुनिश्चित करने के लिए दिन-रात काम कर रही है। इस दिशा में उसने अब तक निम्नलिखित कदम उठाये हैंः क)अगस्त 2014 में मोदी सरकार ने रेलवे में 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी पूंजी निवेश की अनुमति का ऐलान किया। उसके बाद नवम्बर 2014 में रेलवे बोर्ड ने 17 उन मुख्य क्षेत्रों का ऐलान किया जिनमें 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी पूंजी निवेश की अनुमति होगी। यहाँ यह याद रखना जरूरी है कि रेलवे में अभी तक सुरक्षा जोखिम के कारण प्रत्यक्ष विदेशी पूंजी निवेश की अनुमति नहीं थी। इस सरकार ने इस निर्णय को उलट दिया है। अब जिन क्षेत्रों में 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी पूंजी निवेश की अनुमति होगी, वे हैंः 1 तेज गति वाली रेलगाड़ियों की परियोजनाएं जहाँ रेलगाड़ियों के 205 किमी. प्रति घंटे से अधिक गति से चलने का प्रयोजन होगा। इन परियोजनाओं का मौजूदा रेलवे लाइनों या मार्गों से कोई सम्बन्ध नहीं होगा। इन अपरेटरों को इन मार्गों पर गाड़ियाँ चलाने और उन मार्गों की मरम्मत की पूरी छूट होगी। सरकार जरूरी साधनों और पूंजी प्रदान करके उनको सहायतादेगी।

2. पहियों पर चलने वाली वस्तुएं और उनकी मरम्मतः विदेशी कम्पनियां देश में डीजल और बिजली चालित ईंजन, कोच तथा वैगन बना सकती हैं। इसके पहले ये सब रेलवे के लोको व कोच निर्माण फैक्टरियों में बनाये जाते है।

3संयुक्त उपक्रम तथाध्अथवा सार्वजानिक-निजी-सांझेदारी के द्वारा समर्पित माल वाहक रेल लाइनें। कुछ लाइनों पर निजी सवारी गाड़ियों को चलाने की अनुमति भी दी जाएगी।

4सार्वजानिक-निजी-सांझेदारी के द्वारा उपनगरी रेलगाड़ियों के लिए गलियारों (करिडोर) की परियोजनाः इन गलियारों का निर्माण, मरम्मत करके परियोजनाओं का विकास करने वाले निर्धारित काल के लिए गाड़ियाँ चला सकते हैं।

5 मानव-चालित तथा मानव-रहित लेवल क्रोसिंगों के लिए तकनीकी हल निकालनाः रेल लाइनों के ऊपर पुल, रेल लाइनों के नीचे पुल, सीमित ऊँचाई के सबवे इत्यादि इनका निर्माण तथा मरम्मत। 6सुरक्षा सुधारने तथा दुर्घटनाएँ कम करने के लिये तकनीकी हल 7नवीन तकनीकों तथा प्रौद्योगिकियों को परखने के लिए सामग्रियाँ तथा विश्व-स्तरीय लेबोरेट्रियां 8रेलवे तकनीकी ट्रेनिंग संस्थाओं की स्थापना 9विश्व-स्तरीय सवारी गाड़ियों के लिए टर्मिनल तथा मौजूदा स्टेशनों का नवीनीकरणध्मरम्मत 10महत्वपूर्ण स्थानों पर माल गाड़ियों के लिए टर्मिनल लोजिस्टिक पार्क की स्थापना। नयी नीति के आधार पर रेलवे मंत्री ने तुरंत ही दो बड़ी लागत वाले डीजल तथा विद्युत लोको ईंजन निर्माण के लिये कारखाने स्थापित करने की परियोजनाओं में 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी पूंजी निवेश की अनुमति दे दी है। 1200-1200 करोड़ रुपये की लागत से बिहार में मधेपुरा तथा मरहोरा में प्लांट लगाये गये हैं। अभी हाल ही में रेलवे मंत्री ने निवेशकों के साथ मीटिंग की और उन्हें बताया कि किस तरह के मडल तथा परियोजना रेलवे उनके सामने पेश करेगी। रेलवे मंत्रालय के सार्वजानिक-निजी-सांझेदारी में अपनी रुचि दिखाने वाली कंपनियां हैं - रिलाएंस इन्फ्रास्ट्रक्चर, लारसेन एंड टुब्रो, सीमेन्स, अदानी पोर्ट्स, जीएमआर, टाटा इन्फ्रास्ट्रक्चर, गेमन, जिन्दल स्टील एंड पावर, जेएसडब्ल्यू, बम्बार्दिअर, जीई, आलस्टोम, इलेक्ट्रो मोटिव डीजल, भारत हेवी इलेक्ट्रीकल्स, एनएमडीसी, एचएसब्रीसी. तथा जेपी मरगन। इस लिस्ट से यह साफ दिखता है कि दोनों विदेशी तथा हिन्दोस्तानी बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ इसमें रुचि रखती हैं। ख) भारतीय रेल के निजीकरण को और ज्यादा गति से करने के लिए, एक सात सदस्यों की कमेटी नीति आयोग के सदस्य तथा अर्थशास्त्री बिबेक देबराय की अध्यक्षता में सितम्बर 2014 में स्थापित की गयी। इस कमेटी के अन्य सदस्यों में शामिल हैं एक भूतपूर्व केबिनेट सचिव, एक बहुराष्ट्रीय विदेशी शेम्पू तथा डिटर्जेंट बनाने वाली कंपनी के भूतपूर्व चेयरमैन, राष्ट्रीय स्टक एक्सचेंज के भूतपूर्व मैनेजिंग डायरेक्टर, तथा एक भारतीय रेल के भूतपूर्व आर्थिक कमिश्नर। इस कमेटी के सदस्यों की पृष्ठभूमि को देखकर हम अंदाजा लगा सकते हैं कि कमेटी के सुझावों की क्या दिशा होगी - कि भारतीय रेल को एक व्यवसायिक संगठन की तरह से चलाया जाना चाहिये, जिसका मकसद मुनाफा बनाना हो और जिसका कोई सामाजिक उत्तरदायित्व न होय भारतीय रेल को ऐसी कंपनी की तरह चलाया जाये जिसमें कम से कम लोग काम करते होंय कार्य क्षमता को सुधारने के लिए तथा खर्चों को कम करने के लिए निजी क्षेत्र को भारतीय रेल के साथ प्रतिस्पर्धा करने की इजाजत होय जो भी पूंजी चाहिये उसे वित्त पूंजी बाजार से उठाया जाना चाहिये तथा सरकार को कोई भी पूंजी नहीं देनी चाहियेय सवारी तथा माल ढोने के किराये ऐसे तय किये जाने चाहिये जिससे निवेश पर आकर्षक मुनाफा मिलेय वेतन को उत्पादकता के साथ जोड़ा जाना चाहियेय नुकसान देने वाले मार्गें तथा गतिविधियों को बंद किया जाना चाहिये, इत्यादि। जैसा डर था, इस कमेटी की ड्राफ्ट रिपोर्ट के कुछ मुख्य सुझाव हैंः

1) भारतीय रेल के साथ प्रतिस्पर्धा के लिए निजी क्षेत्र को सवारी तथा माल गाड़ियाँ चलाने की अनुमति देनी चाहियेय रेल सम्बंधित आधारभूत सेवाएं तथा उत्पादन और निर्माण कार्य जैसे काम, जो रेलवे के लिए मूलभूत नहीं हैं, उनमें निजी क्षेत्र के सहभाग को प्रोत्साहन दिया जाना चाहिये।

2)भारतीय रेल को दो स्वाधीन संगठनों में विभाजित करो - एक की जिम्मेदारी होगी रेल लाइनें तथा सब आधारभूत संरचना, और दूसरे का काम होगा गाड़ियाँ चलाना। निजी क्षेत्र को रेल लाइनों तथा आधारभूत संरचना का किराया देकर इस्तेमाल करने की इजाजत होगी और इस तरह अनेक पूंजीपति उनका इस्तेमाल कर-के निजी गाड़ियाँ चला सकेंगे। 3) भारतीय रेलवे एक्ट में बदलाव लायें जिससे कि निजी क्षेत्र बाजार के अनुसार किराये तय कर सके और वह रेलवे द्वारा निर्धारित किराये मानने के लिए बाध्य न हो। 4) राजधानीध्शताब्दी गाड़ियों को चलाने का व्यवसायिक काम निजी क्षेत्र को दे दो और उसके लिए उनसे सालाना फीस ले लो। 5)मधेपुरा तथा मरहोरा कारखानों के अलावा राय बरेली, भिलवाड़ा, सोनीपत, छपरा, जलपाईगुड़ी, कन्चरापारा तथा केरल में प्रस्तावित फैक्टरियों में भी निजी क्षेत्र को भाग लेने की अनुमति दो। 6) वेतन तथा सुविधाओं पर खर्चे को कम करने के लिए फौरन कदम उठाओ और उसके लिए भारतीय रेल में कर्मचारियों की संख्या सही तरह से तय करके कम करो। 7) कर्मचारियों की संख्या कम करने के लिये (क) कार्य प्रणाली का विस्तार से अध्ययन करके कर्मचारियों की संख्या की आदर्श मात्रा तय करोय (ख) चपरासियों, खलासियों तथा अन्य ऐसे कर्मचारी समूहों की संख्या कम करो तथा इन कामों को बाहर से सेवाएं प्राप्त करके कराओय (ग) अनेक डी कैटेगरी के कामों को समाप्त करो जो अब गतकालीन हो गए हैं तथा जरूरी नहीं हैं (बक्स पोर्टर, इत्यादि)। निम्न श्रेणी की सुरक्षा से जुड़े कार्यों की उत्पादकता बढ़ाने के लिए कदम उठाओ (उदाहरण के लिये गैंगमैन, ट्राली-मैन, इत्यादि से अनेक तरह के कार्य कराकर, नवीन प्रौद्योगिकी को अपनाकर, दोबारा ट्रेनिंग, उत्पादकता बढ़ाने के कदम उठाकर) 8) भारतीय रेल को अपने मूल कार्यों पर ही ध्यान देना चाहिये जिससे वह निजी क्षेत्र के साथ स्पर्धा कर सके। उसे अन्य कार्यों से अपने को दूर कर देना चाहिये, जैसे कि पुलिस, स्कूल, अस्पताल, उत्पादन, निर्माण। 9) अनुदान केवल उनके लिए होने चाहिये जिन्हें उनकी जरूरत है। सवारी टिकट खरीदते समय उन्हें आधार कार्ड नंबर के साथ जोड़ दो। सवारी किराए पर जो भी अनुदान हो, वह सीधा बैंक खाते में जमा होना चाहिये और अनुदान केवल गरीबी रेखा के नीचे के लोगों के लिए होना चाहिये। 10)उपनगरी रेल सेवाओं को अलग करके राज्य सरकारों को सांझे उद्योग के रूप में सौंप देना चाहिये। जब तक यह नहीं किया जाता है, सस्ते उपनगरी रेल किराये का आधा बोझ राज्य सरकार को भुगतना चाहिये, और इसके लिए राज्य सरकार के साथ एक करार करना चाहिये। नहीं होंगे क्योंकि उसके लिए बहुत पूंजी लगती हैय वे तो सस्ते भाव में उन्हें सौंपी गयी, बिछी बिछाई लाइनों का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करके मुनाफा कमाना चाहेंगे। उठाये गए हैं।

5) एक और बात है कि अपने देश में रेल नेटवर्क को तेजी से बहुत बढ़ाने की जरूरत है जिससे कि दूर की जगहों को भी रेल सेवा प्राप्त करायी जा सके, क्योंकि वो सेवा मुनाफेदायक न हो। इस नेटवर्क को बिछाने के लिए काफी पूंजी चाहिये। पूंजीपति तो कभी भी लोगों की जरूरत की सेवा प्रदान नहीं करते हैं।

## भारतीय रेल में 2.94 लाख से अधिक जॉब्स

भारतीय रेल के आकार, स्थानिक वितरण और प्रचालन के महत्व को देखते हुए रिक्तियों का होना और उन्हें भरना एक सतत प्रक्रिया है। नियमित प्रचालन, प्रौद्योगिकी में बदलाव, मशीनीकरण और नवोन्मेषी प्रकियाओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त श्रमबल उपलब्ध कराया जाता है। ये रिक्तियां मुख्य रूप से प्रचालनगत और प्रौद्योगिकीय आवश्यकताओं के अनुसार भर्ती एजेंसियों के साथ रेलवे द्वारा मांगपत्र जारी करके भरी जाती हैं। गैर-राजपत्रित पदों की 1.39 लाख रिक्तियों को भरने के लिए हाल ही में 2.37 करोड़ से अधिक उम्मीदवारों से जुड़े दो प्रमुख प्रतिस्पर्धी कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) आयोजित किए गए हैं। 1.26 करोड़ से अधिक उम्मीदवारों के लिए सीईएन 01/2019 (एनटीपीसी) के लिए प्रथम चरण सीबीटी 28.12.2020 से 31.07.2021 तक 7 चरणों में 211 शहरों और 15 भाषाओं में 726 केंद्रों पर 68 दिनों में 133 शिफ्टों में आयोजित किया गया था। इसी तरह, सीईएन आरआरसी 01/2019 (स्तर 1) के लिए सीबीटी 1.11 करोड़ से अधिक उम्मीदवारों के लिए 5 चरणों में 17.08.2022 से 11.10.2022 तक 33 दिनों में 99 शिफ्टों में 191 शहरों और 15 भाषाओं में 551 केंद्रों पर आयोजित किया गया था।पिछले पांच वर्षों में और 30 सितंबर 2023 तक 2,94,115 रिक्तियां भरी गई हैं। भर्ती किए गए 90 प्रतिशत से अधिक उम्मीदवार सुरक्षा और प्रचालनगत श्रेणियों में हैं। रनिंग स्टाफ की आवधिक समीक्षा शक्तियों के प्रत्यायोजन के अनुसार जोनल रेलवे द्वारा क्रू समीक्षा अभ्यास के माध्यम से की जाती है।

यह क्रू समीक्षा जोनल रेलवे द्वारा वार्षिक/छह मासिक आधार पर की जाती है, जिसका अर्थ है कि लगभग हर साल क्रू समीक्षा की जाती है।

## बजट प्रावधान

संविधान के अनुच्छेद 112 के अंतर्गत भारत सरकार की अनुमानित आमदनी और खर्च का विवरण संसद में पेश किया जाता है। रेलवे का वित्त केन्द्र सरकार के आम बजट से अलग है। इसलिए रेलवे बजट अलग से पेश होता है। इसमें कुल राजस्व, आमदनी, राजस्व और निर्माण व्यय, खर्च की तुलना में प्राप्तियों के अधिशेष का विवरण और केन्द्र के पास रेलवे की निधियों का विवरण आदि शामिल होता है। बजट के एक भाग में गत, चालू और आगामी वर्ष के वित्तीय परिणामों का सारांश होता है। दूसरे भाग में निर्माण मांगों का सारांश होता है। अनुच्छेद 114(3) के अंतर्गत जब तक संसद विनियोग विधेयक पारित नहीं कर देती तब तक समेकित निधि से कोई भी निकासी नहीं हो सकती। स्वतंत्र भारत का प्रथम रेल बजट 20 नवंबर 1947 को यातायात मंत्री डॉ जान मथाई द्वारा पेश किया गया था, जो 1 जनवरी 1948 को लागू हुआ था।



## रेलवे का इतिहास

रेल बजट का लंबा इतिहास है। अंग्रेजी राज के समय से ही रेल बजट को पेश करने की परंपरा शुरू हो गयी थी। इसका आगाज हुआ था सन 1924 से। उससे पहले तक रेल विभाग के लिए कोई अलग से बजट का प्रावधान नहीं था। 1924 में रेल का बजट भारत के आम बजट का लगभग 70 प्रतिशत था जो अब लगभग 14-15 प्रतिशत तक रह गया है। रेल के इतिहास के पन्नों को पलटने पर आप पायेंगे कि रेल के लिए धन की व्यवस्था आम बजट में से किसी अन्य मंत्रालय की तरह से ही की जाती थी। सन 1921 में ईस्ट इंडियन रेलवे समिति ने इसे अलग करने की सिफारिश की, फलस्वरूप 1924 से रेलवे को वित्त मंत्रालय से अलग कर दिया गया, तभी से इसके लिए अलग से बजट का प्रावधान कर दिया गया। इसमें कोई शक नहीं है कि जब हम भारत में हाईस्पीड वाली बुलेट ट्रेनों के चलने का ख्वाब सच होता देख रहे हैं, वहीं एक समय ऐसा भी था जब बैल ट्रेन को खींचा करते थे। यह बात सबको आश्चर्य में डालने वाली है। बता दें कि गुजरात में नैरोगेज ट्रेन की शुरुआत हुई थी। बड़ोदा के शासक खांडेराव गायकवाड़ ने एक अंग्रेज इंजीनियर मिस्टर ए.डब्ल्यू फोर्ड से पहली डभोई-मियागांव में रेल लाइन की डिजाइन तैयार करवाई और फिर इन्हीं की देखरेख में रेल लाइन का निर्माण किया गया। इसके बाद यह तय किया कि इस नैरोगेज रेल लाइन पर भाप से चलने वाले इंजन चलाए जायें। इस लाइन पर चलने वाली नैरोगेज ट्रेन के लिए कुछ डिब्बे भी भारत में तैयार किये गये थे। गुजरात में डभोई-मियागांव नैरोगेज रेल लाइन अंततः इंजन से चलने वाली ट्रेन के लिए 1862 में खोल दिया गया। इस तरह से भारत की पहली नैरोगेज लाइन बनाई गई। हालांकि यह भी बताना जरूर है कि स्वतंत्र भारत में रेलवे का इस्तेमाल विभिन्न दलों और नेताओं ने अपने लाभ के लिए खूब किया। भारतीय रेल सोलह क्षेत्रों में बंटी हुई है।

## रेलवे की यात्रा

16 अप्रैल 1853 को बम्बई (मुंम्बई )में आम अवकाश कर दिया था। दोपहर होते ही छुट्टी मनाने वालों की भीड़ बोरीबंदर की ओर बढ़ने लगी थी, जहां गवर्नर के निजी बैंड के संगीत की धुनें वहां की वातावरण में फैल चुकी थी। साढ़े तीन बजे से ठीक पहले नगर की 400 मुख्य हस्तियां उस दिन के उत्सव के केन्द्र फॉकलेंड नामक स्टीम इंजन से जुड़े ग्रेट इंडियन पेनिनसुला रेलवे के 14 चमचमाते डिब्बों पर सवार हो चुकी थी। आधा घंटा पूरा होते ही फॉकलैंड के चालक ने वॉल्व खोल दिए और उसके फायर मैन ने जोर-शोर से आग में कोयला झोंकना आरम्भ कर दिया। फॉकलैंड ने एक लंबी सांस ली और आसपास के लोग भाप के बादलों से ढक गये। चालक के सीटी के तार के करीब पहुंचते ही लोग खुशी से झूम उठे और उस उमस भरी दोपहरी में 21 बंदूकों की सलामी गूंज उठी। एक आखिरी सीटी और फुफकार और भारत की पहली रेलगाड़ी ठाणे के 35 किलोमीटर के सफर पर गरजती-दहाड़ती चल पड़ी । लगभग 6 साल बाद 3 मार्च 1859 को उत्तर भारत की पहली रेल लाइन इलाहाबाद-कानपुर के बीच बिछायी गयी। इसके बाद 1889 में दिल्ली-अंबाला-कालका के बीच रेल लाइन बिछायी गयी। इन छोटी शुरूआतों के बाद भारतीय रेल विश्व का दूसरा सबसे बड़ा नेटवर्क बन गया है। प्रशासनिक तौर पर भारतीय रेल को 16 क्षेत्रों में विभाजित किया है। इन क्षेत्रों को मंडलों में उप विभाजित कर प्रत्येक को एक-एक मंडल रेल प्रबंधक के अधीन रखा गया है।

### उत्तर रेलवे सबसे बड़ा

उत्तर रेलवे 1952 में अपने वर्तमान स्वरूप में आया। आज भारत का सबसे बड़ा रेलवे क्षेत्र है। यह क्षेत्र नये प्रयोगों और आधुनिकीकरण के मामलों में सदैव अग्रणी रहा है। कंप्यूटरीकृत यात्री आरक्षण प्रणाली की शुरूआत सबसे पहले उत्तर रेलवे पर ही 19 फरवरी 1989 को हुई। अपने ग्राहकों की सुविधा का ध्यान रखते हुए स्टेशनों पर इंटरएक्टिव वॉइस रिस्पांस सिस्टम, स्टेशनों पर इलैक्ट्रॉनिक डिस्प्ले सिस्टम, रिकॉर्डेड कोच गाइडेंस डिस्प्ले सिस्टम, आरक्षण उपलब्धता स्थिति, इन्फॉर्मेशन डिस्प्ले, सेल्फ डायल टेलीफोन रिजर्वेशन पूछताछ बूथ, ऑटोमैटिक टैलर मशीनें और मनी चैंजिंग सुविधाएं उपलब्ध करवाई है।

### 139 डॉयल योजना

भारतीय रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए नयी आधुनिक और सुधरी हुई सुविधा शुरू की है। यह एकीकृत ट्रेन पूछताछ प्रणाली (आईटीईएस) रेल संपर्क कॉल सेंटर सेवा शुरू की है। इसका नंबर 139 है। इस नंबर पर पूरे देश से रेलों के बारे में जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इस प्रणाली के अंतर्गत एमटीएनएल और बीएसएनएल के ग्राहक को बिना एसटीडी के 139 डॉयल करने पर यह सुविधा मिलती है। इसके तहत गाड़ियों के आगमन, प्रस्थान, विलंब, किराया, सीटों की उपलब्धता आदि जानकारियां प्राप्त की जा सकती है ।




### दुर्घटना मुआवजा दावा

मृतकों और घायल यात्रियों के संबंध में मुआवजा के लिए रेलवे दावा न्यायाधिकरण में मांगपत्र दाखिल करना होता है। यह आवेदनपत्र दुर्घटना स्थल पर राहत कार्यों के दौरान रेलवे प्रशासन की ओर से बांटे जाते हैं । स्थानीय समाचारपत्रों में इसका प्रारूप प्रकाशित होने के अतिरिक्त ये रेलवे की वेबसाइट www.indianrailway.com से भी प्राप्त किए जा सकते हैं। आवेदन की तीन प्रतिलिपियां दाखिल करानी होती हैं। इसे यात्री स्वयं या उसकी ओर से आश्रित या मृतक यात्री के आश्रित संबंधित रेल दावा न्यायाधिकरण में एक वर्ष के भीतर दावा कर सकते हैं। इसके बाद के दावों पर भी रेल दावा न्यायाधिकरण अकसर विचार कर लेता है। 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, जिनका टिकट भाड़ा नहीं लिया जाता, उन्हें भी मुआवजा दिया जाता है । मुआवजे के लिए वह यात्री जो प्रामाणिक टिकटों पर रेल में सफर करते हैं उनके अलावा इस योजना के अंतर्गत प्लेटफार्म टिकट धारक भी बीमा के योग्य होते हैं।

### रेलवे की पहली महिलाएं

भारतीय रेल न केवल रेल नेटवर्क में दुनिया की दूसरी बड़ी रेलवे है बल्कि महिलाओं को रोजगार देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। भारतीय रेलवे में महिलाओं ने महत्वपूर्ण पद प्राप्त किए हैं। भारतीय रेल की सर्वप्रथम महिला रेल ड्राइवर सुरेखा यादव हैं। ये वज 1990 में ट्रेनीज सहायक इलेक्ट्रिक ड्राइवर पद पर मध्य रेलवे में नियुक्त हुईं थीं । ये प्रथम ईएमयू (मुम्बई उपनगरीय रेल सेवा) की ड्राइवर भी बनी। श्रीमती सुरेखा यादव भारत एवं एशिया की प्रथम महिला ड्राइवर हैं। भारतीय रेल में सर्वप्रथम महिला डीजल रेल इंजन ड्राइवर सुश्री मुमताज काथावाला (अब श्रीमती मुमताज काजी) है।

महिला रेलकर्मी सुश्री सूचिटा चटर्जी भारतीय रेल में सिविल सिर्वस परीक्षा-2000 बैच की रेल सुरक्षा बल में नियुक्ति पाने वाली प्रथम महिला अधिकारी हैं। भारतीय रेलवे में सर्वप्रथम सहायक स्टेशन मास्टर के रूप में नियुक्ति सुश्री रिंकू सिन्हा राय की अगस्त 1994 में पूर्व रेलवे कोलकाता में हुई थी। भारतीय रेल में सर्वप्रथम महिला उच्च अधिकारी, सर्वप्रथम महिला मंडल रेल प्रबंधक, सर्वप्रथम महिला अपर महाप्रबंधक, सर्वप्रथम महिला सदस्य रेलवे बोर्ड, सर्वप्रथम महिला वित्त आयुक्त (रेलवे) बनने का श्रेय श्रीमती विजयालक्ष्मी विश्वनाथन को प्राप्त है। इनके अतिरिक्त अन्य अनेक ऐसी महिलाएं हैं जो भारतीय रेल में विभिन्न चुनौतीपूर्ण उच्च पदों पर नियुक्त हो चुकी हैं।

## रेल मंत्री

असफ अली 2 सितंबर 1946 से 14 अगस्त 1997
जॉन मथाई 15 अगस्त 1947 से 22 सितंबर 1948
एन गोपालास्वामी अयंगर 22 सितंबर 1948 से 13 मई 1952
लाल बहारदुर शास्त्री 13 मई 1952 से 7 दिसंबर 1956
जगजीवन राम 7 दिसंबर 1956 से 10 अप्रैल 1962
स्वर्ण सिंह 10 अप्रैल 1962 से 21 सितंबर 1963
एचसी दसाप्पा 21 सितंबर 1963 से 8 जुन 1964
एसके पाटिल 9 जुन 1964 से 12 मार्च 1967
सीएम पूनचा 13 मार्च 1967 से 14 फरवरी 1969
राम सुभाग सिंह 14 फरवरी 1969 से 4 नवंबर 1969
पनमपिल्ली गोविंदा मेनन 4 नवंबर 1969 से 18 फरवरी 1970
गुलजारीलाल नंदा 18 फरवरी 1970 से 17 मार्च 1971
के हनुमन्थया 18 मार्च 1971 से 22 जुलाई 1972
टीए पाई 23 जुलाई 1972 से 4 फरवरी 1973
ललित नारायण मिश्रा 5 फरवरी 1973 से 2 जनवरी 1975
कमलापति त्रिपाठी 11 फरवरी 1975 से 23 मार्च 1977
मधु दंडवते 26 मार्च 1977 से 28 जुलाई 1979
टीए पाई 30 जुलाई 1979 से 13 जनवरी 1980
कमलापति त्रिपाठी 14 जनवरी 1980 से 12 नवंबर 1980
केदार पांडे 12 नवंबर 1980 से 14 जनवरी 1982
प्रकाश चंद्र सेट्टी 15 जनवरी 1982 से 2 सितंबर 1982
एबीए घनी खान चौधरी 2 सितंबर 1982 से 31 दिसंबर 1984
बंसी लाल 31 दिसंबर 1984 से 4 जून 1986
मोहसिना किदवाई 24 जुन 1986 से 21 अक्टूबर 1986
माधवराव 22 अक्टूबर 1986 से 1 दिसंबर 1989
जॉर्ज फर्नांडिस 5 दिसंबर 1989 से 10 नवंबर 1990
जनेश्वर मिश्रा 21 नवंबर 1990 से 21 जुन 1991
सीके जफर शरीफ 21 जुन 1991 से 16 अक्टूबर 1995
राम विलास पासवान एक जुन 1996 से 19 मार्च 1998
नीतीश कुमार 19 मार्च 1998 से 5 अगस्त 1999
राम नाईक 6 अगस्त 1999 से 12 अक्टूबर 1999
ममता बनर्जी 13 अक्टूबर 1999 से 15 मार्च 2001
नीतीश कुमार 20 मार्च 2001 से 22 मई 2004
लालु प्रसाद यादव 23 मई 2004 से 25 मई 2009
ममता बनर्जी 26 मई 2009 से 19 मई 2011
दिनेश त्रिवेदी 12 जुलाई 2011 से 14 मार्च 2012
मुकुल रॉय 20 मार्च 2012 से 21 सितंबर 2012
सीपी जोशी 22 सितंबर 2012 से 28 अक्टूबर 2012
पवन कुमार बंसल 28 अक्टूबर 2012 से 10 मई 2013
सीपी जोशी 11 मई 2013 से 16 जुन 2013
मल्लिकार्जुन खरगे 17 जुन 2013 से 25 मई 2014
डीवी सदानंद गौडा 26 मई 2014 से 9 नवंबर 2014
सुरेश प्रभु 10 नवंबर 2014
पियूष गोयल
अश्विनी वैष्णव वर्तमान रेल मंत्री

## भारतीय रेल से संबंधित रोचक जानकारियां

- कोंकण रेलवे भारतीय रेल की एक स्वतंत्र इकाई के रूप में परिचालित होने वाली रेल व्यवस्था है। इसका मुख्यालय नवी मुंबई के बेलापुर में है। यह सीधे रेलवे बोर्ड और केंद्रीय रेलमंत्री की निगरानी में काम करता है।
- कोलकाता मेट्रो भारतीय रेल द्वारा ही संचालित होता है परंतु इसे किसी जोन में नहीं रखा गया है।
- 2005 में पहली डबल डेकर ट्रेन चली जबकि पहली डबल डेकर एसी ट्रेन नवंबर 2010 में धनबाद और हावड़ा के बीच चलायी गयी।
- **सबसे ऊंची रेल सेवा :** जम्मू-कश्मीर में वानोप (अनंतनाग) से काजीगुंड रेल सेवा भारतीय रेलवे की सबसे ऊंची ब्रॉडगेज रेल सेवा है। यह समुद्र तल से 5,166 फुट की ऊंचाई पर है।
- 26 जनवरी 1950 के दिन बंगाल के चितरंजन मे ब्रोड्गोटिव फेकटरी का उद्घाटन।
- एक नवंबर 1950 के दिन देश का प्रथम स्टीम इंजन बना।
- देश का प्रथम एलेक्ट्रिक एंजिन 1961 मे बना था।
- डीजल इंजन बनाने की फैक्ट्री वाराणसी मे 1961 मे चालू हुई थी
- 1972 मे स्टीम इंजन को बंद कर दिया गया।
- 2.8 मिलियन टन चीजों को रेल रोज एक जगह से दूसरे जगह पहुंचती है।
- सबसे लंबा रूट डिब्रूगढ़ से कन्याकुमारी का है।
- की प्रथम एलेक्ट्रिक ट्रेन वीटी-कुर्ला स्टेशन के बीच दौड़ाई गई थी दिन था 3 फरवरी 1925
- 19 फरवरी 1986 को देश का प्रथम कंप्यूटराइज टिकट रिजर्वेशन दिल्ली मे खोला गया।
- रेल मंत्री ना होने के बावजूद भी 1947 मे जॉन मथाई ने प्रस्तुत किया था देश का प्रथम रेल बजेट।
- बिहार ने दिये है 6 रेल मंत्री।
- सबसे सफल रेल मंत्री थे लालू प्रसाद यादव जिनहोने 1 पैसा भाड़ा बढ़ाये बगैर रेल को पहली बार मुनाफे का स्वाद चखाया था।
- भारत की सबसे तेज चलने वाली रेलगाड़ी शताब्दी एक्सप्रेस सर्वप्रथम 10 जुलाई 1988 को नयी दिल्ली और झांसी के बीच चली थी। जवाहर लाल नेहरु के जन्म शताब्दी पर ये रेलगाड़ी चलायी गयी थी ।
- भारतीय रेल की पहली गाड़ी 'ब्लेक ब्यूटी' नाम से लार्ड डलहौजी के कार्यकाल में चली थी।
- सबसे पहले भारत में रेल प्लेटफार्म टिकट लाहौर में जारी किया गया।

भारतीय रेलवे का सबसे ऊंचा रेलवे स्टेशन 'सिमलिगुडा' है।

- भारतीय रेलवे का राष्ट्रीयकरण 1950 में हुआ था।

# प्रभु यीशु मसीह शांति और प्रेम के प्रतीक : बिशप लिनुस

- झारखंड क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन के द्वारा क्रिसमस शोभायात्रा सह क्रिसमस मिलन समारोह का आयोजन
- लुथरन स्कूल परिसर से निकाली गयी भव्य शोभयात्रा, सांता क्लोज ने शोभायात्रा में बांटी चाकलेट






शोभायात्रा में शामिल क्रिश्चयन यूथ एसोसिएशन के पदाधिकारी व अन्य और क्रिसमस गैदरिंग में शामिल लोग।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** झारखंड क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन के तत्वाधान में शनिवार को क्रिसमस शोभायात्रा सह क्रिसमस मिलन समारोह का आयोजन किया गया। क्रिसमस शोभायात्रा में हजारों की संख्या में खीस्त विश्वासी नाचते एवं झूमते शामिल हुए। शोभा यात्रा लुथरन चर्च से शुरू होकर ऑडिटोरियम तक चली। इस शोभा यात्रा में मुख्य आकर्षण के रूप में लाइव गाना क्रिसमस कैरोल रही। साथ में सांता क्लॉज भी लोगों को चॉकलेट बांट कर क्रिसमस की शुभकामनाएं दी। क्रिसमस कैरोल के बाद पूरा जुलूस बख्तर साय मुंडल सिंह स्मृति भवन में सभा में तब्दील हो गई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि बिशप फादर लिनुस पिंगल एक्का ने कहा कि प्रभु यीशु मसीह शांति और प्रेम का प्रतीक हैं और हमें भी शांति का प्रतीक बनना है। नफरत हिंसा से लोग दूर रहे। यीशु त्याग का प्रतीक है। क्रिश्चयन यूथ एसोसिएशन के अध्यक्ष हेमंत कुमार ने सभी को आने वाली क्रिसमस एवं नव वर्ष की ढेर सारी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि परमेश्वर ने जगत से ऐसा प्रेम किया कि उसने अपना एकलौता पुत्र को धरती पर भेज दिया। यीशु मसीह किसी जाति , धर्म , समुदाय का निर्माण करने नहीं किसी धर्म का प्रचार करने के लिए नहीं परंतु समस्त मानव जाति का उद्धार करने पाप से क्षमा एकता प्रेम और शांति का संदेश देने के लिए आये थे। इसलिए हम सभी मसीह भी अपने जीवन से मसीही एकता प्रेम और शांति एक दूसरे को मानवता का संदेश देकर मसीह का गवाह बने। अब जरूरत है हम सब को एक होने की ताकि हम समाज में उदाहरण बन सके। झारखंड क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन सभी मसीह समाज को लेकर चल रही है। संगठन के संरक्षक अमित एक्का ने कहा क्रिसमस हमारे लिए ढेर सारा प्यार और खुशियों को लेकर आता है। इस क्रिसमस के त्यौहार में आप इस तरह खुशियां मनाएं की आपकी खुशी किसी के लिए परेशानी का सबब न बने। हर किसी के साथ प्यार बांटते हुए इस क्रिसमस को मनायें। इस सभा में 22 चर्च के मसीह विश्वासियों ने रंगारंग कार्यक्रम पेश किया।

**ये भी रहे उपस्थित :** मौके पर रोबर्ट टोप्पो, उत्तम बेक, सजीत पन्ना, अन्थोनी लकड़ा, होसियाना तिर्की, सेत कुमार एक्का, जयमानती एक्का, अतुल तिग्गा, सुनील कुमार, सौरभ एक्का, अर्पित टोप्पो,, अनीस, अभिषेक करकेरट्टा, विनय करकेरता, अमृत तोपनो, मेरी किरण टोप्पो, कुलदीप उरांव, जासिंता बेक, रेव निष्ठार, विनोद वरवा, शंकर दयाल बिरजिया, रोबर्ट टोप्पो भी मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### वीर शहीदों को दी श्रद्धांजलि, 1971 के भारत-पाक युद्ध के शहीदों को नमन



**गुमला।** भूतपूर्व सैनिक कल्याण संगठन ने भारत-पाक के ऐतिहासिक युद्ध 1971 में भारत को मिले जीत पर शनिवार को विजय दिवस का आयोजन परमवीर अलबर्ट एक्का स्टेडियम परिसर में किया गया। युद्ध में जीत के नायक रहे शहीद जवानों के शौर्य को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। 1971 के युद्ध में अदम्य साहस का परिचय देते हुए दुश्मनों के खेमे में खलबली मचा देने व उनके इरादों को नेस्तनाबूद कर देने वाले गुमला के लाल लांस नायक परमवीर चक्र विजेता अलबर्ट एक्का की प्रतिमा पर भूतपूर्व सैनिक कल्याण संगठन के सदस्यों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। मौके पर संगठन के अध्यक्ष विनोद मिंज, इमलियानी एक्का, तैरेसा कुजूर, अगाथा कुजूर, मीला उरांव, भिखा उरांव, रंथू उरांव सहित काफी संख्या में पूर्व सैनिक उपस्थित थे।

### एलआइसी ने लगाया प्रशिक्षण शिविर



**गुमला।** भारतीय जीवन बीमा निगम गुमला शाखा ने शनिवार को अभिकर्ता प्रशिक्षण शिविर स्थानीय परिषदन भवन में लगायी। इसमें गुमला शाखा में प्रशिक्षु नये विकास अधिकारियों का स्वागत बुके देकर मुख्य शाखा प्रबंधक त्रिलोकी चंद्र गोयल ने किया। प्रशिक्षक रूप कुमार ने सभी को प्रशिक्षित किया। इस प्रशिक्षण सत्र में अभिकर्ताओं ने अपने ग्राहकों को अच्छा प्लान उनके वितीय स्थिति को ध्यान में रख दिशा निर्देशित करने के गुण सीखे। मौके पर मुख्य शाखा प्रबंधक त्रिलोक चंद गोयल, सहायक शाखा प्रबंधक अश्विनी दास, प्रशिक्षु विकास अधिकारी ममता कुमारी, प्रीति मिंज, संध्या कुमारी, अनिता कुमारी, पूजा कुमारी, शबाना परवीन, शैलेश कुमार, सुनील कुमार आदि उपस्थित थे।

### आयुक्त ने किया पुस्तकालय का भ्रमण



**गुमला।** दक्षिणी छोटनागपुर प्रमंडल के प्रभारी आयुक्त दशरथ चंद्र दास ने गुमला जिला भ्रमण के क्रम में जिला प्रशासन की पहल से संचालित पुस्तकालय का निरीक्षण किया। उन्होंने देर शाम कोर्ट परिसर में बने नव निर्मित बिरसा मुंडा पुस्तकालय एवं सावित्री बाई फुले किशोरी पुस्तकालय पहुंचकर बच्चों से बात की। उन्होंने पुस्तकालय की उपलब्ध व्यवस्थाओं को देखा एवं अन्य जरूरी जानकारी को प्राप्त किया तथा एक एक कर पुस्तकालय अंतर्गत सभी कमरों एवम उपलब्ध पुस्तकों को भी देखा। उन्होंने पुस्तकालय में पढ़ रहे छात्रों से मुलाकात की एवं उन्हे जीवन में सफलता हासिल करने के संबंध में उचित मार्गदर्शन भी दिया। इस दौरान अपर समाहर्ता गुमला, जिला परिवहन पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

### बलदेव साहू कॉलेज में 19 से 23 दिसंबर तक होगा इंटर कॉलेज क्रिकेट टूर्नामेंट

**लोहरदगा।** रांची विश्वविद्यालय अंतर कॉलेज क्रिकेट टूर्नामेंट पुरुष का आयोजन पहली बार बलदेव साहू कॉलेज को मिला है। आयोजन के लिए विभिन्न स्तर पर कमेटियां बनी हैं। तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। जिला प्रशासन भी सहयोग कर रहा है। प्रतियोगिता का उद्घाटन 19 दिसंबर को होगा, जिसमें रांची विवि के कुलपति डॉ अजीत सिन्हा मुख्य अतिथि होंगे। जानकारी देते हुए बीएस कॉलेज के प्रबंधन ने बताया कि यह कार्यक्रम 19 से 23 दिसंबर तक चलेगा। इसमें लगभग 12 टीमों के भाग लेने की संभावना है। प्रतियोगिता कॉलेज के मुख्य स्टेडियम में ही होगा। कुछ मैच बाहर के ग्राउंड में होंगे।

### सेना के शौर्य और पराक्रम की याद दिलाता है विजय दिवस : परमेश्वर राम



**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर के सभागार में विजय दिवस का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि एवं प्रधानाचार्य द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन से हुआ। आगत अतिथियों का परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन दास ने कराया। मुख्य अतिथि अवकाश प्राप्त सूबेदार परमेश्वर राम महली थे। इन्हें विद्यालय के आचार्य श्यामसुंदर कुमार द्वारा श्रीफल एवं अंगवस्त्र अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कहा कि इसी दिन दुनिया के राजनीतिक नक्शे पर एक नये राष्ट्र बांग्लादेश का उदय हुआ। यह भारतीय सेना के पराक्रम का अनूठा उदाहरण है। धन्यवाद ज्ञापन राजीव कुमार सिंह ने किया।

### कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ : जिप सदस्य



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के नंदगांव फार्म के समीप जिप सदस्य की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कर प्रखंड जेएमएम महिला मोर्चा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से जेएमएम जिला अध्यक्ष मोजमिल अहमद उपस्थित थे। वहीं जिप सदस्य राधा तिर्की के नेतृत्व में जेएमएम के महिला मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष, सचिव, उपाध्यक्ष तथा सभी सदस्यों को बुके देकर तथा माला पहनाकर सभी को सम्मानित किया गया। वही सभी को बधाई देते हुए कहा कि कार्यकर्ता संगठन का रीढ़ होते हैं। जिसे आप सभी के माध्यम से पार्टी को मजबूती मिलेगी।

गड़रपो : सरकार आपके द्वार में समस्याओं के निष्पादन के लिए आवेदकों की उमड़ी भीड़

# कार्यक्रम का उद्देश्य समस्याओं का समुचित निदान: जिप सदस्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कार्यक्रम को संबोधित करते जिप सदस्य।

**भंडरा।** प्रखंड क्षेत्र के गड़रपो पंचायत के सेमरा स्कूल मैदान में शनिवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन जिप सदस्य राजमनी उरांव, मुखिया सुमित उरांव, पीएचडी के जिला समनव्यक परवेज अंसारी, जेएमएम अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला सचिव मंसूर अंसारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शिविर में स्वास्थ्य, शिक्षा, पशुपालन, आवास, बाल विकास, मनरेगा, अंचल समेत कुल 19 विभागों के स्टॉल लगाये गये। जिसमें समस्याओं के निष्पादन के लिए आवेदकों की भारी भीड़ उमड़ी रही। बताते चलें कि शिविर में ग्रामीणों ने सर्वाधिक आवेदन अबुआ आवास, पशुपालन, पेंशन व धोती, साड़ी व लुंगी वितरण में देखा। मौके पर जिप सदस्य राजमनी उरांव ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं से अवगत कराते हुए कहा कि यह कार्यक्रम का आयोजन जन समस्याओं के निष्पादन के लिए किया गया है। वहीं उन्होंने लोगों से अपील की है कि सभी जरूरतमंद व्यक्ति सरकार की योजनाओं का लाभ उठायें।

**खास बातें :** पीएचडी के परवेज अंसारी ने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी विस्तार से देते हुए ग्रामीणों को पंचायत स्तरीय आयोजित शिविर का लाभ उठाने की बात कही उन्होंने कहा कि सरकार आपके द्वार आपको लाभ देने पहुंची है। सरकार कि जन कल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ शिविर के माध्यम से प्राप्त करें। मुखिया सुमित उरांव ने कहा कि सरकार द्वारा बहुत सारी योजनाएं चलायी जाती है।

# झामुमो ने किया न्यू मधुबन कोल वासरी का चक्का जाम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बाघमारा।** शनिवार को बीसीसीएल के ब्लॉक 2 न्यू मधुबन कोल वाशरी में स्थानीय रैयतों ने 75% नियोजन की मांग को लेकर जनता श्रमिक संघ के बैनर तले अनिश्चितकाल के लिए कंपनी का चक्का जाम कर दिया। जनता श्रमिक संघ के अध्यक्ष महानंद महतो ने बताया कि बीसीसीएल के द्वारा यहां का काम चेन्नई राधा स्वामी कंपनी को दे दिया गया है, और यहां के प्रभावित रैयतो को कम न देकर कंपनी चेन्नई से श्रमिकों को बुलाकर काम करवा रही है जिस कारण यहां के रैयतों के साथ बिल्कुल ही नाइंसाफी हो रही है। चेन्नई राधा स्वामी कंपनी के द्वारा झारखंड सरकार की 75% नियोजन नीति का भी घोर उल्लंघन किया जा रहा है। जब तक कंपनी यहां के और ग्रामीणों को 75% रोजगार नहीं देती है तब तक के लिए कंपनी का चक्का जाम रहेगा। वही जनता श्रमिक संघ के शाखा सचिव विकास महतो ने बताया कि आज हम लोगों का पहला दिन है। चेन्नई राधा स्वामी कंपनी के द्वारा चोरी छुपे चेन्नई से मजदूरों को बुलाकर कार्य किया जा रहा है। अगर कंपनी के द्वारा हम लोगों से वार्ता की जाती है और झारखंड सरकार की नियोजन नीति के अनुसार काम देने की मांग की।

# योग्य लाभुकों को लाभान्वित करना प्राथमिकता : बीडीओ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू की अध्यक्षता में अबुवा आवास के सर्वे को लेकर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जहां प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सर्वे से संबंधित सरकार की गाइडलाइन के अनुसार सर्वे करने का निर्देश देते हुए कहा कि सर्वे के मद्देनजर सभी पंचायत में पांच सदस्य कमेटी का गठन किया गया है। जिनका काम योग लाभकों का चयन किया जाना है। उन्होंने कहा कि आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वारा योजना के तहत अबुवा आवास के लिए ग्रामीणों द्वारा समर्पित आवेदनों पर सरकार की गाइडलाइन के अनुसार सर्वे का कार्य करते हुए चिन्हित कर योग्य लाभकों को आवास का लाभ देना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने गाइडलाइन के अनुसार स्कोरिंग किए जाने और ऐप के माध्यम से सर्वे से संबंधित जानकारी दी। मौके पर उप प्रमुख मुदस्सिर हक ने कहा कि अबुआ आवास सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है। जिसके तहत गरीबों और जरूरतमंदों को आवास की सुविधा दी जानी है। उन्होंने कहा कि सरकार के गाइडलाइन के अनुसार लाभुको के चयन में जनप्रतिनिधियों की अहम भूमिका है, क्योंकि जनप्रतिनिधि पंचायत में रहने वाले ग्रामीणों की स्थिति से भली भांति परिचित होते हैं। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से इस जिम्मेदारी को बखूबी निभाने का आग्रह किया। इस मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संजय तिर्की, सहायक अभियंता पुरुषोत्तम भाई पटेल, प्रधान लिपिक फारूक नदीम, आवास को ऑर्डिनेटर रामनाथ लोहारा, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी डॉक्टर राकेश रंजन, प्रखंड कृषि पदाधिकारी अनवर अंसारी, सांख्यिकी पदाधिकारी वासुदेव बड़ाइक, मुखिया महावीर उरांव, मुखिया जतरू उरांव, मुखिया सुनीता सोरेन, पंचायत समिति सदस्य कल्याणी देवी, बीघा उरांव, शाइस्ता परवीन, राबिया खातून, सद्दाम अंसारी, राजीव कुमार, मोहम्मद असादुल्लाह, सोनू कुमार मौजूद थे।

## विभिन्न थानों ने चलाया जागरूकता अभियान



**गुमला।** सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शनिवार को जिले की विभिन्न पंचायतों में लगे शिविर में एसपी हरविंदर सिंह के निर्देश पर विभिन्न थानों ने जागरूकता कार्यक्रम चलाया। शिविर में थाना प्रभारियों ने ग्रामीणों को सड़क सुरक्षा, डायन कुप्रथा, साइबर ठगी, शक्ति एप, डॉयल 112, झारखंड सरकार की आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति, नशामुक्ति अभियान के बारे में बताया और उन्हें जागरूक किया। थाना प्रभारियों ने डायन कुप्रथा पर जागरूक करते हुए कहा कि किसी को डायन कहना ही कानून अपराध है। डायन-बिसाही कुछ नहीं होता है। ये सब भ्रम हैं। उन्होंने वाहन चलाते वक्त लोगों से हेलमेट का प्रयोग करने व सावधानी पूर्वक वाहन चलाने की अपील की। आज के शिविर में सिसई थाना, घाघरा थाना और भरनो थाना के द्वारा लोगों के बीच जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया।



## प्रतिमा अनावरण की तैयारी पूरी, कार्यक्रम आज

**लोहरदगा।** रविवार को पूर्व विधायक कमल किशोर भगत की दूसरी पुण्यतिथि पर प्रातः 10 बजे लोहरदगा आजसू प्रधान कार्यालय ब्लॉक मोड में आंदोलनकारी सह पूर्व विधायक कमल किशोर भगत की प्रतिमा का अनावरण आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो करेंगे। मौके पर सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, विधायक लंबोदर महतो, विधायक सुनीता चौधरी, झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, केंद्रीय उपाध्यक्ष हसन अंसारी, रांची जिप अध्यक्ष निर्मला भगत, वरीय उपाध्यक्ष हरेलाल महतो, केंद्रीय उपाध्यक्ष तिवारी महतो एवं लोहरदगा विधानसभा प्रभारी सह पूर्व विधायक कमल किशोर भगत की पत्नी नीरू शांति भगत सहित अन्य केंद्रीय पदाधिकारी उपस्थित होंगे। इस कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गयी है। कमल किशोर भगत स्मारक समिति ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक, व्यवसायिक संगठन के लोगों को आमंत्रित किया है। साथ ही आम जनता से भी कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। नीरू शांति भगत ने कहा कि कल का दिन

## जेंडर सेंसेटिव एप्रोच टू चाइल्ड प्रोटेक्शन विषय पर कार्यशाला

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** मिशन वात्सल्य की विभिन्न योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयनक एवं जेंडर सेंसेटिव एप्रोच टू चाइल्ड प्रोटेक्शन विषय पर स्वैच्छिक संगठन (टीडीएच) के संयुक्त तत्वावधान में कार्यशाला का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया। कार्यशाला में टीडीएच की स्मिता द्वारा विषय के संबंध में जानकारी दी गई और बताया गया कि जब हम बचपन रहता तो उस समय की सोच अलग होती है। स्कूल जाते हैं और कॉलेज जाते हैं तो मानसिकता अलग हो जाती हैं। नौकरी करते हैं या समाज में रहते हैं या सीनियर सिटीजन के रूप में हमारी सोच महिला या पुरूष के लिए अलग-अलग हो जाती है। लिंग के आधार पर हमारी सोच अलग हो जाती हैं। हमें इसी नजरिये को एक करने की जरूरत है।

## विद्यालय खोल घर चली जाती हैं शिक्षिका

**जारी।** प्रखंड के सीकरी पंचायत के ग्राम अंवराटोली के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में स्कूल खोल के शिक्षक अपने घर के कामो में व्यस्त रहते हैं। जिससे बच्चों की शिक्षा पर व्यापक प्रभाव पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि शिक्षिका उषा लकड़ा ग्राम अंवराटोली की है। वह हाजरी बनाकर अपने घर के काम में प्रतिदिन चली जाती है। शिक्षिका के नहीं रहने के कारण बच्चे भी बिना अध्ययन किये ही घर वापस चले जाते हैं। विद्यालस में बच्चों की संख्या 20 है। बच्चे स्कूल में नहीं ठहरते हैं।

## 375 लाभुकों ने अबुआ आवास के लिए दिया आवेदन

- चैनपुर के मालम पंचायत में सरकार आपके द्वारा के तहत शिविर का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चैनपुर।** प्रखंड के मालम पंचायत में शनिवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चैनपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉक्टर शिशिर कुमार सिंह, जिप सदस्य मेरी लकड़ा, प्रमुख ओलिभा कांता कुजूर ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शिविर में कुल 375 लाभुकों ने अबुवा आवास के लिए आवेदन दिया। वहीं मनरेगा, कृषि, पशुपलन, सर्वजन पेंशन योजना, स्वस्थ विभाग, कल्याण विभाग, उद्योग विभाग, श्रम विभाग, समेत अन्य सभी विभागों ने स्टॉल लगाये। मौके पर बीडीओ डॉ शिशिर कुमार सिंह ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम का आप लोग भरपूर लाभ उठायें। सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास योजना के लिए आवेदन जमा करें।

# बनारस की धरती पर मोदी ने किया था भोजपुरी को मान्यता दिलाने का वादा

## अखिल भारतीय भोजपुरी सम्मेलन में नरेंद्र मोदी के वादे पर हुई चर्चा

**विशेष संवाददाता**





**जमशेदपुर।** मॉरीशस में भोजपुरी इंस्टीट्यूट की संस्थापक और अंतरराष्ट्रीय भोजपुरी आंदोलन की कर्ताधर्ता सरिता बुद्धू का कहना है कि जब प्रवासी भारतीय मॉरीशस, फिजी, सूरीनाम एवं अन्य देशों में भोजपुरी को संवैधानिक प्रतिष्ठा दिला सकते हैं तो यह काम भारत जैसे महान देश में क्यों नहीं हो रहा है यह समझ से परे है। सरिता बुद्धू यहां तुलसी भवन,बिष्टुपुर में शुरू हुए 17 वें अखि भारतीय भोजपुरी सम्मेलन को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि याद रखिए भोजपुरी को भारतीय संविधान की अष्टम सूची में दर्जा मिलता है तो इससे हिन्दी राष्ट्रभाषा को और मजबूती मिलेगी। मॉरिसस में हिन्दी को आज जो प्रतिष्ठा मिल रही है वह वहां के भोजपुरी भाषियों की देन है। सरिता बुधु ने याद दिलाया कि नरेंद्र भाई मोदी जब बनारस से चुनाव मैदान में उतरे तो उन्होंने अपने भाषण में वादा किया था कि वह पीएम बने तो भोजपुरी को उसका संवैधानिक दर्जा दिलाने में खुद पहल करेंगें। सरिता बुद्धू ने कहा कि पीएम मोदी को निश्चित रूप से भोजपुरी को संवैधानिक मान्यता दिलाने का अपना वादा याद होगा, अगर नहीं याद है तो उन्हें यह वादा अवश्य याद दिलाया जाना चाहिए। भारत में संविधान की अष्टम सूची में भोजपुरी को स्थान दिलाना उनके लिए बाएं हाथ का खेल है।

सरिता बुद्धू की बातों का समर्थन करते हुए विधायक सरयू राय कहा कि ऐसा नहीं है कि भारत सरकार ने भोजपुरी को संवैधानिक मान्यता दिलाने की दिशा में पहल नहीं की है। भोजपुरी को अष्टम सूची में शामिल करने का प्रस्ताव लोकसभा में पारित हो चुका है। ऐसे में मान्यता मिलने में बस थोड़ी सी ही कमी रह गई है। इसलिए भोजपुरी क्षेत्र के तमाम सांसदों और राजनीतिक नेताओं का फर्ज बनता है कि वह इस थोड़ी सी बाधा को दूर करने के लिए भारत सरकार से बातचीत करें। सरयू राय ने अपने साथ मंच साधना कर रहे बिहार के विधायक डॉ संजय मयूर की ओर इशारा करते हुए कहा कि पीएम मोदी के निरंतर संपर्क में रहते हैं। वह खुद भोजपुरी आंदोलन के कार्यकर्ता रहे हैं। हम लोग मंच से उनसे आग्रह करते हैं वे पीएम मोदी से आग्रह करें। वक्ताओं का मानना था की भोजपुरी को संवैधानिक मान्यता मिलने से इसे न सिर्फ प्रतिष्ठा मिलेगी बल्कि भोजपुरी भाषा को समृद्ध बनाए रखने की दिशा में शैक्षिक एवं साहित्यिक गतिविधियों को भी मदद मिलेगी। वक्ताओं ने भोजपुरी लेखन और साहित्य की गुणवत्ता को साराहा साथ ही भोजपुरी संगीत और नृत्य में अश्लीलता का विरोध भी किया।

बिहार के विधायक डॉ संजय मयूख ने इस दिशा में साहित्य जगत को बिना किसी लाख लपेट के आगे बढ़ाने की वकालत की। हरे राम चेतन और अन्य वरिष्ठ भोजपुरी सेवकों का कहना था कि वे भोजपुरी की संवैधानिक मान्यता के लिए लड़ते-लड़ते उम्र के अंतिम पड़ाव पर आ गये हैं। भोजपुरी को मान्यता मिल जाए ताकि वे अपना अंतिम सपना पूरा होते देख सके।

वहीं डॉक्टर हरे राम त्रिपाठी चेतन ने कहा कि भोजपुरी के नये लेखकों को खूब सोच विचार करके साहित्य सृजन करना चाहिए और लेखन में भाषा की माटी की सुगंध बनी रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि दुनिया में अभी कोई ऐसा गुरु पैदा नहीं हुआ है जो एक नवजात शिशु को माता का स्तनपान करना सिखा दे। बच्चा स्वतः स्तनपान करना सीख लेता है क्योंकि उसकी अपनी महतारी से जुड़ाव होता है। ठीक उसी तरह हमें भी महतारी भाषा भोजपुरी को सीखने और साहित्य सृजन करने के लिए दूसरी भाषाओं के शब्दों की ओर झांकने की जरूरत नहीं है।

### भोजपुरी काफी समृद्ध भाषा: मुंडा

**समारोह** के मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि भोजपुरी काफी समृद्ध भाषा है। उन्होंने भोजपुरी की महत्ता पर प्रकाश डाला और कई पुस्तकों का विमोचन किया। उन्होंने कहा कि देश में जितनी भाषाएं है, उनके साहित्य में भारत की ताकत है। सांस्कृतिक संध्या का प्रारंभ स्मारिका मिश्रा की टीम ने गणेश वंदना प्रस्तुत किया।

## बाबर आजम फिर फ्लॉप ऑस्ट्रेलिया के पास हुई 300 रन की लीड

**पर्थ।** पर्थ के मैदान पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहला टेस्ट खेल रही पाकिस्तान क्रिकेट टीम तीसरे ही दिन दबाव में आ गई है। ऑस्ट्रेलिया ने जब पहली पारी में डेविड वार्नर के बड़े शतक की बदौलत 487 रन बनाए तो पाकिस्तान की टीम पहली पारी में महज 271 रन पर ही लुढ़क गई। पाकिस्तान को भले ही शुरूआत अच्छी मिली थी टीम का स्कोर 2 विकेट खोकर एक समय 133 रन था लेकिन इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने वापसी करते हुए पाक बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखानी शुरू कर दी। पाक कप्तान बाबर आजम ने बड़ी उम्मीदें थीं लेकिन वह महज 21 रन बनाकर मिशेल मार्श का शिकार हो गए। तीसरे दिन स्टंप्स तक ऑस्ट्रेलिया दूसरी पारी में 2 विकेट खोकर 81 रन बना चुकी है। टीम के पास अभी भी 300 रन की लीड है। मैच के तीसरे दिन सुबह खेलकर उतरी पाकिस्तान टीम 2 विकेट गंवाकर 130 से ज्यादा रन बना चुकी थी। लेकिन सुबह का सत्र उनके लिए अच्छा नहीं गया। खुर्रम शहजाद महज 7 रन बनाकर पैट कमिंस की गेंद पर बोल्ड हो गए। इसी तरह सऊद शकील ने 43 गेंदों पर 28 रन बनाए।

# महिला टेस्ट: इंग्लैंड के खिलाफ भारत की ऐतिहासिक जीत






### इंग्लैंड की दूसरी पारी में पूजा और दीप्ति ने बरपाया कहर

दूसरी पारी में इंग्लैंड को पहला झटका टैमी ब्यूमोंट के रूप में लगा। वह 26 गेंद पर 17 रन बनाकर आउट हुईं। रेणुका सिंह ने उन्हें क्लीन बोल्ड कर दिया। सोफिया डंकले 15 रन बनाकर आउट हुईं। उन्हें पूजा वस्त्राकर ने पवेलियन भेजा। पूजा ने डंकले के बाद नताली सीवर ब्रंट को भी अपना शिकार बनाया। नताली खाता खोले बगैर क्लीन बोल्ड हो गईं। उनके बाद कप्तान हीथर नाइट भी आउट हो गईं। हीथर (21 रन) को पूजा वस्त्राकर ने यास्तिका भाटिया के हाथों कैच कराया। डेनियल वायट 12 रन बनाकर पवेलियन लौटीं। दीप्ति शर्मा की गेंद पर स्नेह राणा ने उनका कैच लिया। दीप्ति शर्मा ने इंग्लैंड को छठा झटका दिया। उन्हें एमी जोंस को पवेलियन भेज दिया। जोंस पांच रन बनाकर शेफाली वर्मा को कैच थमा बैठीं। उनके बाद सोफी एक्लेस्टोन भी आउट हो गईं। वह 10 रन ही बना सकीं। एक्लेस्टोन को राजेश्वरी गायकवाड़ ने क्लीन बोल्ड कर दिया। केट क्रॉस (16 रन) और लॉरेन फिलर (00) को दीप्ति शर्मा ने क्लीन बोल्ड किया। गायकवाड़ ने लॉरेन बेल (आठ रन) को जेमिमा के हाथों कैच कराया और इंग्लैंड की पारी को समेट दिया।

**एजेंसी**

**मुंबई।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ इकलौते टेस्ट मैच में 347 रन से जीत हासिल की। इस मैच को जीतने के साथ ही टीम इंडिया ने इतिहास रच दिया। उसने पहली बार अपने घरेलू मैदान पर टेस्ट में इंग्लैंड को हराया। भारतीय महिला टीम की इंग्लैंड के खिलाफ यह कुल तीसरी जीत है। इससे पहले उसने 2006 में टॉन्टन और 2014 में वॉर्मस्ले में जीत हासिल की थी। वहीं, महिला टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत भी हासिल की। इससे पहले श्रीलंका की महिला टीम ने पाकिस्तान को 1998 में 309 रन से हराया था। वहीं, न्यूजीलैंड ने 1972 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 188 रन से जीत हासिल की थी।

#### भारत की पहली पारी

भारतीय पारी के दौरान चार बल्लेबाजों ने अर्धशतक लगाए। इनमें डेब्यू करने वालीं शुभा सतीश ने सबसे ज्यादा 69 रन बनाए। वहीं, जेमिमा रोड्रिग्स ने 68 रन और दीप्ति शर्मा ने 67 रन की पारी खेली। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 49 रन बनाए। इसके अलावा स्मृति मंधाना ने 17, शेफाली वर्मा ने 19 रन, स्नेह राणा ने 30 रन और पूजा वस्त्राकर ने 10* रन की पारी खेली। दूसरे दिन भारत ने सात विकेट पर 410 रन से आगे खेलना शुरू किया। आज दीप्ति आउट होने वाली पहली बल्लेबाज रहीं। उन्हें बेल ने एक्लेस्टोन के हाथों कैच कराया। अपनी 67 रन की पारी में उन्होंने 10 चौके और एक छक्का लगाया। उनके आउट होते ही भारतीय पारी सिमट गई। रेणुका सिंह एक रन और राजेश्वरी गायकवाड़ खाता खोले बिना पवेलियन लौटीं। इंग्लैंड की ओर से लॉरेन बेल और सोफी एक्लेस्टोन ने सबसे ज्यादा तीन-तीन विकेट लिए। वहीं, केट क्रॉस, नताली सीवर ब्रंट और चार्ली डीन को एक-एक विकेट मिला।

#### इंग्लैंड की पहली पारी

इंग्लैंड की पहली पारी की शुरूआत अच्छी नहीं रही। सोफिया डंकले और कप्तान हीथर नाइट दोनों 11-11 रन बनाकर आउट हुईं। डंकले को रेणुका ने बोल्ड किया। वहीं, हीथर को पूजा वस्त्राकर ने एल्बीडब्ल्यू आउट किया। इसके बाद टैमी ब्यूमोंट और नताली सीवर ब्रंट ने तीसरे विकेट के लिए 51 रन की साझेदारी निभाई। ब्यूमोंट 10 रन बनाकर रन आउट हुईं। इसके बाद दीप्ति शर्मा ने डेनिएल वायट को कैच आउट कराया। वह 19 रन बना सकीं। इसके बाद दीप्ति ने इंग्लैंड की पारी के 30वें ओवर में दो विकेट लिए। उन्होंने चौथी गेंद पर एमी जोंस को शेफाली वर्मा के हाथों कैच कराया। जोंस 12 रन बना सकीं। इसके बाद आखिरी गेंद पर सोफी एक्लेस्टोन को बोल्ड किया। एक्लेस्टोन खाता भी नहीं खोल सकीं। इसके बाद स्नेह राणा ने सीवर ब्रंट को बोल्ड किया।

**महिला टेस्ट में जीत का सबसे बड़ा अंतर (रनों के हिसाब से)**

- 347 - भारतीय महिला बनाम इंगलैंड महिला, मुंबई, 2023
- 309- श्रीलंका महिला बनाम पाकिस्तान महिला, कोलंबो, 1998
- 188 - न्यूजीलैंड महिला बनाम दक्षिण अफ्रीका महिला, डरबन, 1972
- 186 - ऑस्ट्रेलिया महिला बनाम इंगलैंड महिला, एडिलेड, 1949
- 185 - इंग्लैंड महिला बनाम न्यूजीलैंड महिला, ऑकलैंड, 1949

### मैच में क्या हुआ?

पहली पारी में 428 रन बनाने के बाद टीम इंडिया इंग्लैंड को पहली पारी में 136 रन पर समेट दिया। ऐसे में भारत को पहली पारी में 292 रन की बढ़त मिली थी। टीम इंडिया ने दूसरी पारी को छह विकेट पर 186 रन पर घोषित कर दिया। इस तरह इंग्लैंड को जीत के लिए 479 रन का लक्ष्य मिला। उसकी पूरी टीम दूसरी पारी में 131 रन पर सिमट गई। भारत के लिए दीप्ति शर्मा ने चार और पूजा वस्त्राकर ने तीन विकेट लिए। राजेश्वरी गायकवाड़ को दो सफलता मिली। रेणुका सिंह ठाकुर ने एक विकेट अपने नाम किया।

### ऐसी रही भारत की दूसरी पारी

भारत की दूसरी पारी की बात करें तो कप्तान हरमनप्रीत कौर ने सबसे ज्यादा नाबाद 44 रन बनाए। उनके पास अर्धशतक लगाने का मौका था, लेकिन उन्होंने पारी घोषित करने का फैसला किया। शेफाली वर्मा ने 33 और जेमिमा रोड्रिग्स ने 27 रन की पारी खेली। स्मृति मंधाना ने 26 और दीप्ति शर्मा ने 20 रन बनाए। पूजा वस्त्राकर 17 रन बनाकर नाबाद रहीं। यास्तिका भाटिया ने नौ रन बनाए और स्नेह राणा खाता नहीं खोल पाईं। इंग्लैंड के लिए चार्ली डीन ने चार और सोफी एक्लेस्टोन ने दो विकेट लिए।

# भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहला वनडे आज

**दोनों टीमें इस प्रकार हैं:**

**भारत:** रुतुराज गायकवाड़, साई सुदर्शन, तिलक वर्मा, रजत पाटीदार, रिंकू सिंह, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (कप्तान), संजू सैमसन, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, मुकेश कुमार, अवेश खान, अर्शदीप सिंह, दीपक चाहर।

**दक्षिण अफ्रीका:** एडेन मार्कराम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, नंद्रे बर्गर, टोनी डी जोरजी, रीजा हेंड्रिक्स, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, मिहलाली मपोंगवाना, डेविड मिलर, वियान मुल्डर, एंडिले फेहलुकवायो, तबरेज शम्सी, रासी वैन डेर डुसेन, काइल वेरिन, लिजाड विलियम्स।



**एजेंसी**

**जोहान्सबर्ग।** विश्वकप के फाइनल में मिली हार से आहत भारत रविवार से यहां शुरू हो रही तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में नये उत्साह के साथ जीत के सफर की शुरूआत करना चाहेगा।

भारत की तरह दक्षिण अफ्रीका का भी विश्वकप अभियान अच्छा रहा था लेकिन टूर्नामेंट के निर्णायक मोड़ पर वह भी पिछड़ गयी थी। अहमदाबाद के विशाल नरेंद्र मोदी स्टेडियम में विश्व कप के फाइनल में पहुंचने तक भारतीय टीम अपराजेय थी। सभी महेंद्र सिंह धोनी की 2011 की ट्रॉफी जीतने वाली रोहित शर्मा की टीम की नकल करते हुए इस पर दांव लगा रहे थे लेकिन कंगारुओं ने उस समय करारा झटका देकर लाखों भारतीयों के सपनों को चकनाचूर कर दिया, जब इसकी सबसे ज्यादा जरूरत थी। इसका सीनियर खिलाड़ियों पर भारी असर पड़ा। विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे खिलाड़ियों ने बॉक्सिंग डे से शुरू होने वाली टेस्ट सीरीज के लिए खुद को तरोताजा रखने की खातिर दक्षिण अफ्रीका व्हाइट-बॉल सीरीज के लिए आराम करने का विकल्प चुना। इस परिदृश्य में, केएल राहुल की अगुवाई वाली टीम इंडिया युवाओं के साथ अपने नए युग की मजबूत शुरूआत करने के लिए उत्सुक होगी, और उनमें से कुछ पहले से ही प्रभावशाली रहे हैं। प्रोटियाज भी क्विंटन डी कॉक के बिना और चोट या आराम के कारण कप्तान टेम्बा बावुमा और तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी, गेराल्ड कोएट्जी और मार्को जानसन की अनुपस्थिति के बिना अपना पैर जमाने की कोशिश करेंगे। इसने काइल वेरिन जैसे वरिष्ठ खिलाड़ियों को वापसी करने का मौका दिया है। टीम में कई नई युवा प्रतिभाएं भी हैं, जिनमें नांद्रे बर्गर और मिहलाली मपोंगवाना को पहली बार वनडे कॉल-अप मिला है और शीर्ष क्रम के बल्लेबाज टोनी डी जोरजी को रीजा हेंड्रिक्स के साथ बावुमा की जगह लेने की उम्मीद है। पिछले दो मौकों पर भारत दौरे में दक्षिण अफ्रीका ने दोनों मैच आसानी से जीते।

### टीम इंडिया की वनडे जर्सी में नजर आये रिंकू सिंह



दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 3 टी20 इंटरनेशनल मुकाबलों में बढ़िया प्रदर्शन कर चर्चा में आये रिंकू सिंह की एंट्री अब भारतीय वनडे टीम में होती दिख रही है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहला वनडे शुरू होने से पहले रिंकू सिंह की भारतीय टीम की जर्सी में तस्वीर सामने आई है जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि वह पहले वनडे में प्लेइंग 11 में जगह पा सकते हैं। टीम में हार्दिक पांड्या चोट के कारण मौजूद नहीं है तो ऐसे में रिंकू सिंह का दावा बाकियों के मुकाबले ज्यादा मजबूत है।

### दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज में कोच नहीं होंगे द्रविड़, कोटक को मिली जिम्मेदारी

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीन वनडे मैचों की सीरीज रविवार (17 दिसंबर) को शुरू होगी। इस सीरीज में मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और उनका कोचिंग दल टीम इंडिया के साथ नहीं होगा। वनडे सीरीज की जगह द्रविड़ का दल 20 से 22 दिसंबर तक प्रिटोरिया में टेस्ट सीरीज से पहले होने वाले तीन दिवसीय मैच और अभ्यास सत्रों पर ध्यान लगाएगा। केएल राहुल की अगुवाई वाली वनडे टीम के लिए कोचिंग की जिम्मेदारी सितांशु कोटक के नेतृत्व में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के कर्मचारियों को दी गई है। सितांशु कोटक मुख्य कोच होंगे। अजय रात्रा फील्डिंग कोच के रूप में काम करेंगे और एनसीए से जुड़े राजीव दत्ता गेंदबाजी कोच होंगे। रविवार को जोहानिसबर्ग में पहले वनडे के अलावा अन्य दो वनडे 19 दिसंबर को गकेबरहा और 21 दिसंबर को पार्ल में निर्धारित हैं।

#### टेस्ट सीरीज पर द्रविड़ की नजर

ऐसा माना जा रहा है कि राहुल द्रविड़ की नजर टेस्ट सीरीज पर है। टीम इंडिया अब तक दक्षिण अफ्रीका में एक भी टेस्ट सीरीज नहीं जीत पाई है। पहला टेस्ट 26 दिसंबर से सेंचुरियन में और दूसरा टेस्ट तीन जनवरी से केपटाउन में खेला जाएगा। वनडे सीरीज से द्रविड़ के हटने से इतना तो साफ है कि वह टेस्ट पर ज्यादा ध्यान देंगे और आगामी टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के लिए टीम की दावेदारी को मजबूत बनाएंगे। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट सीरीज जीतने के लिए उत्सुक है।

#### कोहली-बुमराह सहित कई खिलाड़ी द. अफ्रीका पहुंचे

टेस्ट सीरीज के लिए विराट कोहली, रविचंद्रन अश्विन, जसप्रीत बुमराह, नवदीप सैनी और हर्षित राणा दक्षिण अफ्रीका पहुंच चुके हैं। रोहित शर्मा के थोड़ी देर से निकलने की संभावना है। उन्हें शुक्रवार शाम मुंबई के बीकेसी में धीरूभाई अंबानी स्कूल के वार्षिक समारोह में देखा गया। उन्होंने फ्लाइट पकड़ने के लिए कार्यक्रम को बीच में ही छोड़ दिया। वह शनिवार को जोहानिसबर्ग पहुंच सकते हैं। मोहम्मद शमी टीम के साथ नहीं जा रहे हैं। वह पूरी तरह फिट नहीं हो पाए हैं और उनका सीरीज से बाहर होना तय माना जा रहा है।

#### सैमसन की बन सकती है जगह

राहुल की मौजूदगी में संजू सैमसन को रिजर्व विकेटकीपर के रूप में टीम में रखा गया है। इस सत्र में अधिकतर समय उनकी अनदेखी की गई लेकिन यहां उन्हें बल्लेबाज के रूप में मौका मिलने की उम्मीद रहेगी। रजत पाटीदार को भी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खेलने का मौका मिल सकता है। इसी तरह से भारद्वाज साईं सुदर्शन और तिलक वर्मा को भी मध्यक्रम मैं जगह मिल सकती है।

# चोटिल शमी दक्षिण अफ्रीका टेस्ट से बाहर एकदिनी श्रृंखला से हटे दीपक चाहर

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी दो टेस्ट मैचों की सीरीज से बाहर हो गए हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) ने शनिवार को उक्त जानकारी दी। इसके अलावा तेज गेंदबाज दीपक चाहर ने पारिवारिक चिकित्सा आपातकाल के कारण आगामी एकदिवसीय श्रृंखला से नाम वापस ले लिया है। बंगाल के तेज गेंदबाज आकाश दीप चाहर की जगह लेंगे। शमी की अनुपस्थिति दक्षिण अफ्रीका में अपनी पहली टेस्ट सीरीज जीतने की कोशिश कर रहे भारत के लिए एक बड़ा झटका है। उन्होंने केवल 64 टेस्ट मैचों में 27.71 की बहुत अच्छी औसत से 229 विकेट लिए हैं और 2021-22 में अपनी पिछली यात्रा पर टीम के अग्रणी विकेट लेने वाले गेंदबाज थे, उन्होंने तीन टेस्ट मैचों में 21 की औसत से 14 विकेट लिए थे। हालांकि बीसीसीआइ ने शमी के प्रतिस्थापन की घोषणा नहीं की है, क्योंकि टीम के पास उनकी जगह लेने के लिए पांच तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, शार्दुल ठाकुर और प्रसिद्ध कृष्णा हैं। बीसीसीआइ की एक विज्ञप्ति में यह भी कहा गया है कि मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर जोहान्सबर्ग में सिर्फ शुरूआती एकदिवसीय मैच का हिस्सा होंगे और टेस्ट से पहले इंट्रा-स्क्वाड रेड-बॉल अभ्यास मैच में हिस्सा नहीं लेंगे। इस बीच, राहुल द्रविड़ के नेतृत्व में पारस म्हाम्ब्रे (गेंदबाजी कोच), विक्रम राठौड़ (बल्लेबाजी कोच) और टी. दिलीप (क्षेत्ररक्षण कोच) का कोचिंग स्टाफ एकदिवसीय श्रृंखला का हिस्सा नहीं होगा। इसके बजाय वह लाल गेंद अभ्यास मैच और टेस्ट श्रृंखला की तैयारियों की देखरेख करेंगे। वनडे टीम की देखरेख 'ए' टीम स्टाफ द्वारा की जाएगी जिसमें बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक, गेंदबाजी कोच राजीब दत्ता और क्षेत्ररक्षण कोच अजय रात्रा शामिल होंगे।

# बेंगलुरू एफसी ने 1-0 से जमशेदपुर को हराया

**जमशेदपुर।** श्री कांतीरावा स्टेडियम में एक करीबी मुकाबले में जमशेदपुर एफसी को बेंगलुरु एफसी ने 1-0 से हरा दिया। जमशेदपुर की ओर से शानदार प्रदर्शन देखने को मिला, लेकिन जावी हर्नांडेज ने पेनल्टी को गोल में बदलकर मैच का नतीजा तय कर दिया। शुरूआत से ही जमशेदपुर एफसी ने आक्रामक इरादे दिखाए। शुरूआत में बॉक्स के बाहर से जितेंद्र सिंह के प्रयास ने मैच की दिशा तय कर दी, जहां जमशेदपुर जोखिम लेना नहीं चाह रहा था। कोमल थाटल ने 14वें मिनट में बचाये गये शॉट के साथ इस खेल को जारी रखा, जिससे टीम की अवसर बनाने की क्षमता



का प्रदर्शन हुआ। खेल का निर्णायक क्षण 44वें मिनट में आया जब बेंगलुरु एफसी के जावी हर्नांडेज ने पेनल्टी को सफलतापूर्वक गोल में बदल दिया और बेंगलुरु को बढ़त दिला दी। इस झटके के बावजूद, जमशेदपुर ने लगातार जवाब देने का प्रयास किया, जो सराहनीय था। दूसरे हाफ में जमशेदपुर ने री ताचिकावा, मोहम्मद सनन और इमरान खान जैसे नये खिलाड़ियों को शामिल किया, जिससे उनकी मिडफील्ड और आक्रामक वृद्धि हुई। इस रणनीतिक कदम का फायदा मिला और जमशेदपुर ने लगातार आगे बढ़ना जारी रखा और कई मौके तो बनाये, पर उसे गोल में नहीं बदल सके।

**अगला मैच 21 को :** अब जमशेदपुर एफसी की टीम हैदराबाद के गाचीबोवली स्टेडियम में अपना अगला मुकाबला खेलेगी। जो 21 दिसंबर को घर से बाहर खेला जाएगा।

# जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप : भारत कांस्य पदक के प्लेऑफ में स्पेन से 1-3 से हारा

**एजेंसी**

**कुआलालंपुर।** भारत की शनिवार को यहां जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप के कांस्य पदक के प्लेऑफ में सम्मान बचाये रखने की उम्मीद स्पेन से 1-3 से मिली हार से टूट गई। स्पेन के लिए निकोलस अल्वारेज ने 25वें और 51वें मिनट में और पेटचामे पाउ ने 40वें मिनट में गोल दागा। भारत के लिए एकमात्र गोल सुनील जोजो ने 28वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर से किया और दो बार की जूनियर विश्व चैम्पियन की पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील नहीं कर पाने की कमजोरी शनिवार को फिर सामने आई। टूनामेंट के इस चरण में भारत को स्पेन से दूसरी बार हार का सामना करना पड़ा। पूल चरण में भी भारत इस यूरोपीय टीम से 1-4 से हार गया था। भारत भुवनेश्वर में 2021 में हुए पिछले चरण में चौथे स्थान पर रहा था। स्पेन ने उत्तम सिंह की अगुआई वाली टीम पर जीत से इस वैश्विक टूनामेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की बराबरी की। उसने रोटरडम में 2005 चरण में भारत को पेनल्टी पर 6-5 से हराकर कांस्य पदक जीता था।स्पेन ने मैच में पूरी तरह से दबदबा बनाया हुआ था और अगर भारतीय गोलकीपर



मोहित शशिकुमार ने पहले हाफ के बाद कुछ बेहतरीन बचाव नहीं किए होते तो हार का अंतर और बड़ा हो सकता था। मोहित ने 33वें मिनट में दो शानदार बचाव किये जिससे स्कोर 1-1 से बराबर रहा। स्पेन के लिए अल्वारेज ने गोल की शुरूआत की और तीन मिनट बाद भारत ने सुनील जोजो के पेनल्टी कॉर्नर पर किए गए गोल से बराबरी हासिल की जबकि पहले प्रयास में स्पेनिश गोलकीपर ने इसे बचा लिया था।

# हरियाणा ने जीता विजय हजारे ट्रॉफी का खिताब

**एजेंसी**

**राजकोट।** हरियाणा की टीम ने विजय हजारे ट्रॉफी 2023 का खिताब जीत लिया है। राजकोट के सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेले गए फाइनल में हरियाणा ने राजस्थान को 30 रन से हरा दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए हरियाणा ने 50 ओवर में आठ विकेट गंवाकर 287 रन बनाए। अंकित कुमार ने सबसे ज्यादा 88 रन की पारी खेली।जवाब में राजस्थान की टीम 257 रन पर सिमट गई। एक वक्त टीम का स्कोर 201 रन पर चार विकेट था और लग रहा था कि राजस्थान की टीम मैच जीत जाएगी। हालांकि, ऐसा नहीं हुआ। 201 पर पांचवां विकेट गिरते ही पूरी टीम 257 रन पर लुढ़क गई। राजस्थान के लिए अभिजीत तोमर ने सबसे ज्यादा 106 रन बनाए।



#### हरियाणा की टीम बनी चैंपियन

हरियाणा की टीम पहली बार विजय हजारे ट्रॉफी के फाइनल में पहुंची थी और पहली बार में ही उसने खिताब पर कब्जा जमाया। वहीं, राजस्थान की टीम इससे पहले 2006-07 में फाइनल में पहुंची थी, जहां उसे मुंबई के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। अब एक बार फिर राजस्थान की टीम फाइनल में हार गई।

#### हरियाणा की पारी

पहले बल्लेबाजी करते हुए हरियाणा की शुरूआत खराब रही थी। युवराज सिंह एक रन बनाकर आउट हुए थे। इसके बाद अंकित ने हिमांशु राणा के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 40 रन की साझेदारी निभाई। हिमांशु 10 रन बनाकर चलते बने। कप्तान अशोक मनेरिया ने फिर अंकित के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए 124 रन की साझेदारी निभाई। अंकित 91 गेंद में 12 चौके और एक छक्के की मदद से 88 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, मनेरिया ने कप्तानी पारी खेली। वह 96 गेंद पर आठ चौके की मदद से 70 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे और टीम 287 के स्कोर तक पहुंचने में कामयाब रही। रोहित प्रमोद शर्मा ने 20 रन, निशांत सिंधु ने 29 रन, राहुल तेवतिया ने 24 रन और हर्षल पटेल ने दो रन बनाए। सुमित कुमार 16 गेंद में 28 रन बनाकर नाबाद रहे। राजस्थान की ओर से अनिकेत चौधरी ने सबसे ज्यादा चार विकेट लिए। वहीं, अराफात खान को दो विकेट मिले। राहुल चाहर को एक विकेट मिला।

#### राजस्थान की पारी

288 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान की टीम की शुरूआत बेहद खराब रही। राम मोहन चौहान एक रन और महिपाल लोमरोर दो रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद कप्तान दीपक हुड्डा खाता खोले बिना पवेलियन लौटे। करन लांबा 20 रन बनाकर आउट हुए। 12 रन पर राजस्थान के तीन विकेट गिर चुके थे और 80 पर चौथा झटका लगा था। इसके बाद अभिजीत ने कुणाल सिंह राठौड़ के साथ मिलकर पांचवें विकेट के लिए 121 रन की साझेदारी निभाई।

